kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-334 | शनिवार, 04 जनवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम विश्व पटल पर अमिट छाप छोड़ रहे हैं। नव वर्ष के पावन अवसर पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) को गइइए (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा घोषित परिणामों में इ++ ग्रेड प्राप्त हुआ है।

ब्रजेश पाठक


कला साध्य भी है, आराध्य भी है : मोहन यादव 11

दिल्ली-एनसीआर में छाया घना कोहरा रेल और हवाई सफर में खलल 11


## संक्षेप

### अमित शाह ने द्वीप विकास एजेंसी की बैठक की अध्यक्षता की

नई दिल्ली । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में द्वीप विकास एजेंसी (आईडीए) की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की। द्वीप विकास एजेंसी ने द्वीपों के समग्र विकास कार्यक्रम की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। गृह मंत्रालय के अनुसार बैठक में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल (रि.) डीके जोशी, लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल, केंद्रीय गृहसचिव गोविंद मोहन, गृह, वाणिज्य, जनजातीय मामले, पर्यावरण एवं वन, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, दूरसंचार, शिपिंग, जल संसाधन, पृथ्वी विज्ञान, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालयों के सचिव और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### जंगल की आग से जूझ रहे बोलीविया की मदद के लिए भारत ने भेजी सहायता

नई दिल्ली। भारत ने जंगल की आग से जूझ रहे बोलीविया की मदद के लिए अग्निशमन से जुड़ी मानवीय सहायता भेजी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि मानवीय सहायता में अग्निशमन उपकरण, प्राथमिक चिकित्सा किट, दवाइयां और अन्य उपयोगी वस्तुएं हैं। इसमें कुल मिलाकर 16 टन अग्निशमन उपकरण और संबंधित राहत सामग्री भेजी जा रही है। यह सहायता वनों में लगने वाली आग के कारण होने वाले पर्यावरणीय संकट और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने में भी मदद करेगी।

### प्रधानमंत्री शनिवार को दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह करीब 10:30 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर उक्त जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि ग्रामीण भारत की उद्यमशीलता की भावना और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए, महोत्सव 4 से 9 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसका विषय 'विकसित भारत 2047 के लिए एक लचीले ग्रामीण भारत का निर्माण' और आदर्श वाक्य होगा ल्लगांव बढ़े, तो देश बढ़े।

महोत्सव का उद्देश्य विभिन्न चर्चाओं, कार्यशालाओं और मास्टरक्लास के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाना और ग्रामीण समुदायों के भीतर नवाचार को बढ़ावा देना है। इसके उद्देश्यों में वित्तीय समावेशन को संबोधित करके और टिकाऊ कृषि प्रथाओं का समर्थन करके उत्तर-पूर्व भारत पर विशेष ध्यान देने के साथ ग्रामीण आबादी के बीच आर्थिक स्थिरता और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देना शामिल है।

प्रधानमंत्री का केजरीवाल पर तंज, कहा- मैं भी 'शीश महल' बनवा सकता था, लेकिन 4 करोड़ लोगों को घर देकर उनके सपने पूरे किए

# 'आप-दा' से घिरी दिल्ली : मोदी

10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी 'आप-दा' से घिरी है



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

**उपलब्धि**

- प्रधानमंत्री ने1,675 फ्लैट की चाबी लाभार्थियों को सौंपने के बाद रामलीला मैदान में जनसभा को किया संबोधित
- देश अच्छी तरह जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया। मैं भी अपने लिए शीश महल बनवा सकता था लेकिन पिछले 10 सालों में मैंने 4 करोड़ से ज़्यादा लोगों को घर देकर उनके सपने पूरे किए हैं

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आआपा सरकार को 'आप-दा' की संज्ञा देते हुए कहा कि पिछले 10 सालों से राष्ट्रीय राजधानी आपदा से घिरी हुई है। उन्होंने दिल्लीवालों से इसे बदलने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री अशोक विहार में झुग्गी-झोपड़ी वालों के लिए बनवाए गए स्वाभिमान अपार्टमेंट में 1,675 फ्लैट की चाबी लाभार्थियों को सौंपने के बाद रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को 4500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा दिया। इसमें जेजे क्लस्टर के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैट, स्कूल और कॉलेजों से जुड़े प्रोजेक्ट हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश अच्छी तरह जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया। मैं भी अपने लिए शीश महल बनवा सकता था, लेकिन पिछले 10 सालों में मैंने 4 करोड़ से ज़्यादा लोगों को घर देकर उनके सपने पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री ने झुग्गी के बदले फ्लैट पाने वालों से अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि स्वाभिमान अपार्टमेंट गरीबों के स्वाभिमान को बढ़ाने वाला है। उनका कहा कि झुग्गी के बदले फ्लैट पाने वाले भले ही दिल्ली के अलग-अलग स्थानों के हैं लेकिन वे सभी मोदी का परिवार हैं। आआपा प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अन्ना हजारे को आगे रखकर कुछ 'कट्टर बेईमान' लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आपदा' की ओर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली पर एक 'आप-दा' की तरह आई है। ये लोग खुलेआम भ्रष्टाचार करते हैं और इसका जश्न भी मनाते हैं। ये और कुछ नहीं, 'चोरी, ऊपर से सीनाजोरी' है। दिल्ली पर 'आपदा' का संकट आ गया है। इसलिए ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली को 4500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा दिया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के अशोक विहार में आयोजित एक कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को 4500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा दिया। इसमें जेजे क्लस्टर के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैट, स्कूल और कॉलेजों से जुड़े प्रोजेक्ट हैं। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, वे दिल्ली के लोगों को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। प्रधानमंत्री ने सभी के लिए आवास की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप आज अशोक विहार में झुग्गी-झोपड़ी वालों के लिए बनवाए गए स्वाभिमान अपार्टमेंट में 1,675 फ्लैट का उद्घाटन किया। इनका निर्माण इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी इन फ्लैटों का उद्घाटन ● शेष पेज 11 पर

## दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्ज़ा नहीं : केजरीवाल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



**कटु वचन**

- केजरीवाल का प्रधानमंत्री पर पलटवार, प्रेस कांफ्रेंस में निकाली भड़ास

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज संवाददाता सम्मेलन में थोड़ा असहज नजर आए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल्ली में विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को अपने कटु वचनों से तार-तार करने की कोशिश की। केजरीवाल ने तल्ख लहजे में कहा कि आज प्रधानमंत्री करीब 43 मिनट के भाषण में से 39 मिनट दिल्ली के लोगों और उनके द्वारा चुनी गई सरकार के बारे में बोले। 2015 में दिल्ली के लोगों ने दिल्ली के लिए दो सरकारें चुनी थीं। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्ज़ा नहीं है, इसलिए कुछ मुद्दे केंद्र और कुछ दिल्ली सरकार के अधीन आते हैं। उसे अब 10 साल हो गए। दिल्ली सरकार ने इस 10 साल में कितने काम किए, अगर हम गिनाएं तो तीन घंटे भी कम पड़ जाएंगे।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि इस दौरान केंद्र सरकार ने एक भी ऐसा काम नहीं किया, जो प्रधानमंत्री आज अपने भाषण में गिनाकर गए होते। अगर वो दस साल में काम किए होते तो काम गिनाते। 2020 ● शेष पेज 11 पर

### राजस्थान के उदयपुर में नेशनल हाईवे पर ट्रेलर ने टेम्पो को मारी जोरदार टक्कर, पांच की मौत, नौ घायल


उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले के गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि लोग घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब एक ट्रेलर ने ब्रेक फ़ेल हो जाने के कारण तेज गति से एक टेम्पो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए 9 लोगों में से 8 को गंभीर हालत में उदयपुर रेफर किया गया है।

हादसा मालवा का चौरा पुलिया के पास हुआ, जहां सालेरिया गांव से टेम्पो चालक सवारियां लेकर हाईवे पर आया था। टेम्पो देवला की ओर जा रहा था। इस बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने टेम्पो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेम्पो में सवार यात्री उछलकर बाहर जा गिरे और टेम्पो पूरी तरह पिचक गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से भाग निकला। हादसे में 4 महिलाओं और एक 13 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। इनमें चार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नाबालिग ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हाईवे पेट्रोलिंग ऑफिसर भगवत सिंह झाला के अनुसार, टेम्पो में कुल 14 लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि घायलों को तुरंत एंबुलेंस के जरिये अस्पताल भेजा गया लेकिन इस बीच पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद शव घंटों तक सड़क पर पड़े रहे, जिससे यातायात बाधित हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया और हाईवे पर सुरक्षा इंतजाम बेहतर करने की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन ● शेष पेज 11 पर

## अजय कुमार भल्ला ने ली मणिपुर के राज्यपाल पद की शपथ

एजेंसी



इंफाल। केन्द्रीय गृह सचिव रह चुके अजय कुमार भल्ला ने शुक्रवार को मणिपुर के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भल्ला को मणिपुर राइफल्स के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राजभवन में आयोजित शपथग्रहण समारोह में मणिपुर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी. कृष्णकुमार ने अजय कुमार भल्ला को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि असम-मेघालय कैडर के 1984 बैच के आईएएस अधिकारी अजय कुमार भल्ला पंजाब के जालंधर से आते हैं। अजय भल्ला, हाल ही में केंद्रीय गृह सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और अब मणिपुर में राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे। वे लक्ष्मण प्रसाद आचार्य की जगह लेंगे। केंद्रीय गृह सचिव के रूप में भल्ला का कार्यकाल अगस्त 2024 में खत्म हुआ। उन्होंने अगस्त 2019 में गृह सचिव के रूप में पदभार संभाला था और इस पद पर उनका कार्यकाल सबसे लंबा रहा। केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर भल्ला ने देश के सुरक्षा, आंतरिक मामलों और कई संवेदनशील मामलों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। भल्ला की नियुक्ति ऐसे समय में मणिपुर के राज्यपाल के रूप में हुई है, पूरा राज्य जातीय ● शेष पेज 11 पर

### डॉ. मनमोहन सिंह की याद में घर पर अखंड पाठ आयोजित, सोनिया और खरगे हुए शामिल

नई दिल्ली । पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार द्वारा शुक्रवार को उनकी स्मृति में उनके आवास पर अखंड पाठ रखा गया। परिवार के सदस्यों तथा रिश्तेदारों के अलावा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इस अवसर पर मौजूद रह कर डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। खरगे ने इस अवसर पर डॉ. सिंह को याद करते हुए कहा कि उनकी स्मृतियां हमेशा हमारे दिल में रहेंगी। उनकी सादगी, सरलता और आदर्श सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर सोनिया गांधी ने डॉ. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरुशरण कौर का हाथ थामते हुए हमेशा उनका साथ देने का भरोसा दिलाया। आज अपराह्न तीन बजे के बाद नई दिल्ली स्थित गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में भी शबद कीर्तन और अंतिम अरदास की जाएगी। डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर, 2024 को 92 वर्ष की आयु में दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया था। 28 दिसंबर को पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार ● शेष पेज 11 पर

## यूपी में 46 आईएएस अफसरों का तबादला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फ़ेर बदल हुआ है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने गुरुवार की देर रात 46 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया है। गृह विभाग की जिम्मेदारी फिर से आईएएस अफसर संजय प्रसाद को सौंपी गई है। दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव गृह, वीज़ा, पासपोर्ट, सतर्कता विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रभार से अवमुक्त करते हुए प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के पद का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया।

एल वेंकटेश्वर लू को वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव समाज कल्याण तथा सैनिक कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन- जनजाति विकास उत्तर प्रदेश प्रबंध निदेशक यूपी सिडको निदेशक अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा-छत्रपति शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश के पद का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया।

राजेश कुमार सिंह-प्रथम को प्रमुख सचिव होमगार्ड बनाया गया। बीएल मीणा को प्रमुख सचिव होम गार्ड के प्रभार से मुक्त किया गया। वह प्रमुख सचिव उद्यान रेशम खाद्य प्रसंस्करण पता होमगार्ड विभाग के प्रमुख सचिव बने रहेंगे। आलोक कुमार द्वितीय प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोंद्योग खादी एवं ग्रामोद्योग, सार्वजनिक उद्यम, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा महानिदेशक सार्वजनिक उद्यम उत्तर प्रदेश के प्रभाव से मुक्त करते हुए प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन के पद का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया। नरेंद्र भूषण प्रमुख सचिव पंचायतीराज विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रभाव से अवमुक्त करते हुए प्रमुख सचिव प्रबुद्ध शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के पद का प्रभार प्रदान किया गया। वीणा कुमारी मीना प्रमुख सचिव आयुष विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रभाव से मुक्त किया गया। संजय प्रसाद वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव गृह गोपन वीज़ा पासपोर्ट सतर्कता विभाग उत्तर प्रदेश शासन के पद का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया। अनिल ● शेष पेज 11 पर

## नक्सल एनकाउंटर में 3 नक्सली ढेर



एजेंसी

**सोरनामाल जंगल में 300 जवानों ने चक्रव्यूह बनाकर नक्सलियों को घेरा**

रायपुर । सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में तीन नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी ) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। इस नक्सल ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-ओडिशा के करीकब 300 जवान मौके पर मौजूद रहे। मौके से शव और आटोमेटिक हथियार बरामद किये गये हैं। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा से लगे सोरनामाल जंगल में चक्रव्यूह बनाकर नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। इससे नक्सली भाग नहीं पाये। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। बताया जाता है कि ये नक्सली बस्तर से भागकर गरियाबंद में घुसे थे। पुलिस नक्सली मुठभेड़ के बाद अभी भी सर्चिंग ऑपरेशन ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

## जनता की समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



**जनता दर्शन**

- प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया

गोरखपुर। शुक्रवार को कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नए साल के पहले जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम ● शेष पेज 11 पर

### प्राकृतिक विधि के जल शोधन से नदी की शुद्धि के साथ करोड़ों की बचत : मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राप्ती नदी में गिरने वाले नालों के प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन की 2 करोड़ 70 लाख रुपये की नगर निगम की परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक विधि से जल शोधन से नदी की शुद्धि के साथ करोड़ों रुपए की बचत भी होगी। इसमें न तो बिजली का खर्च आएगा और न ही मेंटिनेंस का। तकियाघाट पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में राप्ती नदी अविरल एवं निर्मल रहे, उसका जल स्वच्छ एवं सुंदर रहे, इसके लिए जो प्रयास नगर निगम ने किया है वह सराहनीय है। यह बहुत बड़ा काम हुआ है। यह कार्य उर्वरता और जीवन को बचाने के लिए हुआ है। सीएम ने कहा कि महापुरूषों ने जल को जीवन ● शेष पेज 11 पर

### पुलिस मुठभेड़ में गोकशी के दो हिस्ट्रीशीटर आरोपित गिरफ्तार

मुरादाबाद। जिले के थाना मैनाठेर क्षेत्र में पुलिस और स्पेशल आपरेशन ग्रुप ने शुक्रवार तड़के मुरादाबाद ओर अमरोहा निवासी गोकशी के दो हिस्ट्रीशीटर आरोपितों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों ने पुलिसकर्मी पर गोली चलाई। जवाब में पुलिस की फायरिंग में दोनों आरोपितों के पैर में गोली लगी। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि थाना मैनाठेर पुलिस और स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना मैनाठेर क्षेत्र में गोकशी के दो हिस्ट्रीशीटर आरोपित मुरादाबाद के कुंदरकी थाना क्षेत्र निवासी अकरम और अमरोहा जनपद के थाना सैदनगली निवासी राहत उर्फ पिल्ला गोकशी की घटना को अंजाम देंगे। इसके बाद पुलिस व एसओजी टीम ने घेराबंदी कर अकरम और राहत को रोकने का प्रयास किया। दोनों आरोपितों ने पुलिस पर गोली चलाई। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक देहात ने आगे बताया कि दोनों के पैर में गोली लगी। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया ● शेष पेज 11 पर

# चंदन हत्याकांड : विवेचक और अभियोजन अधिकारियों को किया जाएगा पुरस्कृत : डीजीपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जनपद कासंगज में तिरंगा यात्रा के दौरान हुई हिंसा में चंदन गुप्ता की हत्या के मामले में एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायधीश ने 28 दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट के फैसले के बाद उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अपने बयान में कहा कि ?इस मामले से जुड़े विवेचक और अभियोजन अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। जनपद में 26 जनवरी 2018 को कासगंज के मो. बड्डूनगर में तिरंगा यात्रा के दौरान मारपीट व पथराव की घटना होने पर शांन्ति व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो गयी। अभिषेक उर्फ चंदन गुप्ता नाम के व्यक्ति की गोली लगने से मृत्यु हो गयी थी, जिससे सम्बन्धित तहरीर प्राप्त होने पर थाना कासगंज पर मुकदमा दर्ज किया गया था। राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने पर अभियुक्त सलीम आदि 20 नफर के विरुध्द मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित घटित घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल की बारामदगी से सम्बन्धित सात अभियोग पंजीकृत किये गये। एनआईए कोर्ट की विशेष न्यायाधीश ने गुरुवार को इस मामले में 28 आरोपितों को दोषी करार दिया है। एक अभियुक्त अजीजुद्दीन की मृत्यु हो चुकी है तथा दो अभियुक्तों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त किया गया हैं। कोर्ट ने शुक्रवार को सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

सभी अभियुक्त मुस्लिम समुदाय के हैं। इस प्रकरण में राष्ट्रीय ध्वज के अपमान पर भी कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई है। सजा सुनाये जाने के बाद उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बयान जारी कर कहा कि इस केस में विवेचक और अभियोजन अधिकारियों की अहम भूमिका रही, इसलिए इनको पुलिस विभाग सम्मानित करेगा।

# महाकुम्भ में पूरे सेवा भाव से अपनी सेवाएं देने में जुटा रेलवे प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महाकुम्भ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर खानपान सामग्री में नजर आएगी स्वच्छता

करछना प्रयागराज । सनातन आस्था के सबसे बड़े समागम को सफल बनाने लिए डबल इंजन की सरकार पूरे मनोयोग से जुटी हुई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगी सरकार के साथ ही केंद्र सरकार भी कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। रेलवे भी यात्रियों की सुविधाओं को लेकर लगातार अपनी सेवाओं में विस्तार कर रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल ने सभी कैटरिंग स्टाल लाइसेंस धारकों को खानपान सामग्री में स्वच्छता के साथ निर्धारित शुल्क पर बिक्री करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त सभी स्टॉल्स पर सामान सुव्यवस्थित ढंग से रखने, कर्मचारियों को उचित ड्रेस और नेम प्लेट लगाने के साथ ही श्रद्धालुओं को विनम्र व्यवहार के लिए कहा गया है।

सेवाभाव के साथ मिलेंगी सर्वोत्तम सेवाएं

प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग हिमांशु शुक्ला ने कहा कि महाकुम्भ 2025 में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज में दर्शन एवं स्नान के लिए आ रहे हैं। इनमें से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रेल से यात्रा करते हैं। रेलवे के लिए सेवभाव के साथ अपनी सर्वोत्तम सेवाएं प्रस्तुत करने की अहम जिम्मेदारी है और रेलवे इसके लिए पूर्ण रूप से तैयार है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग ने सभी कैटरिंग स्टाल लाइसेंस धारकों को खानपान सामग्री में स्वच्छता के साथ निर्धारित शुल्क पर बिक्री करने के निर्देश दिए हैं। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सभी स्टाल पर समान सुव्यवस्थित ढंग से रखे हों, कर्मचारियों के परिधान उचित हों, नेम प्लेट लगी हो और व्यवहार विनम्र हो। सभी प्रकार के स्टॉल्स एवं यात्री सुविधाओं के नियमित और औचक निरीक्षण भी किए जाएंगे। सभी खानपान सेवा देने वाले लाइसेंस धारकों को अपने बेस किचिन का विवरण तत्काल उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक ने सभी लाइसेंस धारकों को स्टॉल्स पर विजिटर बुक रखने का निर्देश दिया है और अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कर्मचारियों और लाइसेंस धारकों के सुझावों को भी आमंत्रित किया गया है।

प्रतिदिन 10 लाख टिकट किए जाएंगे वितरित

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग ने कहा कि महाकुम्भ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 13000 से अधिक गाड़ियां चलाई जाएंगी। 10,000 से अधिक नियमित गाड़ियां एवं 3000 से अधिक विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूंसी सहित कुल 9 रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ मेला क्षेत्र में यूटीएस, एटीवीएम, एमयूटीएस, पूछतांछ और पीआरएस सहित कुल 560 टिकटिंग पॉइंट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें 132 काउंटर प्रयागराज जंक्शन पर बनाए जा रहे हैं। इन काउंटरों से प्रतिदिन लगभग 10 लाख टिकट वितरित किए जा सकेंगे । रेलवे ने कुम्भ मेल के दृष्टिगत अब अग्रिम रेलवे टिकट 15 दिन पूर्व लेने की सुविधा शुरू कर दी गई है। रेलवे ने 01 नवंबर, 2024 से टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 जारी किया है। 01 जनवरी, 2025 से यह चौबीसों घंटे प्रति शिफ्ट चार ऑपरेटरों द्वारा संचालित किया जा रहा है और मेला अवधि के दौरान उड़िया, तमिल / तेलगु, मराठी और बांग्ला जैसी भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए बहुभाषी उदघोषणा प्रणाली शुरू की जा रही है। बहुभाषी उदघोषणा प्रणाली के माध्यम से महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं को यात्रा संबंधित जानकारियां 12 भाषाओं (हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी, तामिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला, उड़िया, पंजाबी एवं असमिया) में उद्घोषित की जाएंगी।

# बेजुबानो के धन में भी हो रहा बंदर बाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव (प्रयागराज ) । सामाजिक कार्यकर्ताओ का आरोप है की कोरांव तहसील क्षेत्र मे संचालित होने वाले अधिकांश गौशालाओ मे गंदगी का अम्बार लगा हुआ है देखने सें ऐसा लगता है महीनो मे कभी कभार ही साफ सफाई करवाया जाता है उसी गोबर गंदगी मे जो चारा भूसा रुखा सूखा आता है उसी मे रख देते है फिर गौशालाओ मे रह रहे गाय, बैल, बछडा उसी गंदगी मे लिपटा हुआ अपना पेट भरते है समय समय पर उनका ढंग सें इलाज भी मुहैया नहीँ करवाया जाता जिससे आयेदिन गौशाला मे रहे रहे गाय, बैल, बछडा की मौत भी होता रहता है लेकीन बचने के लिए जिस पशु की मौत होती है उसका टैग निकाल कर बाहर सें मवेसी लाकर टैग पहना देते है जिसकी मौत हो जाती है उनको जेसीबी सें गड्ढा खुदवाकर उसी गड्ढे मे दफन कर ऊपर सें मिट्टी डालकर लेबल करवा दिया जाता है जबकि सरकार द्वारा प्रतिदिन के हिसाब सें पशुओ के लिए पर्याप्त धन भी आता है जिससे उनको रहने खाने आदि मे कोई ब्यवस्था मे कमी न रहे लेकीन जिम्मेदार गौशालाओ मे रह रहे मवेसी को आदमी लगाकर बाहर ले जाकर चरवाते है फिर गौशाला मे लाकर पुनः अंदर कर देते है चारा भूसा का पैसा आपस मे बंदर बाट कर लेते है जहाँ ब्यवस्था है भी वहाँ सड़ा पियरा ज्यादातर गौशाला मे मवेसी को खिलाते है जिससे आयेदिन पशु बीमार भी होते है इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है इसके बावजूद स्वथ्य रहने के लिए जिम्मेदार द्वारा ब्यवस्था गौशालाओ मे नहीँ कराया जा रहा इसके अलावा भारी संख्या मे रत्योरा मोड़, बड़ोखर, देवीबाँध, लेडियारी, खीरी, आदि गांव बाजार मे सड़को पर खुले आसमान मे जीवन बिना चारा, पानी, भूसा के बिता रहे है जिससे आयेदिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है लेकीन तहसील ब्लाक स्तर पर बैठे अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी सें नहीँ निभा रहे केवल कागज़ की खानापूर्ति कर जिले सें लेकर शासन तक गुमराह कर रहे है जब कोई गौशाला सें संबधित खबर भी प्रकाशित होता है तो लेटर जारी कर खानापूर्ति कर ठन्डे बस्ते मे डाल दिया जाता है इस मामले मे खंड विकास अधिकारी कोरांव को संपर्क किया गया लेकीन फोन नहीँ लगा।

**ठंड सें ठिठुर रहे बेजुबान, नहीँ है गौशालाओ मे समुचित ब्यवस्था**

**अधिकंाश गौशालाओ मे नहीँ रहता साफ सफाई**

**गौशाला के नाम पर कोरांव मे मची लूट**

## मुरादाबादः नर्सरी से आठ तक के विद्यालयों का अवकाश 14 जनवरी तक

मुरादाबाद। जिला अधिकारी अनुज सिंह के आदेश पर जनपद में अत्यधिक शीत लहर के कारण कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक का अवकाश 14 जनवरी तक घोषित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में अत्यधिक शीत लहर के चलते यह अवकाश घोषित किया गया है। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक के समस्त परिषदीय सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शामिल है।

# करछना तहसील में सेवानिवृत्त संग्रह अमीनों की भावुक पल में हुई विदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज तहसील करछना में कार्यरत रहे संग्रह अमीनो में कृष्ण कुमार मिश्र, अब्दुल रब,एवं शिवपति राजस्व विभाग में संग्रह अमीन के पद पर कार्यरत थे जिनका शुक्रवार को तहसील सभागार में सेवानिवृत होने पर राजस्व कर्मियों ने भावुक पल में उपहार देकर विदा किया इस मौके पर राजस्व कर्मियों ने उनके बीते दिनों को याद करते हुए अपने विचार रखें और उपस्थित राजस्व कर्मियों ने सेवा निवृत संग्रह अमीनो को उपहार स्वरूप देकर भावुक एवं गमगीन माहौल में विदा किया इस मौके पर नायब तहसीलदार नैनी , नायब तहसीलदार मध्य ,सौरव पांडे शशि भूषण सिंह मंत्री संजय सिंह श्रवण कुमार सिंह सुधाकर मिश्र विजय शुक्ला कृष्ण कुमार गुप्ता सिद्धार्थ नाथ सिंह सही समस्त राजस्व कर्मी उपस्थित रहे ।

# खंभे में टकराने से दो मोटरसाइकिल सवार घायल एक की हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बारा, प्रयागराज । शंकरगढ थाना क्षेत्र के बसहरा उपहार में खंभे से टकराने से दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गए,जिसमें एक की हालत गंभीर है। क्षेत्र के बसहरा उपरहार गांव में कुत्ते को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार बिजली के खंभे से टकरा गए।चंदयी खटिया थाना सोहागी जिला रीवा का छोटू 35 वर्ष जूही के अपने रिश्तेदार? पंचलाल के साथ अपनी बहन के गांव देवखरिया गया था। वापस घर जाते समय जैसे ही वह बसहरा उपहार के पास पहुंचे सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने के चक्कर में वह बिजली के खंभे से टकरा गए। जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे। जिसमें पंचलाल को तो हल्की चोटे आई हैं। लेकिन छोटू को गंभीर चोटें आई है। उसके नाक और कान से खून बह रहा है। लोगों द्वारा 108 नंबर को सूचना दी गई। इस पर 108 नंबर एंबुलेंस पहुंचकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद छोटू को एस आर एन के लिए रेफर कर दिया गया।

# टीवीएस सिस्टम से लैस हुए मेट्रो के सभी भूमिगत स्टेशन

एजेंसी



कानपुर । कानपुर मेट्रो के चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक सभी भूमिगत स्टेशनों में टनल वेंटिलेशन सिस्टम (टीवीएस) को स्थापित करने का काम पूरा कर लिया है। यह टीवीएस सिस्टम आग लगने की घटना में धुएं को नियंत्रित करेंगे और मेट्रो के चलने के दौरान ब्रेक लगाए जाने पर जो गर्मी निकलेगी वह प्लेटफार्म के वातावरण में मिश्रित नहीं होने पाएगी।

मेट्रो के भूमिगत सेक्शन में जमीन से लगभग 16 मीटर नीचे मेट्रो परिचालन के दौरान यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टीवीएस सिस्टम की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस सिस्टम का जाल भूमिगत स्टेशन के सभी तलों, कॉनकोर्स और प्लेटफॉर्म से लेकर टनल्स तक फैला होता है। भूमिगत स्टेशनों के लगभग 30 प्रतिशत से भी अधिक हिस्से पर तकनीकी कक्षों में इस सिस्टम से जुड़े उपकरण जैसे टनल वेंटिलेशन फैन, ट्रैकवे एग्जॉस्ट फैन, डैम्पर्स आदि इंस्टॉल किए गए हैं।

टीवीएस सिस्टम आग लगने जैसी दुर्घटना के दौरान के उसके पंखे धुएं की आवाजाही को नियंत्रित करते हैं, जिससे यात्रि?यों की सुरक्षित निकलने में मदद मिलती है। एयर कंडीशनर से निकलने वाली गर्म हवा और ब्रेक लगने के दौरान उत्पन्न गर्मी को कैप्चर कर प्लेटफॉर्म के वातावरण में मिश्रित होने से रोकने का काम करते हैं। टनल के अंदर ट्रेन के साथ आ रहे हवा के प्रेशर को दूसरे टनल की तरफ स्थानांतरित करने के लिए भी इनका प्रयोग किया जाता है। एयर हैंडलिंग यूनिट या एएचयू गर्मियों के दौरान ट्रैकवे एग्जॉस्ट फैन से और सर्दियों में सीधे पर्यावरण से ताजी हवा एकत्र कर अंडरग्राउंड स्टेशन में प्रसारित करने का कार्य करता है। कानपुर सेंट्रल में टनल वेंटिलेशन सिस्टम के तहत 3 ट्रैकवे एग्जॉस्ट फैन्स, 4 टनल वेंटिलेशन फैन्स और 2 एयर हैंडलिंग यूनिट्स लगाए गए हैं। मेट्रो के महाप्रबंधक सुशील कुमार ने शुक्रवार को बताया कि चुन्नी गंज से कानपुर सेंट्रल तक सभी भूमिगत अंडरग्राउंड स्टेशन चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज और कानपुर सेंट्रल में यह सिस्टम इंस्टॉल कर दिया गया है।

टीवीएस सिस्टम अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए फ़ेफड़ों की तरह काम करता है और आग लगने जैसी आपात परिस्थितियों में यात्रियों को सुरक्षित निकालने में इसकी सबसे अहम भूमिका होती है।

## उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम विश्व पटल पर अमिट छाप छोड़ रहे हैं। नव वर्ष के पावन अवसर पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) को गइइए (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा घोषित परिणामों में इ++ ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह हम सभी के सम्मिलित प्रयासों का परिणाम है। ब्रजेश पाठक ने इस उपलब्धि के लिए संस्थान के सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह प्रतिष्ठित संस्थान और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## शीतलहर का कहर जारी ठंड लगने से यात्री की हुई मौत

जालौन। इन दिनों शीत लहर का कहर जारी है और इसी के चलते शुक्रवार को ट्रेन में सफर करने वाले एक यात्री की मौत हो गई। वह मेमो ट्रेन से यात्रा कर रहा था। ठंड से उसकी तबीयत खराब हो गई। यात्रियों ने उरई रेलवे स्टेशन पर उसकी स्थिति देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे उतार कर रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, यह घटना उरई रेलवे स्टेशन पर हुई। यात्री राम शाह चौहान, जो गोंडा जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के गांव पड़ियापुर का रहने वाला था। कानपुर से झांसी जा रहा था। यात्रा के दौरान उसे ठंड लग गई। उसकी हालत बिगड़ने लगी। उरई स्टेशन पर उतरने के बाद वह अचानक कांपने लगा। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## आईआईटी ने चौथी बार आईपीआर दाखिल करने का बनाया नया कीर्तिमान


कानपुर। आईआईटी कानपुर 2024 में 152 इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) दाखिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एक साल में दाखिल किए गए सबसे अधिक आईपीआर के साथ संस्थान लगातार चौथे साल अपनी बढ़त को बनाने में कामयाब रहा। अब तक कुल बारह सौ आईपीआर दाखिल करने के साथ उद्योग भागीदारों के लिए अपनी असाधारण लाइसेंसिंग दर को भी बनाए रखा है। आईपीआर फाइलिंग में अत्याधुनिक तकनीक के कई क्षेत्र शामिल हैं जिसमें मेडटेक और नैनोटेक्नोलॉजी शामिल हैं। कुछ आविष्कारों में दवा वितरण के लिए एक ट्रांसडर्मल पैच, क्रिप्टोग्राफिक एक्सेलेरेशन के लिए क्रिप्टोसेलर और एक चॉप सॉ मेटल-कटिंग मशीन शामिल है। जिससे पेटेंट में एक हाइब्रिड-संचालित इलेक्ट्रिक टॉवर कार और दरार वृद्धि को मापने के लिए एक कॉन्टैक्टलेस ऑटोमेटेड टूल शामिल है। इसके अलावा संस्थान ने सात प्रौद्योगिकियों के लिए लाइसेंस ट्रांसफर किये है और दो ग्राउंड-ब्रेकिंग उत्पा एयर सैंपलिंग डिवाइस और मेटामटेरियल क्लोकिंग सिस्टम लॉन्च किए हैं। जो अनुसंधान को मूर्त समाधानों में बदलने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने शुक्रवार को बतायाा कि साल 2024 में 152 आईपीआर फाइलिंग हासिल करना और स्वीकृत पेटेंट में उल्लेखनीय वृद्धि देखना, अनुसंधान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने के लिए अग्रणी अनुवादात्मक अनुसंधान के लिए आईआईटी कानपुर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम अपने शोधकर्ताओं, सरकार अन्य हितधारकों और संस्थान के आईपीआर सेल के आभारी हैं, जिन्होंने शिक्षा जगत से उद्योग जगत में प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने में उनकी अमूल्य भूमिका निभाई है।

## सनातन धर्म की आस्था ही कुम्भ परम्परा को आगे बढ़ाने का कर रहीं काम : बालकानंद गिरी

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ मे शासन और प्रशासन द्वारा तैयारी को लेकर जद्दोजहद की जा रही है। उसी कड़ी में महाकुम्भ मेला एसीपी दीपक शर्मा आनंद अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालका नंद गिरी महाराज से भेंट कर महाकुम्भ मेला सकुशल सम्पन्न हो इसके लिए आशीर्वाद लिया। इस दौरान कुम्भ मेला एसीपी दीपक शर्मा ने व्यवस्थाओं को लेकर तथा कुम्भ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाने का आश्वासन भी दिया। कहा कि कानून व्यवस्था को बनाने में अपना पूरा सहयोग देंगे। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालका नंद गिरी महाराज से इसी दौरान स्वामी आदि योगी ने भी भेट वार्ता कर आचार्य महामंडलेश्वर बालका नंद गिरी महाराज का आशीर्वाद लिया। महामंडलेश्वर बालका नन्द गिरी महाराज ने महाकुम्भ मेले कों देश विदेश के करोड़ों श्रद्धालु भक्तों की आस्था और विश्वास का पर्व बताते हुए कहा कि सनातन धर्म की आस्था ही महाकुम्भ मे इस परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं।

# निरंजनी अखाड़े की पेशवाई में हेलीकॉप्टर से होगी फूलों की वर्षा : रवींद्र पुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



-महाकुम्भ मेला सनातन धर्म की अद्भुत पहचान हैं : रवींद्र पुरी

महाकुम्भ नगर। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि महाकुम्भ मेले की दिव्यता और भव्यता को सुशोभित करते हुए निरंजनी अखाड़े की पेशवाई 4 जनवरी को छावनी में प्रवेश करेगी। पेशवाई में अपनी इस परम्परा में धनबल, जन बल, तन बल के साथ हाथी, घोड़े, ऊंट, बैंड बाजे और रथों के साथ हजारों नागा सन्यासी, सन्त महापुरुष पेशवाई की शोभा को बढ़ाते हुए छावनी में प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि निरंजनी अखाड़े की पेशवाई में हेलीकॉप्टर से संत महापुरुषों और श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा भी की जाएगी, जो पेशवाई में मुख्य आकर्षण का केंद्र भी रहेगी। उन्होंने कहा महाकुम्भ जैसे आयोजन सनातन धर्म संस्कृति विश्व की सबसे महान संस्कृति है। जिसमें सनातन धर्म को मानने वालों के लिए महाकुम्भ जैसे आयोजन बड़ा ही पुण्य कमाने का अवसर होता है जो उन्हें बारह वर्षों के बाद मिलता है। जिसके चलते आज महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन सनातन धर्म को विश्व विख्यात बना रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि निरंजनी अखाड़े की पेशवाई बाघम्बरी गद्दी से प्रारम्भ होकर नगर का भ्रमण करते हुए निरंजनी अखाड़े की छावनी में प्रवेश करेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाकुम्भ जैसे आयोजन में बड़ी ही सुंदर व्यवस्थाएं की गई हैं। जिसमें हर तरह की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि आज कुम्भ मेला क्षेत्र के हर कोने, हर मार्ग पर स्वच्छता दिखाई देती हैं। गंगा जल में स्नान, आचमन और गंगा जल के दर्शन मात्र से ही व्यक्ति का कल्याण हो जाता है। इसलिए प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है कि गंगा को निर्मल, अविरल और स्वछ रखने के साथ प्रदूषण मुक्त रखने में अपना योगदान दे।

इस अवसर पर अखाड़े के सचिव श्री महंत राम रतन गिरी, अर्जी वाले हनुमान गद्दी के महंत महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरी, महंत राधे गिरी, महंत ओमकार गिरी, महंत दिनेश गिरी, महंत राजगीरी, स्वामी सोमेश्वरानंद, स्वामी अनंतानंद, स्वामी ललितनंद गिरी, स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरिसहित कई संत महंत उपस्थित रहे।

## दिव्यांग राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्यों ने दिव्यांग बच्चों का हाल जाना,बातचीत की

वाराणसी। सर्द और गलन भरे मौसम में प्रदेश के दिव्यांग जनशक्तिकरण मंत्रालय के राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्यों ने शुक्रवार को रामनगर स्थित राजकीय बालिका और बाल गृह में रह रहे दिव्यांग बच्चों का हाल जाना। सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ उत्तम ओझा एवं डॉ संजय चौरसिया ने दिव्यांग बच्चों से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। दोनों सदस्यों ने गृह में बच्चों के शिक्षा एवं पुनर्वास की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई। डॉ उत्तम ओझा ने बताया कि सुधार गृह में लगभग 13 बच्चे दिव्यांग है। जिसमें बालक और बालिकाएं दोनों हैं। इसमें से कुछ मूक बधिर तो कुछ दृष्टिहीन हैं। बाकी अस्थि बाधित दिव्यांग है। डॉ ओझा ने बताया कि जल्द ही इन बच्चों के शिक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाएं की जाएगी। संजय चौरसिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा दी गई ।

# राज्यपाल ने एसजीपीजीआई लखनऊ को 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त करने पर दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष आनंदीबेन पटेल ने संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा 3.66 सी0जी0पी0ए0 (सात बिंदु स्केल पर) के साथ पहले प्रयास में ही 'ए प्लस प्लस' ग्रेड से मान्यता प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। यह मान्यता 02 जनवरी, 2025 से आगामी 05 वर्षों तक के लिए मान्य है। एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ प्रदेश का पहला चिकित्सा संस्थान है, जिसे नैक में 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में उच्च मानकों को दर्शाती है। राज्यपाल ने कहा कि यह उपलब्धि एस0जी0पी0जी0आई0 के समर्पित नेतृत्व, उत्कृष्ट शिक्षण, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार की दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने संस्थान के शिक्षकों, शोधकर्ताओं, कर्मचारियों और छात्रों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह मान्यता न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि उत्तर प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है। राज्यपाल ने एस0 जी0 पी0 जी0 आई0 से अपेक्षा की कि संस्थान इसी समर्पण और उत्कृष्टता के साथ भविष्य में भी कार्य करता रहेगा और स्वास्थ्य सेवाओं एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान की यह उपलब्धि राज्य और देश के मेडिकल क्षेत्र में एक नई प्रेरणा का संचार करेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 से अब तक राज्य के 08 राज्य विश्वविद्यालयों को 'ए प्लस प्लस' ग्रेड, 04 राज्य विश्वविद्यालयों को 'ए प्लस' ग्रेड तथा 01 राज्य विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही प्रदेश के 06 राज्य विश्वविद्यालयों को पी0एम0 ऊषा योजना के अंर्तगत प्रत्येक विश्वविद्यालय को 100-100 करोड़ की ग्रांट प्राप्त हुई है। प्रदेश में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0 जी0सी0)द्वारा कुल 05 विश्वविद्यालयों को श्रेणी-1 की मान्यता प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 06 विश्वविद्यालयों ने क्यू0एस0 एशिया रैंकिंग एवं क्यू0एस0 साउथ एशिया रैंकिंग में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है।

# मुख्य अभियंता उतरे मैदान में,15 स्थानों पर हुई छापेमारी

- 66 उपभोक्ताओं पर हुई बिजली चोरी में एफ़.आई.आर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक तथा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक के सख्त आदेश हैं की हर हाल में बिजली चोरी पर पूरी तरह से रोक लगायी जाए। उच्च अधिकारीयों के आदेश का पालन करते हुए बिजली विभाग के अधिकारीयों द्वारा लगातार छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र में मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के निर्देश पर मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राजभवन डिवीज़न के नरही क्षेत्र में कुछ लोगों ने बिजली विभाग की टीम को रेड डालने से रोकते हुए हंगामा शुरू कर दिया। लोगों द्वारा सरकारी काम में बाधा डालने और हंगामा करने की सूचना मिलते ही मुख्य अभियन्ता रवि कुमार अग्रवाल ख़ुद मौके पर पहुंच गए और टीम को पुलिस बल उपलब्ध करवाया जिसके बाद पुनः उसी स्थान पर चेकिंग शुरू करवायी गयी। मुख्य अभियंता के नेतृत्व में चलाया गया यह अभियान हुसैनगंज डिविजन, राजभवन, अमीनाबाद, राजाजीपुरम, ऐशबाग, अपट्रान, चौक, रेजिडेंसी व ठाकुरगंज डिवीजन में चलाया गया था। इस दौरान पुराना किला, बाल्दा, अर्जुनगंज नियर एलआईजी, चिकमंडी, नई बस्ती, पारा, शेखपुर, हबीबपुर, न्यू हैदरगंज, भदेवां, भरतपुरी बी, एल,डी,ए 1, नींबू बगिया, लकड़मण्डी, बावली, मसानी देवी मंदिर, पैदामी टोला, बिलाली मस्जिद, सुल्तानपुर गढ़हैय्या, वजीर बाग, दरगाह, सरगा पार्क, बिलोचपुरा, नक्खास, वजीरगंज, मवईया, बालागंज, चौपटिया, आजाद नगर व अहमद गंज आदि इलाक़ो में कुल 257 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया जिसमें से 66 उपभोक्ताओं को कुल 88.38 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते पाया गया।

इन सभी 66 उपभोक्ताओं के खिलाफ़ एंटी पॉवर थेफ थाने में बिजली चोरी की धाराओं में मुक़द्दमा दर्ज कराया गया है। विभाग द्वारा इन सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोल से काट दिए गए।

मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया की विभाग द्वारा सुबह तड़के 5 बजे से ही रेड की कार्यवाही शुरू कर दी गई थी जिस कारण कई लोगों को अपनी अवैध कटिया हटाने का मौका ही नहीं मिला। उन्होंने बताया बिजली चोरी रोकने के लिए आगे भी ऐसे ही कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ऐसे लोग जिनके यहां जले हुए हीटर मिले थे उनको चिन्हित कर उसे क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। रवि कुमार अग्रवाल ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है।

कि वह किसी बाहरी व्यक्ति अथवा दलाल के झांसे में ना आए तथा ईमानदारी से अपने बिजली बिलों का भुगतान समय से करें यदि किसी कर्मचारी द्वारा उनको परेशान किया जाता है तो वह किसी भी समय कार्यालय में आकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं उनकी शिकायत पर तुरंत ही कार्यवाही की जाएगी। मुख्य अभियंता के नेतृत्व में हुई रेड की कार्यवाही के दौरान राजभवन मंडल के अधीक्षण अभियंता के. के. चौधरी, राजभवन डिवीजन के अधिशासी अभियंता अनुज कुमार, राजभवन उपखण्ड अधिकारी भगवान दास, हुसैनगंज उपखंड अधिकारी संदीप मौर्या, राजभवन डिवीजन के अवर अभियंता अविनाश कुमार, बृज किशोर आदि मौजूद रहे।

# समेसी में चोरों ने नगदी समेत जेवरात किया पार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। गुरुवार देर रात समेसी गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया, पीड़ित के अनुसार चोर घर से बक्सा समेत चार लाख के जेवर और कुछ नगदी चुरा ले गए हैं। जबकि काफी खोजबीन के बाद बक्सा घर से लगभग 200 मीटर दूर इंदिरा नहर पर मिला है जिसमें से नगदी? व जेवरात गायब है। शुक्रवार सुबह पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी सर्विलांस टीम व फील्ड यूनिट को दी , पुलिस व टीमें जांच पड़ताल कर वापस लौट आईं हैं। मेला बाग मजरा समेसी निवासी अतुल यादव ने बताया कि गुरुवार रात वह सपरिवार अपने अपने कमरों में सो रहे थे। शुक्रवार सुबह जब उठा तो देखा कि उसके कमरे की बाहर से बंद है। आवाज करने पर पड़ोसियों ने किसी तरह दरवाजा खोला देखा कि सभी दरवाजों की कुंडी पर कपड़े की चिट से बंद है। पीड़ित अतुल यादव ने बताया कि जब वह सभी बाहर निकल कर आयें तो देखा कि घर पर रखा एक बक्सा गायब है, विद्यावती के मुताबिक गायब बक्से में लगभग चार-पांच लाख रुपए की जेवरात व नकदी रखी थी। काफी खोजबीन करने के बाद चोरों द्वारा गायब किया गया बक्सा घर से 200 मीटर दूर इंदिरा नहर पर पड़ा है। हालांकि चोरी की जानकारी होते ही पुलिस समेत फील्ड यूनिट व सर्विलांस टीम मौके पर पहुंची , परिवारजनों पूंछताछ व जांच-पड़ताल कर वापिस लौट आई। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी, मौके पर टीमों ने जांच-पड़ताल की है सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहें हैं।

# गोमती नगर विस्तार,बीकेटी व दुबग्गा में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्यवाही करते हुए गोमती नगर विस्तार में 4 अवैध प्लाटिंग, बीकेटी में 2 अवैध प्लाटिंग व दुबग्गा में 1 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर डेवलपर्स द्वारा स्थल पर अवैध रूप से विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस व गेट आदि को ध्वस्त कर दिया।प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के ग्राम-मस्तेमऊ में प्रताप यादव, तिवारी लाल यादव व अन्य द्वारा भूमि खसरा संख्या-99 पर लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में व राम कुमार व अन्य द्वारा गाटा संख्या-84 पर लगभग 6 बीघा क्षेत्रफल में इसके अलावा रमेश कुमार, गणेश कुमार, धीरेन्द्र कुमार, गंगावती व दिनेश कुमार द्वारा खसरा संख्या-94 पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं बंशीलाल व सुंदरलाल द्वारा गाटा संख्या-18 पर लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन अवैध प्लाटिंग के ख़िलाफ ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए गए थे। जिसके चलते प्रवर्तन टीम ने इन चारों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि पंकज मौर्या व अन्य द्वारा बीकेटी के ग्राम-डिगोई में एलिया बेथ इंटर कॉलेज के सामने लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। वहीं संतोष कुमार शुक्ला व अन्य द्वारा बीकेटी के रामपुर बेड़ा में टिकरी रेलवे क्रासिंग के बगल लगभग 2 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते प्रवर्तन टीम द्वारा दोनों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि महावीर, रघुनाथ व अन्य द्वारा दुबग्गा में काकोरी रोड पर ग्राम-कटौली में लगभग 3 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। जिसे प्रवर्तन टीम द्वारा शुक्रवार को ध्वस्त कर दिया गया।

## पीएनबी ने शुरू किया साइबर सुरक्षा हैकथॉन ''कोड अगेंस्ट मालवेयर''

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** साइबर अपराध के बढ़ते खतरों से निपटने के प्रयास में पीएनबी ने कोड अगेंस्ट मालवेयर थीम के साथ अपने पहले साइबर सुरक्षा हैकथॉन 2024-25 की शुरूआत की है। इस हैकाथॉन का उद्देश्य मैलवेयर के बढ़ते खतरे से निपटने और देश की साइबरसिक्योरिटी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पूरे भारत के इनोवेटर्स, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाना है। सबसे प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ लाकर, पीएनबी वित्तीय क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और तकनीकी नवोन्मेषकों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर भी प्रकाश डालता है ताकि उभरते साइबर खतरों से आगे रहा जा सके। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में 28 फरवरी तक चल रहा पीएनबी साइबर सुरक्षा हैकथॉन 2024-25, शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और तकनीकी समुदाय के छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के लिए व्यक्तिगत रूप से और टीम के तौर पर भाग लेने के लिए खुला है।

## बीफार्मा में काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के बीफार्मा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई। करीब 30 हजार सीटों के लिए चार चरणों में होने वाली यह काउंसलिंग तीन जनवरी 2025 से 24 जनवरी 2025 तक चलेगी। पहले चरण की काउंसलिंग के तहत ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग और लॉकिंग शुरू हो गई जो पांच जनवरी तक चलेगी। जबकि सीट आवंटन सात जनवरी को किया जाएगा। वहीं ऑनलाइन विलिंगनेस फ्रीज और फ्लोट सात से आठ जनवरी के बीच होगा। दूसरे चरण की काउंसलिंग 09 से 14 जनवरी तक होगी। कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन और काउंसलिंग समन्वयक प्रो0 ओपी सिंह के नेतृत्व में काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## बदले की भावना से युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला,हालत गंभीर

**मलिहाबाद/लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बदले की भावना से दबंगो ने युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद हमलावर युवक को मरणासन्न हालत में छोड़कर घटनास्थल से भाग निकले। पुलिस ने युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। हालांकि, पीड़ित परिवार ने मलिहाबाद कोतवाली में हमलावरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुक़द्दमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र साहू के मुताबिक,कस्बे के मिर्ज़ागंज गांव निवासी छोटू गौतम ने गांव के रहने वाले शुभम, विशाल,कृष्णा,गोलू और उदय कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गुरूवार को बेटा महेंद्र जमानत पर छूटा था। जिसके बाद आरोपियों ने उसके बेटे से बदला लेने के लिए उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसके बाद हमलावर बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए मरणासन्न हालत में छोड़कर घटनास्थल से भाग निकले। सूचना पर पहुची पुलिस ने बेटे को कस्बे के एक अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, बेटे के शरीर पर गहरे जख्म है। जिससे उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि करीब दस दिन पूर्व महेंद्र का शुभम से झगड़ा हुआ था। इसके बाद शुभम ने महेंद्र के खिलाफ मलिहाबाद कोतवाली में मुक़द्दमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने महेंद्र पर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया था।

## गिरीश यादव ने राज्य स्तरीय युवा उत्सव का किया उद्घाटन, 18 मंडलों के कलाकार ले रहे हिस्सा

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव की शुरुआत युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल मुख्यालय पर शुरु हो गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त 18 मण्डलों के जनपदों से 600 विजयी कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं यथा-लोकनृत्य, लोकगीत, साइंस मेला इत्यादि में प्रतिभाग किया जाएगा। उत्सव का उद्घाटन शुक्रवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव द्वारा परिकल्प भवन, सिंचाई विभाग, तेलीबाग, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर खेल मंत्री द्वारा प्रदेश के कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता कलाकारों को बधाई एवं युवा कल्याण विभाग के प्रयास की सराहना की गई। सचिव एवं महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, उत्तर प्रदेश सुहास एल0वाई0 द्वारा आए हुए कलाकारों को अपनी कला, अपनी प्रतिभा को अपने क्षेत्र के उच्चतम स्थान तक पहुंचाने हेतु संकल्पित करने का आह्वान किया गया।

## साइबर सेल ने पीड़ित के खाते में वापस कराए एक लाख रुपये



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद की साइबर क्राइम सेल की टीम ने जांच के दौरान एक मामले सफलता पाते हुए पीड़ित के खाते में एक लाख रुपये वापस कराये हैं। प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने शुक्रवार को बताया कि साइबर थाने में शिवकांत नाम के व्यक्ति ने अपनी शिकायत दर्ज करायी। उसने बताया कि सियान इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में डीलरशिप लेने के नाम पर एक लाख रुपये दिए थे। काफी दिन तक उसे टरकाया जाता रहा। जब उसे ठगी का अहसास हुआ तो उसने शिकायत दर्ज करायी।

साइबर क्राइम सेल ने मामले को संज्ञान में लेते ही पीड़ित के खाते में एक लाख रुपये की रकम वापस करायी है। प्रभारी निरीक्षक ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई भी व्यक्ति कस्टम सपोर्ट का अधिकारी बनकर ओटीपी, यूपीआई, पिन पूछता हैं तो उसे कभी न बताये। सावधान रहे सतर्क रहें।

# 13 वर्षीय सायबा उठा रही है तीन भाई बहनों की जिम्मेदारी

- माँ इस दुनिया में नहीं रही,शराबी पिता से भी कोई मतलब नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जिस उम्र में बच्चों के खेलने कूदने और पढ़ने लिखने का समय होता है उस उम्र में गोसाईगंज क्षेत्र के कस्बा अमेठी निवासी सायबा अपने तीन भाई बहनों की जिम्मेदारी संभाल रही है।13 वर्षीय सायबा, मां रूबी की मौत के बाद दूसरों के घरों में झाड़ू पोछा व साफ सफाई का काम कर अपने से छोटे भाई बहनों का पेट पालने का काम करने लगी है। मा की मौत के बाद वह नहीं सी बालिका स्वयं ही मां का फर्ज निभा रही है। सायबा के अनुसार मां की मौत ने बाद उसने छोटे भाई फारुख (8) ,इमाम (6) व नुरेशा (3) के साथ एक फटे तिरपाल के नीचे गुजर बसर कर रही है। उसके लिए पिता अकील का होना या न होना एक सामान है क्योंकि उन्हें बच्चों से कोई मतलब नही रहता है। वह दिन भर शराब के नशे में डूबे रहते है। सयाना बताती है कि वह पहले घर न होने कारण गांव में खाली पड़ी जगह पर तिरपाल डाल कर रहती थी। अब ठंड और रात के अंधेरे में डर के कारण एक व्यक्ति के घर छत पर तिरपाल डाल कर अपने तीन भाई बहनों के साथ रह रही हैं। इस बात की जानकारी जब एसडीएम मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार वर्मा को भी हुई है।उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें इस की जानकारी हुई । वे मामले की पुष्टि करने मौके पर पहुँचे। उन्हें सभी बच्चें एक छत पर तिरपाल के नीचे मिले। सभी बच्चों को ठंड से निजात दिलाने के लिए कंबल दिए गए साथ ही कोटे से राशन भी दिलाया गया । बच्चों को आवास दिलाने के लिए उप जिला अधिकारी ने नगर पंचायत के अधिशाषी अभियंता को सभी फार्मेलिटी पूरी करने के लिए निर्देशित गया।

# पांचवे पायदान पर पहुंचा प्लॉट बिक्री का मामला

- किसी भी खरीददार के नाम नहीं हुआ दाखिल खारिज
- इसी बिंदु को भाकियू नेता ने बनाया अपना हथियार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। खरीद फरोख्त होते होते मामला पांचवे पायदान पर पहुंच गया।किसी भी खरीदार के नाम प्लॉट का दाखिल खारिज नहीं हो सका।इसी बिंदु विवाद की जड़ बन गया और इसी को भाकियू नेता ने अपना हथियार बना लिया। यह बात गोसाईगंज क्षेत्र के गांव ?मलौली निवासी प्रताप सिंह वर्मा की ओर से कही गई। उनके अनुसार उनके अनुसार उन्होंने कमलेश कुमलेश कुमारी पत्नी प्रताप नारायन यादव निवासी अर्जुनगंज से कोरियानी स्थित गाटा संख्या 464 का 1/2 भाग खरीदा था। जिसे काजी खेड़ा निवासी भाकियू नेता सुरेंद्र कुमार वर्मा फ्रॉड बताया जा रहा है।इसके पीछे सुरेंद्र वर्मा की बदनियती छीपी हुई है। प्रताप वर्मा के अनुसार यह प्लॉट राम सनेही पुत्र सुखदीन निवासी हुलास खेड़ा ब्लॉक मोहनलालगंज, लखनऊ व राम किशुन निवासी ग्राम कोरियानी गोसाईगंज लखनऊ की हुआ करती थी। उन लोगों ने प्लॉट को ब्लॉक गोसाईगंज सुरेन्द्र कुमार वर्मा व रामू उर्फ राम फ़ेर निवासी ग्राम चांद सराय गोसाईगंज, लखनऊ के हाथों बेच दिया था। रामू ने कमलेश कुमारी के हाथों बिक्री कर दिया और इस महिला से प्रताप वर्मा ने प्लॉट खरीद लिया।अब भाकियू नेता उसे अपना पता रहे है।

इस विवाद में विशेष बात यह दिखाई दे रही है कि यह प्लॉट बिकते बिकते पांचवें पायदान तक पहुंच गया लेकिन किसी भी खरीददार ने अपने नाम दाखिल खारिज नहीं कराया।यही बिंदु विवाद की जड़ बन गया। सुरेंद्र कुमार वर्मा ने भी इसी को अपना हथियार बना लिया और कहने लगे कि जमीन प्रताप वर्मा की होती तो तहसील में दर्ज होना चाहिए था, किंतु अभी दाखिल खारिज नही करवाई गई है।

# महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य देखभाल के लिए स्टेशनों पर चिकित्सा केंद्रों की स्थापना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि महाकुम्भ-2025 में देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए उत्तर रेलवे का लखनऊ मण्डल तैयार है। लखनऊ मण्डल में प्रयाग, फाफामऊ एवं प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा सुविधाओं के तहत चिकित्सा केंद्रों की स्थापना करा दी गयी है। कुलदीप तिवारी ने बताया कि चिकित्सा केंद्रों पर चौबीस घंटे डॉक्टरों, पैरा मेडिकल स्टाफ, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता रहेगी। यहाँ उपलब्ध डॉक्टरों द्वारा रोगी की जांच, उचित सलाह, प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाएगा। यदि डॉक्टरों को रोग की गम्भीरता दिखेगी तो अग्रिम चिकित्सा की व्यवस्था करायी जाएगी। चिकित्सकीय आपात स्थिति में अन्य अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से भी तालमेल बनाया जायेगा। डॉक्टरों की टीम की तरह ही स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, हॉस्पिटल अटेंडेंट (एचए) एवं हाउस कीपिंग असिस्टेंट (एचकेए) भी वहां सेवा देते मिलेगें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रयाग जंक्शन एवं फाफामऊ जंक्शन स्टेशनों पर ऑब्जर्वेशन रूम भी स्थापित हो चुके है।

# अट्ठारह जनवरी से कांग्रेस निकालेगी किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में आगामी 18 जनवरी से निकाली जाने वाली ''किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा'' से सम्बन्धित तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज वर्तमान की केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार दोगुनी गति से किसानों, मजदूरों, मेहनतकशों, महिला किसान-मजदूर एवं कारीगरों का दमन शासन व प्रशासन के रूप में भिन्न-भिन्न तरीकों से कर रहा है। किसान आंदोलन के समय केन्द्र सरकार ने देश के सभी किसानों को एम.एस.पी की कानूनी गारंटी का वादा किया था आज उस पर सरकार मौन है। उसी किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिवारों को आज तक मुआवजा नहीं मिला, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से ''खालिस्तानी'' एवं ''आंदोलनजीवी'' कहकर उनकी शहादत का अपमान किया। उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस इस ''किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा'' के जरिए प्रमुख रूप से - एम.एस.पी की कानूनी गारंटी, लागत बोर्ड का गठन, किसानों की कर्ज़ माफी, सीलिंग से बची भूमि का न्याय पूर्ण वितरण, खाद-बीज एवं उर्वरकों की सब्सिडी, सिंचाई हेतु बिजली की आपूर्ति, आवारा पशुओं से फसल को बचाने के लिए सरकारी इंतजाम एवं किसानी से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दों को उठाते हुए जनता को जागरूक करने एवं एकजुट करके किसान एवं मजदूरों के हक़ दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में अलग-अलग तिथियों में निकाली जाएगी। ''किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा'' को उत्तर प्रदेश में सुनियोजित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न करने के हेतु अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटरों को मण्डल स्तर पर समन्वयक, राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित देश के अन्य प्रांतों से किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों को जिले स्तर पर समन्वयक बनाया गया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश से किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों को जनपद स्तर पर संयोजक बनाकर यात्रा के सफल संचालन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। बैठक को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला ने कहा कि यह यात्रा ।


## लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1, लालबाग, लखनऊ

पत्रांक : 1481/ EE-1 /नि. दिनांक : 03/01/2025

अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यों हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि. 10/1/2025 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक10/1/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

| क0 सं0 | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा शुल्क (रु.) | धरोहर धनराशि (रु.) | कार्य/आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-प्रथम अंतर्गत रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में ग्लोब पार्क से कचहरी रोड शीट कवर की दुकान तक 110 एम0एम0 व्यास की पी0वी0सी0 पाइपलाइन डालने का कार्य। | 350.00 | 7000.00 | 07 दिवस |
| 2 | जोन-प्रथम अंतर्गत राजा राम मोहन राय वार्ड में रिबेरा कालोनी प्राग नरायण रोड पर 90 एम0एम0 व्यास की पी0वी0सी पाइपलाइन एवं 90 एम0एम0 व्यास की एम0एस0 पाइपलाइन डालकर इण्टरकनेक्शन का कार्य। | 150.00 | 2500.00 | 07 दिवस |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-1
जलकल विभाग

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सड़क सुरक्षा सिमित की बैठक सम्पन्न हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अभी तक चिन्हित किये गये ब्लैक स्पाटों की स्थिति की जानकारी करते हुये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर दुर्घटना ज्यादा हुयी हैं, वहां के ब्लैक स्पाटों को चिन्हित करते हुये आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किये जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर अवश्य लगवा दिये जायें। नाबालिकों द्वारा चलाये जा रहे ई-रिक्शा पर कार्यवाही अमल में लायी जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन को निर्देश दिये कि विद्यालयों में लगे वाहन सभी मानक पूरा करें, नियमों का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। सभी वाहनों का समय से फिटनेस कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सम्मिलित प्रयास कर एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाते हुये दुर्घटनाओं की संख्या में कमी किये जाने हेतु अवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने व्यापक स्तर पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत की जा रही जागरूकता अभियान की स्थिति की जानकारी करते हुये सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये जायें, जिसमें लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी जाये। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित होर्डिग जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थापित कराने हेतु निर्देशित किया।

इसके साथ ही परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिये कि रोस्टर बनाकर विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि जो ढाबे अवैध रूप से ट्रकों को सड़कों पर खड़ा करवाते हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये तथा अवैध कटों को बन्द किया जाये।

उन्होंने निर्देश दिये कि जिन सड़कों पर थर्मोप्लास्टिक पेंट कराया जाना है, उस कार्य को जल्द ही पूर्ण किया जाये। सभी मार्गों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाये तथा मोड़ो पर अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी मोड़ों पर साइनेज बोर्ड लगाने तथा भारी वाहनों को बाएं चलने हेतु भी साइनेज बोर्ड लगाये हेतु निर्देशित किया। एम0आर0एम0 सीतापुर को निर्देश दिये कि सभी चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण अवश्य करायें।

# बिसवां पहुंचे प्रधानमंत्री के भतीजी ने बताया योग से निरोग रहने का मंत्र

**❏ योग कायाकल्प ट्रस्ट योग ग्राम लखनऊ के संस्थापक सोनल बेन मोदी पहुंची बिसवां**

## श्री सौभाग्यम रिजॉर्ट्स में हुआ भव्य स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी सोनल बेन मोदी आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे बिसवां के श्री सौभाग्यम रिजॉर्ट्स में पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। रिजॉर्ट्स में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सोनल बेन मोदी ने कहा कि योग को अपनाकर हम जीवन पर्यंत निरोगी रह सकते हैं।

उन्होंने बिसवां नगर वासियों को योग कायाकल्प योग ग्राम लखनऊ में आयुर्वेद के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराई जा रही प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के बारे में जानकारी दी और इसके लाभ के बारे में बताया। बिसवां में प्रथम आगमन पर हुए स्वागत को अविस्मरणीय बताया। कार्यक्रम के आयोजक मोहित जायसवाल ने कार्यक्रम में आए सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हम सब बिसवां वासियों के लिए गौरव के पल हैं कि हमारे बीच देश के गौरवशाली प्रधानमंत्री के परिवार के सदस्य मौजूद हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद आराध्य शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर जिला प्रचारक सुरेंद्र जी,प्रदीप जायसवाल आर्य जी, मनीष लाठ,अभिषेक अग्रवाल,वांछित शर्मा, डॉ यथार्थ शुक्ला,अमित सिंघल,राजकुमार जैन, सादिक अली,चांद मियां, पीयूष मौर्य, डॉ लतीफ,बबलू वर्मा,लकी श्रीवास्तव,अंशू रस्तोगी,पप्पू सिंह,कस्बा इंचार्ज अतुल वर्मा, उपनिरीक्षक स्वाती सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# किसकी शह पर फिर से चालू हुआ सिमना हॉस्पिटल

**❏ पैसा कमाने की मशीन बन चुके है लहरपुर के अस्पताल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लहरपुर सीतापुर। तहसील क्षेत्र के क़स्बा लहरपुर और आसपास के क्षेत्रों में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के चलते अपंजीकृत व मानक विहीन अस्पतालों की संख्या लगातार बढती जा रही है। इन अवैध अस्पतालों के हाथों एक तरफ तो आम आदमी की जेब पर डाका डाला जा रहा है वहीं गलत इलाज के चलते मौतों का सिलसिला भी जारी है। इसके बावजूद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अरविन्द बाजपेई की खाऊ कमाऊ नीति के चलते स्वास्थ्य जैसे जरूरी महकमे में फैल रहा भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बताते चलें कि कस्बे के मुख्य मार्ग पर ब्लॉक कार्यालय के सामने स्थित सिमना हॉस्पिटल के नाम से संचालित अस्पताल के अपंजीकृत होने और मानक विहीन होने की शिकायतों के चलते निवर्तमान सीएचसी अधीक्षक आनंद मित्रा द्वारा सिमना हॉस्पिटल के संचालन पर रोक लगा दी गई थी मगर नये अधीक्षक के आने के बाद से उसका संचालन बेखौफ़ जारी है। इसी तरह पूरे कस्बे में एक दर्जन से अधिक ऐसे अस्पतालों का जाल फैला हुआ है जहाँ मानक पूरे कराने की बजाय स्थानीय स्वास्थ्य विभाग महज़ अवैध धन उगाही की मानसिकता की नीति अपनाये हुए है। सूत्रो की मानें तो वरदान हॉस्पिटल, न्यू ए एस हॉस्पिटल, लाइफलाइन हॉस्पिटल,माँ हॉस्पिटल,आर ए हॉस्पिटल, शिफा हॉस्पिटल जैसे अस्पताल स्थानीय सीएचसी अधीक्षक की खाऊ कमाऊ नीति के चलते दिन रात इलाज के नाम पर आम आदमी का खून चूसने में मशगूल है और स्वास्थ्य महकमे के जिले के उच्चाधिकारी आँख मूंदकर जानबूझ कर अनजान बने हुए हैं। इस सम्बन्ध में जब नोडल अधिकारी मनोज देशमणि से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वो वर्तमान में टीबी जैसे रोग की रोकथाम सम्बन्धी अभियान कार्यक्रम में व्यस्त हैं इसके निपटते ही वो लहरपुर आकर अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे सीएचसी अधीक्षक को लहरपुर का नोडल बनाया गया है उन्हें कार्रवाई करनी चाहिए। इस सम्बन्ध में जब अधीक्षक अरविन्द बाजपेई से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हाँ ये सही है कि मुझे नोडल बनाया गया है और सोमवार से इन अवैध अस्पतालों व झोलाछाप डॉक्टरों पर वो कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### दस वर्षीय मृतक के पिता ने न्यायालय से लगाई गुहार

लहरपुर सीतापुर इलाज मे लापरवाही के चलते दो माह पूर्व दस वर्षीय मासूम की हुई मौत की गुत्थी सुलझने का नाम नहीं ले रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर की जा रही हीलाहवाली देखकर मृतक के पिता ने न्यायालय की शरण मे जाकर न्याय की गुहार लगाई है। मृतक के पिता मुजाबिर निवासी ग्राम सरावां ने लाइफ केयर क्लीनिक के डा निजामुद्दीन व समस्त स्टाफ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाकर विधिक कार्रवाई करवाये जाने की न्यायालय से गुहार लगाई है।

### लम्बित कार्यों को तत्काल निस्तारण करें : लक्ष्मी देवी गुप्ता

**पलियाकलां-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद पलिया कलां की अध्यक्षा लक्ष्मी देवी गुप्ता ने अपने कार्यालय में बैठकर आवश्यक पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। इसी दौरान जनसामान्य से प्राप्त हुई सफाई एवं जलकल व्यवस्था सम्बन्धी तीन शिकायतों को तत्काल निस्तारित किया गया। उपस्थित कर्मचारियों से जलकल, सफाई, दाखिल खारिज, नक्शे, पेयजल आदि की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुये उन्होंने लम्बित कार्यों शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। इस दौरान लेखाकार ज्योति मिश्रा, शोभा शुक्ला, बिजेंद्र कुमार, नीरज वर्मा, अंकुर सिंह सहित पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कथा व्यास व पत्रकार आनंद भाई शास्त्री के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

**नैमिषारण्य, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व विख्यात तीर्थ नगरी के प्रसिद्ध कथा व्यास व कैनविज टाइम्स संवाददाता आनंद भाई शास्त्री का शुक्रवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। शास्त्री काफी सरल सहज और मिलनसार व्यकित्व के धनी थे इनके द्वारा श्रीमद भागवत का रसपान भक्तों को कई प्रांतों में जाकर कराया था इनके निधन से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद घटना से कैनविज टाइम्स सीतापुर ब्यूरो चीफ नवनीत दीक्षित व समस्त कैनविज टाइम्स सीतापुर टीम ने दुःख व्यक्त किया, अनिल कुमार शास्त्री,रोहित शास्त्री, संजीत शुक्ला,आचार्य हरिओम पाठक, अमित भाई शास्त्री, जयनारायण शास्त्री , रामकिंकर पांडेय ,वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र श्रीवास्तव आदि लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### लम्बित कार्यों को तत्काल निस्तारण करें : लक्ष्मी देवी गुप्ता



**पलियाकलां-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद पलिया कलां की अध्यक्षा लक्ष्मी देवी गुप्ता ने अपने कार्यालय में बैठकर आवश्यक पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। इसी दौरान जनसामान्य से प्राप्त हुई सफाई एवं जलकल व्यवस्था सम्बन्धी तीन शिकायतों को तत्काल निस्तारित किया गया। उपस्थित कर्मचारियों से जलकल, सफाई, दाखिल खारिज, नक्शे, पेयजल आदि की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुये उन्होंने लम्बित कार्यों शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। इस दौरान लेखाकार ज्योति मिश्रा, शोभा शुक्ला, बिजेंद्र कुमार, नीरज वर्मा, अंकुर सिंह सहित पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर निगम वाराणसी ने दिसम्बर माह में 250 किग्रा प्रतिबन्धित प्लास्टिक किया जब्त

**वाराणसी।** प्रयागराज महाकुंभ के पूर्व वाराणसी नगर निगम ने प्रतिबन्धित प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) के विरूद्ध अभियान छेड़ दिया है। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर चल रहे अभियान में नगर निगम टीम को बीते वर्ष के आखिरी माह दिसम्बर में सफलता मिली। नगर निगम के प्रवर्तन दल एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षकों की टीम ने दिसम्बर माह में लगभग 250 किलो से अधिक प्रतिबन्धित प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक)जब्त किया। इसका इस्तेमाल करने वाले लोगों से बीस हजार रूपए से अधिक का जुर्माना भी वसूला। शहरी एवं आवासन मंत्रालय के निर्देशन में प्रतिबन्धित प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) को बन्द करने के लिये ''आरंभ 5.0'' अभियान में जनवरी माह में तेजी लाने के लिए टीम लगातार कार्य कर रही है। इस अभियान में शुक्रवार तीन जनवरी को टीम ने 28 किलो प्रतिबन्धित प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) जब्त किया। इस दौरान 3500 रूपये जुर्माना वसूला गया। नगर आयुक्त ने अपील की है कि कोई भी प्रतिष्ठान एवं व्यापारी प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं बिक्री न करें। अन्यथा कि स्थिति में उनके विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। नगर निगम के जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार प्रतिबन्धित प्लास्टिक के थैले के स्थान पर कपड़े से बने झोले का प्रयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम ने दिसम्बर माह में होप संस्था के सहयोग से 10 हजार से अधिक कपड़े से बने झोले का निःशुल्क वितरण कराया।

### गौशालाओं में ठंड से नहीं होनी चाहिए किसी गौवंश की मौत-: डीएम शिवशरणप्पा जीएन

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को ब्लाक पहाड़ी के ग्राम पंचायत जमहिल में संचालित गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पानी, चारा, भूसा एव अलाव जलता हुआ पाया गया। उन्होंने ग्राम प्रधान व सचिव को निर्देशित किया कि गौशाला में पौष्टिक आहार के साथ-ही हरा चारा भी सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर गौशाला के लिए चारागाह भूमि टैग नहीं हुआ है तो सरकारी व प्राइवेट जमीन अधिग्रहण करें। कहा कि ठंड का मौसम है पशुओं के लिए त्रिपाल व बोरों से चारों तरफ ढ़कें जिससे कि पशुओं को ठंड न लगने पाए। उन्होंने कहा कि अगर पशु बीमार होते हैं तो तुरंत पशु डॉक्टर को बुलाकर इलाज कराएं किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में साफ सफाई बनी रहनी चाहिए यह सुनिश्चित कराएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी राजापुर आलोक कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुभाष चंद्र, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय पशु चिकित्साधिकारी डा0 वीरेंद्र सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी अलखनंदन खन्ना, ग्राम प्रधान हरिप्रसाद आदि मौजूद रहे।

### क्रेन से टकराई बाइक में लगी आग दो युवक जिंदा जले

**बागपत।** बागपत जिले में दो युवक बाइक की आग में जल गए। घने कोहरे के कारण बाइक क्रेन से टकरा गई थी जिससे बाइक में भीषण आग लग गयी। दोनों घायलो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया है। दूसरे की हालत गम्भीर बनी है। बृहस्पतिवार की देर रात निवाड़ा गांव की नई कॉलोनी में रहने वाला शाहनवाज अपने एक साथी नोशाद के साथ बागपत से निवाड़ा के लिए जा रहा था। जैसे ही वह दिल्ली सहारनपुर हाइवे 709 बी स्थित निवाड़ा गांव के पास पहुंचा उसकी बाइक आगे जा रही क्रेन से टकरा गई। टक्कर लगते ही तेज धमाके के साथ बाइक में आग लग गयी। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक जिंदा जल गए। सूचना पर फायर विभाग की गाड़ी पहुंची और आग को बुझाया गया। एंबुलेंस से दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया है।

# गौशाला पहुंचे बीडीओ व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## गौसेवकों को भेंट की साल



निघासन-खीरी। अस्थाई गौशाला रकेहटी देहात की झोलहू मैदान का बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने अत्यधिक ठण्ड को देखते हुए औचक निरीक्षण किया।इस दौरान गौवंशीय पशुओ के लिए 3 एकड़ हरा चारा व कैल्शियम युक्त ताजा पानी, ठण्ड से बचाव हेतु शेड चारो तरफ विधिवत तरीके से तिरपाल व विभिन्न जगहों पर अलाव स्टैंड में अलाव जलते मिले जिनके चारो तरफ गौवंशीय पशु एकत्रित होकर आग सेंक रहे थे।

साथ ही अन्य सभी व्यवस्था साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी दिखी। गौशाला में पशुओ को तेज हवा से बचाव के लिए के लिए लिए भी पुख्ता इंतजाम दिखे।गौशाला में कुल 446 गौवंश संरक्षित पाए गए, 3 एकड़ हरा चारा गौशाला की समीप भूमि पर तैयार है जिसकी कटाई सुबह शाम की जा रही है?। गौशाला में 210 कुन्तल भूसा स्टोर किया गया है। गौशाला में 10 गौसेवक व 1 चौकीदार है, जिनका पारिश्रमिक 3 माह से बकाया है।जिसकी शिकायत गौसेवकों ने खण्ड विकास अधिकारी से की। प्राप्त जानकारी के मुताबिक निरीक्षण के दौरान मौके पर ग्राम पचायत अधिकारी नदारद रहे।आगन्तुक पंजिका में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सचिव 22 नवम्बर से गौशाला नही आये है।इस पर खण्ड विकास अधिकारी ने कार्यवाही प्रस्तावित करने की बात कही।निरीक्षण के उपरान्त खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गौसेवकों के कार्य की प्रशंसा की व साफ सफाई की व्यवस्था की तारीफ की।गौसेवकों को ठण्ड से बचाव के लिए गरम चादर भेंट की और उन्हें ठण्ड से बचने के उपाय बताए। निरीक्षण के समय ग्राम रोजगार सेवक संजय गुप्ता सहित समस्त गौसेवक उपस्थित रहे।

# वाहन चालकों के लिए हादसे का कारण बन रहे सड़क पर बैठे आवारा पशु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। शहर के गोला रोड हो या शाहजहांपुर रोड व बरवर रोड या पुवायां रोड आवारा जानवर लोगों की जान के साथ खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं आवारा जानवरों के चलते लगातार हाईवे पर सड़क दुर्घटनाएं होती जा रही हैं और गौशालाओं में हालात खराब होने के चलते आवारा जानवर चलते फिर हाईवे पर अपना ठिकाना बना चुके हैं।

आवारा जानवरों के चलते कई लोगों की सड़क दुर्घटना से मौत भी हो चुकी है और कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं लेकिन इस पर कोई भी प्रयास प्रशासन द्वारा कठोरता से नहीं लिया जा रहा है जिसके चलते हाईवे पर चलने वाले वाहन चालक इन आवारा जानवरों के चलते दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं इससे पहले भी कई लोग सड़क दुर्घटना में घायल होकर गंभीर रूप से पीड़ित हो चुके हैं फिर भी प्रशासन आवारा जानवरों को लेकर संजीदा नहीं है आवारा जानवर इतने ज्यादा फैले हुए हैं कि लोग सुरक्षित घर तक पहुंच जाएं यह बहुत बड़ी बात है वाहन चालकों की जान के साथ यह आवारा जानवर परेशानी का सबब बने हुए हैं आवारा पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाने में प्रशासन और क्या करता है यह बड़ा सवाल लोगों के मन में बना हुआ है।

# व्यापारियों के सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है व्यापार मंडल-राजीव गुप्ता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिंगाही-खीरी। स्थानीय कस्बे के मैरिज हाल में शुक्रवार को नवनिर्वाचित व्यापार मंडल सिंगाही के पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम में जनपद से जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला महामंत्री उमेश शुक्ला सहित विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में पदाधिकारी शिरकत किए थे।

शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सजंय गुप्ता ने कहा यहां व्यापार मंडल के शपथग्रहण समारोह में उपस्थित भीड़ व्यापारियों की मजबूती को दर्शा रही। विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल जिला महामंत्री उमेश शुक्ला ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है। इसकी बदौलत ही बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यापारी के लिए परिवार की तरह व्यापार भी एक नैतिक जिम्मेदारी है। सरकार के नए नियम, कानून की सबको जानकारी रखनी होगी। इससे शोषण नहीं होगा। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष सजंय गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री रतनेश सिंह कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन का शपथग्रहण कराया। इसके अलावा अन्य लोगों ने शपथ ग्रहण की। इस दौरान सुनील बत्रा, जिनेन्द्र जैन, सभासद राहुल गुप्ता, बालकुमार वर्मा, नन्द पाल मौर्य, सजंय अग्रवाल, राजेंद्र मौर्य, मोहम्मद जावेद, शेलेन्द्र गुप्ता, आज़म अल्वी आदि मौजूद रहे।

# पांच-हजार रुपये का इनामिया गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । एसपी चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में दिनांक 03.01.25 को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 203/ 24 धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि0 थाना खैराबाद में वांछित इनामिया अभियुक्त मन्नू उर्फ अभिमन्यू पुत्र महादेव नि.दोस्तपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को बिसवां तिराहा के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

अभियुक्त करीब 08 माह से वांछित चल रहा था।

जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जिसके विरुद्ध पूर्व चोरी/नकबजनी आदि जैसे अपराध में कई अभियोग पंजीकृत हैं।

अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त का चालान .न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# 13 माह बाद टोल प्लाजा संचालक पर दर्ज हुआ मुकदमा

❒ सिर पर बैरियर गिरने से हो गई थी शिक्षिका की मौत

❒ तहरीर मिलने के बाद भी तरया सुजान पुलिस ने नही दर्ज किया था मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। सिर पर टोल प?लाजा का बैरियर गिरने की वजह से शिक्षिका की हुई मौत के मामले में 13 महीने बाद न्यायालय के आदेश पर टोल प?लाजा संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना उस से हुई थी जब शिक्षिका अपने पुत्र के साथ बाइक से जा रही थी।

घटना के बाद पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ि?त न?यायालय में शरण मे न्याय गुहार लगाई थी। मृतक शिक्षिका कुशीनगर जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली थीं। टोल प्लाजा के प्रभाव में आकर तहरीर के बावजूद तेरह माह तक मामले को लटकाने वाली तरया सुजान पुलिस न्यायालय के आदेश पर सलेमगढ टोल प्लाजा के संचालक व कंपनी के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है।बताया जाता है कि 29 नवंबर 2023 को बिहार में कार्यरत शिक्षिका गोपालगंज से बाइक से अपने घर आ रही थीं। रास?ते में टोल प्लाजा का बैरियर उनके सिर पर गिर जाने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र के समउर बाजार निवासी कमल अंकित ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि उसकी मां गिरिजा देवी पडोसी राज्य बिहार के गोपालगंज मे अध्यापिका के पद पर कार्यरत थी।

29 नवंबर 2023 को शाम अपने निजी काम से मेरे साथ बिहार राज्य के गोपालगंज से कुशीनगर जनपद अपने गांव समउर बाजार आ रही थी। रास्ते में सलेमगढ टोल प्लाजा पर टोल टैक्स का बैरियर उसकी मां गिरिजा देवी के सिर पर गिर गया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गयी थी। मेडिकल रिपोर्ट में मां की मौत की वजह टोल का बैरियर गिरने से बताया गया। पीड़ित ने न्यायालय को बताया था कि सलेमगढ़ टोल प्लाजा संचालित कर रही एजेन्सी गोरखपुर कसया टोलवेज प्राईवेट लिमिटेड कसया कुशीनगर के खिलाफ स्थानीय पुलिस को तहरीर दी थी मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को भी तहरीर दी गयी परंतु कार्यवाही नहीं हुई थी। न्यायालय ने इस मामले में टोल प्लाजा की संचालक एजंसी पर लापरवाही का केस दर्ज करने का आदेश दिया था।

### थानाध्यक्ष बोले

इस संबंध में तरया सुजान के प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह का कहना है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गोरखपुर कसया टोलवेज प्राइवेट लिमिटेड कसया कुशीनगर के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# विपन्नों की सेवा ही सबसे बड़ा सुकर्म: दुर्गेश राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। विकासखण्ड तमकुही के ग्रामसभा अमवा बुजुर्ग में शुक्रवार को स्व0 शिक्षिका कलावती देवी के 14 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गरीबों में कम्बल वितरण के लिये आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि समाज में अत्यन्त विपन्नता का जीवन जीने वाले गरीब,विपन्न व असहायों की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म तथा सभी वर्गों के वंचितों की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्यकर्म है।

इसलिये बिना भेदभाव किये बिना ऐसे लोगों को संतृप्त करने के लिये समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आकर इनकी पीड़ा को दूर करने का काम करना चाहिये।

श्री राय ने कहा कि जबतक हमारे समाज का अत्यंत गरीब और जरूरतमंद खुशहाल नहीं रहेगा तबतक हमारा पूरा देश खुशहाल नहीं रहेगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले कानपुर कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष डा0 अमरनाथ तिवारी ने इस तरह के समाजिक कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समाजोपयोगी उत्कृष्ट कार्य से हम सबको सीख लेनी चाहिये और इसे हर गाँव में करना चाहिये।कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि विद्याधार ओझा, हरिकृष्ण तिवारी, पत्रकार अमरनाथ पाण्डेय,प्रभुनाथ गुप्त व लल्लन कुशवाहा आदि ने भी सम्बोधित किया।सभी वक्ताओं ने शिक्षिका कलावती देवी के शिक्षण कला व उनके मधुर स्वभाव की भूरि- भूरि प्रशंसा की।कार्यक्रम के आयोजक स्व0 कलावती देवी के सुपुत्र व ग्रामप्रधान अजयनाथ तिवारी द्वारा मौके पर मौजूद गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित करने के साथ ही लगभग तीन सौ गरीबों में कम्बल का वितरण किया गया।इस अवसर पर जयप्रकाश उपाध्याय, अनिरुद्ध दूबे, हरिनारायण जौहरी, महेन्द्र मोहन यादव, मोहम्मदीन अंसारी, डा0 पी के विश्वास,के के मिश्रा, अनिल तिवारी, सन्तोष पटेल, राजू तिवारी, रोहित राय,विनोद कुमार व योगेन्द्र दूबे आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार शुक्ला ने किया।

# प्रधानाचार्य ने शिक्षा समिति के अध्यक्ष का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर धन का किया बंदरबांट

❒ शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को शपथ-पत्र देकर प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के खड्डा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम लखुआ लखुई के पकड़िहवा टोले मे स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर लाखों रुपये के हेर-फ़ेर का मामला सामने आया है।

प्रधानाचार्य पर यह आरोप है कि वह अध्यक्ष का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर स्कूल के विकास के लिए शासन से अवमुक्त लाखों रुपये बैंक से निकालकर उन पैसों का बंदरबांट कर लिया गया है। अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिले के खड्डा ब्लॉक के ग्राम सभा लखुआ लखुई निवासी व ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र द्वारा जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी को शपथ पत्र व शिकायती पत्र में कहा गया है कि वह ग्राम लखुआ लखुई के पकड़िहवा टोले के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षा समिति के अध्यक्ष हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उनका फर्जी हस्ताक्षर बनाकर स्कूल के विकास के लिए आए लाखों रुपये सरकारी धन को बैंक से निकालकर हजम कर लिया है। यह सिलसिला कई वर्षों से चला आ रहा है। शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र ने प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज कराने की मांग की है। इधर प्रधानाचार्य आनंद गोपाल अपने उपर लगे आरोप को निराधार और गलत बताते है। प्रधानाचार्य का कहना है कि नोटिस मिला है उसका जवाब दिया जा रहा है।

### सुलहनामा बता रहा दाल मे कुछ काला है

ऐसी चर्चा है कि सरकारी धन के घोटाले के बाबत पंचायत व सुलहनामा भी हुई है। ताकि मामला सार्वजनिक न हो सके। पंचायत के बाद हुए सुलहनामा इस बात को प्रमाणित कर रहा है कि दाल में कुछ काला नही बल्कि पूरी दाल ही काला है। बताया जाता है इस प्रकरण में ग्राम प्रधान के पैड पर एक सुलहनामा किया गया है। इसमें यह लिखा गया है कि प्रधानाचार्य व अध्यक्ष के बीच हस्ताक्षर व अवैध रूप से सरकारी धन निकलने को लेकर जो विवाद था, उस मामले में सुलह हो गई है। लिखित सुलहनामा पर प्रधान, प्रधानाचार्य तथा शिक्षा समिति के अध्यक्ष के साथ साथ गांव के कुछ अन्य लोगों के हस्ताक्षर भी हैं। ऐसे में कहना मुनासिब होगा कि प्रधानाचार्य व अध्यक्ष के बीच हुए सुलहनामा धन के बंदरबांट की ओर इशारा कर रहा है।

# दोस्त का अपहरण कर हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

एजेंसी



कानपुर। चकेरी इलाके में रहने वाले युवक की उसके ही तीन दोस्तों ने चंद रुपयों के लालच में आकर गला घोटकर हत्या की थी। मृतक की पत्नी की शिकायत के बाद पुलिस ने जब आरोपितों से कड़ाई से पूछताछ की तो हत्या का खुलासा हुआ। आरोपितों ने स्वीकारा कि कानपुर से अपने दोस्त का अपहरण कर उसे कन्नौज में ले जाकर उसकी हत्या की थी। डीसीपी पूर्वी एस के सिंह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि चकेरी के न्यू आजाद नगर सतबरी निवासी विनीता ने 28 दिसंबर 2024 को थाना में अपने पति राजेश ?निषाद (33) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने यह आशंका भी जताई कि पति के तीन दोस्तों ने उनके पति के साथ किसी प्रकार की अनहोनी की होगी। पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी कि एक जनवरी को कन्नौज के मिश्रीपुर पुल काली नदी में एक शव मिला। शव का चेहरा किसी भारी वस्तु से कूचा गया था। पुलिस टीम जब राजेश की पत्नी को लेकर कन्नौज पहुंची तो विनीता ने शव की पहचान अपने लापता पति राजेश के रुप में की। पोस्टमार्टम के बाद शव का कानपुर में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, मृतक की पत्नी ने जिन लोगों पर शक जाहिर किया पुलिस टीम उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाने लगी। तीनों दोस्तों को हिरासत में लेकर जब अलग-अलग सख्ती से पूछताछ की तो उन लोगों ने घटना को स्वीकार कर लिया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर जो मुकदमा गुमशुदगी का दर्ज था पुलिस ने उसको हत्या और अपहरण में तब्दील कर दिया है। हत्या के आरोपित सोनू वर्मा, शिवम गुप्ता व राज कश्यप के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। पीड़िता विनीता ने बताया कि पति राजेश ने पिछले महीने अपनी प्रॉपर्टी करीब 20 लाख रुपये में बेची थी। हालांकि वह शराब पीने का भी लती था और इसी का फायदा उठाने के लिए उनके दोस्तों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि रुपया ऐठने के लिए तीन दोस्तों सोनू वर्मा, शिवम गुप्ता व राज कश्यप ने योजना बनाई और 28 दिसंबर को आरोपित सोनू द्वारा राजेश को फोन कर शराब पार्टी के लिए बुलाया गया। चारों ने जमकर शराब पी और फिर उसे राज कश्यप के घर कन्नौज लेकर गए। वहां पर उन्होंने राजेश को डरा धमकाकर दस लाख रुपये की फिरौती मांगी जिस पर राजेश ने ऐसा करने से मना कर दिया। इस बात से गुस्साए तीनों आरोपितों ने मिलकर राजेश द्वारा पहनी हुई हुडी टी-शर्ट की डोरी से गला घोंटकर हत्या कर दी। यही नहीं पहचान छुपाने के उद्देश्य से भारी पत्थर से उसके चेहरे पर कई वार करने के बाद शव को प्लास्टिक की बोरी में भरकर मिश्रीपुर पुल काली नदी कन्नौज में फेंककर वापस कानपुर आ गए।

### घर में घुसकर प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर में अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। 02-03 जनवरी की रात के समय घर में घुसकर दो बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर की कई गोलियां मारकर हत?या कर दी और फरार हो गए। हत?या की यह वारदात पुलिस चौकी से कुछ ही दूर पर हुई है जिससे पूरे मोहल?ले में सनसनी फैल गई। पुलिस बदमाशों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रही है। यह घटना गागलहेड़ी कस?बे की पुरानी सब?जी मंडी की है। 40 साल के सुरेश कुमार हरियाणा में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। रात में वह खाना खाकर सोने के लिए अपने बिस?तर में चले गये तभी दो हमलावर अचानक से घर में घुस आए और कमरे में घुसकर सुरेश कुमार पर दनादन गोलियां दाग दी। गोली की आवाज सुनते ही पत?नी तुरंत सुरेश के कमरे में पहुंची जहां वह लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ मिला। सुरेश की पत?नी और बेटे के बताने के बाद मोहल?ले वालों ने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह दूर भाग चुके थे। पुलिस सुरेश को लेकर हस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी अभिमन?यु मांगलिक ने बताया कि पुलिस सुरेश के घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। एक सीसीटीवी कैमरे में दोनों बदमाश जाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। जल?द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सूबेदार गंज से मायानगरी मुम्बई के बीच नौ जनवरी से चलेगी स्पेशल ट्रेन

**हमीरपुर।** शुक्रवार को यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे ने सूबेदारगंज से लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक साप्ताहिक ट्रेन का संचालन नौ जनवरी से शुरू कर रहा है। यह सप्ताह में दो दिन गुरुवार एवं शनिवार को सुमेरपुर कस्बे के रेलवे स्टेशन से गुजरेगी। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखकर विशेष यात्री गाड़ी के संचालन की घोषणा की है। रेलवे बेवसाइट के अनुसार यह साप्ताहिक विशेष यात्री ट्रेन संख्या 04115 गुरुवार नौ जनवरी को सूबेदारगंज (प्रयागराज) से दोपहर 12,10 बजे रवाना होकर फतेहपुर, गोविंदपुरी से होकर 17,35 बजे भरुआ सुमेरपुर आएगी। यहां से यह रागौल, बांदा, चित्रकूट धाम कर्वी, सतना, मैहर, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, खंडवा,भुसावल, नासिक, इटारसी,कल्याण होकर शुक्रवार को 20,50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 04116 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से रवाना होकर ढाडे होकर वापस आएगी जो शनिवार की रात साढ़े बारह बजे कस्बे में आएगी। इस साप्ताहिक विशेष यात्री ट्रेन के संचालन से यूपी,मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र से आने-जाने वालों को सुविधा मिलेगी।

### ठंड की चपेट में आकर पूर्व सभासद की मौत

**हमीरपुर।** शुक्रवार को ठंड की चपेट में आकर घर में बेहोश हुए पूर्व सभासद एवं राशन विक्रेता की सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुमेरपुर कस्बे के पशु बाजार के समीप रहने वाले बदलू प्रसाद 80 वर्ष पूर्व सभासद थे। इनके पास राशन की सरकारी दुकान है। यह ठंड की चपेट में आकर घर पर ही बेहोश हो गए। परिजन इन्हे आनन-फानन उपचार के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक पूर्व सभासद के पुत्र सुनील कुमार ने बताया कि पिता ठंड की चपेट में आ गए थे। इलाज को ले जाते समय रास्ते में इनकी मौत हो गई। पूर्व सभासद का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह मोक्ष धाम में किया जाएगा। ठंड के चलते बढ़ी मरीजों की संख्या, 6 लोग भर्तीसर्दी का सितम कहर बरपाने लगा है। बच्चे बूढ़े बीमार होकर अस्पताल पहुंचने लगे हैं। शुक्रवार को आधा दर्जन वृद्धों के साथ एक युवक को सर्दी लगने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद सभी की हालत में सुधार है। शुक्रवार को कोहरे के कहर के चलते दिन भर सूर्य देव के दर्शन नहीं हो सके। इससे आम लोगों के साथ पशु पक्षी ठंड से बेहाल नजर आए। सर्दी का कहर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को भीषण ठंड के चलते दरियापुर निवासी बिदांजलि (65), सुमेरपुर निवासी अनुज सिंह (21),बाकी निवासी शांति (70),विदोखर निवासी रामेश्वर (62), विद्यासागर (33) व तान्या (5), इंगोहटा निवासी महेश कुमार (42) को अस्पताल लाया गया। उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर सभी को छुट्टी कर दी गई। शुक्रवार को पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से आम जनमानस के साथ पशु पक्षी बेहाल नजर आए।

### गरीब बच्चों को बाटे गर्म कपड़े



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज नव वर्ष के उपलक्ष्य में ऋषि राज मिश्रा मेमोरियल फाउंडेशन की तरफ से निर्देशक प्रियंका मिश्रा और उनके सहयोगी इंदिरा पाठक कविता मिश्रा , नीलम मिश्रा , प्रतिभा , आशु , वर्षा , डॉ. सरिका , शालू जायसवाल , और तारा आंटी ने गोमती नगर विस्तार में बच्चों को गर्म कपड़े, महिलाओं को शॉल, और सभी को फल, बिस्कुट समेत अन्य सामान प्रदान कर नया साल मनाया और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने की कोशिश की। साथ ही, आने वाली सर्दी से बचाव के उपायों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में जागरूक भी किया। इस मौके पर उन्होंने अपील कि अपनी खुशी के लिए दूसरों की मदद करें ।

# साबित्री बाई फुले पुस्तकालय का हुआ लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत वार्ड नम्बर 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर सिसवा - महन्थ में साबित्री बाई फुले पुस्तकालय का लोकार्पण किया गया। जहां बालक - बालिका शिक्षा को लेकर पुस्तकों का संग्रह किया गया है। शुक्रवार को 19 वीं शताब्दी में नारी शिक्षा की अलख जगाने वाली सावित्रीबाई फुले की जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवकाश प्राप्त शिक्षक गोरख सिंह ने कहा कि साबित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा, लिंग समानता और सामाजिक सुधार के लिए आंदोलन किया जो अद्वितीय है। उन्होंने पहले लड़कियों के स्कूल की स्थापना की और अपने लेखन के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का कार्य किया। उनका समर्पण और साहस हमें प्रेरणा देता है। संचालन करते हुए महेश प्रसाद ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी, 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव गांव में हुआ था। वह एक असाधारण महिला थीं जिन्होंने अपना जीवन महिलाओं और दबे कुचले समुदायों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए बिताया। इस अवसर पर संजय कुमार सिंह, गणेश सिंह, योगेन्द्र, राम जनम, कन्हैया कुमार, इन्नर, राणा प्रताप, सोनू अंसारी, मथुरा, सुरेंद्र, अंश, अनीश आदि मौजूद रहे।

# मशास्त्र व संविधान भिन्न-भिन्न नहीं : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

एजेंसी



वाराणसी। दी सेंट्रल बार व बनारस बार एसोशिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्षों ने शुक्रवार को ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का संयुक्त रूप से चरण पादुका पूजन किया। दोनों बार के अध्यक्ष अधिवक्ता मंगलेश दुबे एवं सतीश तिवारी ने केदारघाट स्थित श्रीविद्यामठ में शंकराचार्य का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर शंकराचार्य ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था धर्म शास्त्र के अनुकूल है। आजकल संविधान को मानने वाले धर्म शास्त्र से अपनी दूरी समझते हैं। हम चाहते हैं कि संविधान के विशेषज्ञ और धर्म शास्त्र के जानकार दोनों मिलकर एक साथ बैठें । जिससे दोनों में विरोधाभास समाप्त हो। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि उनकी इच्छा है कि धर्म शास्त्र के मुकदमों को वाराणसी न्यायालय में धर्म शास्त्रों के अनुसार ही लड़ा जाए। सेंट्रल बार एसोशिएशन के अध्यक्ष मंगलेश दुबे ने कहा कि न्याय भी धर्म अंग है। समाज न्याय से वंचित होकर नही चल सकता है। अधिवक्ता का धर्म है कि समाज का कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रह जाए इस बात को सुनिश्चित करें। इस अवसर पर बनारस बार के अध्यक्ष सतीश तिवारी ने कहा कि पहले जब न्यायपालिका नही होती थी तो राजा गुरु से पूछकर न्याय करते थे। और आज भी हम लोग सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरु शंकराचार्य के शरण मे आए हैं ताकि न्याय पथ पर चल सकें। कार्यक्रम में दोनों अध्यक्षों का नागरिक अभिनंदन भी किया गया। इसमें पूर्व संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन अजय पाण्डेय, डॉ गिरीश चन्द्र तिवारी,रमेश उपाध्याय,राजेन्द्र तिवारी,प्रजानाथ शर्मा,डॉ साकेत शुक्ला,संजीव सिंह,सतीश कसेरा,डॉ उमापति उपाध्याय,शिवकुमार पाण्डेय आदि शामिल रहे।

# प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मैन्युफैक्चरिंग व सर्विस सेक्टर पर ध्यान देने की जरूरत: सुरेश खन्ना

एजेंसी



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य और जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कृषि,मैन्युफेक्चरिंग व सर्विस सेक्टर पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के लिए सभी विभागों को बेहतर प्रयास करने के लिए कहा। शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार की प्रमुख प्राथमिकता रोज़गार देने की है। अफसर सभी विभागों की संचालित योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को भी दे। उन्होंने कहा कि शासन की सभी अनुदानित योजनाओं की जानकारी लगातार आमजनों को देना सुनिश्चित करें, ताकि जरूरत मंद को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल से मंत्री ने शहर में जाम की समस्या के निवारण के लिए दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए नगर निगम के साथ मिलकर सड़कों के किनारे ग्रिल लगाते हुए उचित प्रबंधन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क का आवागमन बाधित न हो इसको देखते हुए समुचित समाधान सुनिश्चित करें। महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी आयेंगे। जिसको देखते हुए ट्रैफिक के उचित प्रबंध किये जायें ,ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए हर बुधवार को जागरूकता अभियान चलाते हुए आमजन को जागरूक किया जाये तथा बैंकों के साथ नियमित बैठक करके इस संबंध में उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में प्रभारी मंत्री ने बताया कि 2024-25 में उत्तर प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 25 लाख करोड़ था। जबकि केंद्र सरकार के अनुमान के अनुसार उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी 27 लाख 51000 करोड़ है। प्रदेश की विकास दर पिछले सात वर्षों से 12 फीसदी से अधिक है तथा औद्योगिक विकास दर 22.1 फीसद है। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि आवास योजना में शासनादेश के अनुसार चयन होना चाहिये।

कच्ची दीवार तथा कच्ची छत का जो मानक है उसको प्रसारित किया जाये तथा क्रॉस-चेक करने के उपरांत ही प्रथम किस्त का भुगतान किया जाये। टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की मांग समीक्षा बैठक में प्रदेश के स्टाम्प राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल तथा शहर दक्षिणी विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने जिले में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए मांग की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने हथकरघा विभाग की योजनाओं को बढ़ावा का सुझाव दिया। आयुष राज्य मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान की मुफ्त नस्ल सुधार योजना अंतर्गत गंगातिरी गायों को बढ़ावा देने तथा महोगनी पौधे के विकास को बढ़ावा हेतु कहा। विधायक टी राम ने रिंग रोड के पास ट्रामा सेंटर के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह ने महाकुंभ के दृष्टिगत ट्रैफिक की उचित व्यवस्था, बड़े वाहनों के पार्किंग के लिए जमीन चिह्नित करने की बात उठाई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

**संदर्भ : ई-खुली निविदा सूचना सं. सीपीएम-जीएस-आईजेडएन-2024-12**

ई-खुली निविदा सूचना सं. CPM-GS-IZN-2024-12 जो दिनांक 20.01.2025 को खोली जानी थी जिसे प्रशासनिक कारणों से दिनांक 14.02.2025 तक बढ़ाई जाती है। निविदा खोलने की संशोधित तिथि पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट पर उपलब्ध है। पूर्वोत्तर रेलवे का वेबसाइट http://www.ner.indianrailways.gov.in है। निविदा सूचना की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी। **सहा. अधिशासी इंजीनियर/गतिशक्ति/इज्जतनगर**

**मुजाधि/डब्ल्यू-355**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप. मु.सिग. एवं दू. सं. अभि./नि.-II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे, चारबाग लखनऊ-226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई-निविदा एकल पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही है:-

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं स्थान:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बाराबंकी-मल्हौर खंड के बीच 3-4 लाइन के काम के संबंध में बाराबंकी एवं मल्हौर स्टेशनों के मौजूदा एस एंड टी इलैक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (मेधा मेक) में जोड़ और परिवर्तन के साथ-साथ दोनों स्टेशनों पर आउटडोर एस एंड टी कार्य। |
| 2 | **पूरा होने की अवधि:** 180 (एक सौ अस्सी) दिन (स्वीकृती पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.4,30,64,776.35 (रुपये चार करोड़ तीस लाख चौसठ हजार सात सौ छिहत्तर और पैसा पैंतीस केवल) |
| 4 | **निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि:** रु. शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है। |
| 5 | **ऑफर की वैधता:** 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | **निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 30.01.2025 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी **www.ireps.gov.in** पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई-टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 30.01.2025 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है:** विस्तृत ई-टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर 10.01.2025 से 30.01.2025 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई-टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्या:- 287-सिग/सी.-II/लखनऊ/निविदा/02/24 दिनांक: 10.01.2025 29/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बन्द कमरे में अंगीठी जलाकर न सोयें: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । शीतलहर व ठंड के मौसम में जनसुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपदवासियों से अपील की है कि बंद कमरे में अंगीठी जलाकर न सोयें। अंगीठी जलने से हानिकारक गैस निकलती है जो कि मानव शरीर के लिए हानिकारक है। डीएम ने कहा कि बन्द कमरे में अंगीठी जलाकर सोने से दुर्घटना भी हो सकती है। डीएम ने बताया कि ठंड व शीतलहर को देखते हुए मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 250 से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं। अलाव सही समय पर जलें इसके लिए अलावों की जियो टैग फोटो भी मंगायी जा रही है तथा आपदा प्रहरी ऐप के माध्यम से लाईव फोटो भी अपलोड की जा रही है। डीएम ने बताया कि अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुॅचाये जाने के उद्देश्य से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में मा. जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा 06 हज़ार से अधिक कम्बल का वितरण भी किया गया है। डीएम ने बताया कि जिले में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शाम के समय भ्रमणशील रहकर अलाव व रैन बसेरों की व्यवस्था का जायज़ा लेते रहें तथा ज़रूरतमन्द लोगों को कम्बल का वितरण करें। डीएम ने बताया कि जिले में स्थापित गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों को शीत लहर व ठंड से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से अलाव व तिरपाल की व्यवस्था की गई है तथा उच्चाधिकारियों द्वारा भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया जा रहा है। डीएम द्वारा आमजन को सुझाव दिया गया है कि शीतदंश (फ्रासबाइट) के लक्षणों पर नजर रखे जैसे शरीर के अंगों का सुन्न पढ़ना, हाथों में पैरों की उंगलियों, कान, नाक आदि पर सफ़ेद या पीले दाग उभर आने पर अपने नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। ठंड में सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढकें। ठंड में फर्श तथा हरे घास पर नंगे पैर न चलें। हाइपोथर्मिया के लक्षणों पर नजर रखें जैसे-असामान्य शरीर का तापमान, याददाश्त का कमजोर होना, बेहोशी असीमित ठिठुरन, थकान तुतलाना इत्यादि जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। अत्यधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर वृद्धजनों तथा बच्चों तथा अकेले रहने वाले पड़ोसियों का ख्याल रखने के साथ-साथ किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सम्पर्क करें। लोगों को अपने आप को सूखा रखने, फिटिंग वाले ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनने तथा स्वस्थ भोजन, विटामिन-सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं जाने की सलाह दी गई है ताकि शरीर के तापमान का संतुलन बना रहे। डीएम मोनिका रानी ने लोगों को यह भी सुझाव दिया है कि ठंड में जहां तक हो सके घर में ही रहें, खुले वाहन तथा ज्यादा दूरी वाली यात्रा करने से बचें। आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें, शरीर में ऊष्मा प्रवाह को बनाये रखने के लिए निरन्तर गर्म पेय पदार्थों का सेवन करते रहें। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे ऊनी कपड़े, स्वेटर टोपी मफलर इत्यादि का प्रयोग करें जिससे ठंड से बचा जा सके।

# बिना टिकट रेल यात्रा करते धरे गए 79 यात्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । बलरामपुर रेलमार्ग के बीच चलने वाली डेमो ट्रेन पनवेल एक्सप्रेस ट्रेनों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के निर्देश पर गोंडा के प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल.यादव के नेतृत्व में ट्रेनों में गहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वालों में खलबली मच गई।इसके तहत बिना टिकट रेलवे में यात्रा करने वालों को चिन्हित कर दंड के साथ फाइन वसूला गया है।

अभियान के तहत रेलवे स्टेशन पर टिकट की जांच की गईं है इस अभियान के तहत गोण्डा बलरामपुर व गोरखपुर पनवेल एक्सप्रेस ट्रेन में बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की गई।

जिसमें बीते एक दिन में 79 बिना टिकट यात्री के यात्रा करते मिले वही ट्रेन में बिना टिकट रेल यात्रा कर रहे थे।विभाग द्वारा इस अभियान से कुल 57,690 रुपए जुर्माने के रूप में वसूल किए गए है गौरतलब है कि लखनऊ मंडल में विशेष टिकट जांच अभियान विभिन्न ट्रेनो में चलाया जा रहा है।

जिसमें वाणिज्य विभाग के अधिकारी चेकिंग स्टाफ,वाणिज्य निरीक्षक और रेलवे सुरक्षा बल सक्रिय योगदान दे रहे हैं बिना टिकट सफर करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है ताकि टिकट लेकर यात्रा करने वाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े बिना टिकट यात्रा से एक और जहां टिकट लेकर यात्रा करने वाले लोगों को परेशानी होती है।

वहीं दूसरी तरफ रेल राजस्व की भी हानि होती है इस दौरान टिकट परीक्षक एस.के.पटेल,माता प्रसाद,व आरपीएफ के जवान आदि मौजूद रहे।

# तहसील में अलाव न जलता देख, बिफर पड़े तहसीलदार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एक ओर इलाके में जहां ठिठुरन वाली ठंड से लोग बचते नजर आ रहे है, नववर्ष के आगमन से ही सर्द हवाओं और ठंड में इजाफा हुआ है, वहीं नगर पालिका की उदासीनता के चलते तहसील नानपारा में आने वाले वादकारियों को ठंड की मुसीबत झेलनी पड़ रही है। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से ठंड लगातार बढ़ती जा रही है, बढ़ती सर्द में स्थानीय लोग परेशान हैं।

पालिका प्रशासन के अलाव के दावे महज कागजों पर है इसका एक नमूना शुक्रवार को तहसील गेट पर दिखने को मिला। जहां पर पालिका क्षेत्र के चुनिंदा स्थानों पर अलाव जलाने के लिए महकमे को उच्चाधिकारियों से सख्त निर्देश जारी होने के बावजूद अलाव न जलते देख उधर से निकले तहसीलदार नानपारा अजय यादव बिफर पड़े और वादकारियों की ठंड की पीड़ा महसूस करते हुए उन्होंने तत्काल रूप से अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका नानपारा रंग बहादुर सिंह से फोन पर वार्ता कर तहसील गेट पर अलाव जलवाने के लिए कहा ताकि जरूरतमंदों को ठंड से निजात मिल सके।

कुछ ही देर बाद अधिशाषी अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए पालिका कर्मियों को भेजकर अलाव जलवाया। अलाव जलने से वादकारियों एवं स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# सतरूपा अष्टभुजा मन्दिर में चल रही संस्कारशाला में वितरित हुआ स्वेटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। पंचवटी श्री सीताराम आश्रम पीठाधीश्वर गुरु रवि शंकर जी महाराज द्वारा संचालित सभी 19 संस्कारशालाओं मे ऊनी वस्त्र वितरण कार्यक्रम के क्रम में सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मन्दिर नानपारा में चल रही संस्कारशाला में ऊनी वस्त्र वितरण महराज जी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ सभी संस्कारशालाओ में बच्चों को संस्कार की शिक्षा दी जाती है। शरद ऋतु आते ही गुरुदेव ने सभी बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित करने की घोषणा की गयी थी ।

इसी क्रम में भवनियापुर, नंदा गांव और नानपारा की संस्कारशालाओं में ऊनी वस्त्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर रिसिया से इंद्र बहादुर सिंह, नानपारा से ओमप्रकाश पोद्दार, उमेश चंद्र शाह, अजीत अग्रवाल, राधेश्याम मौर्य, धर्मेंद्र कांत श्रीवास्तव, अजय अग्रवाल, डा वीरांगना कान्त, डा अरविन्द मिश्रा, रूचि पाण्डे एवम आश्रम के अन्य सहयोगियो की उपस्थिति में बच्चो द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम का संचालन अशोक शुक्ला द्वारा किया गया। गुरु देव ने बताया कि इस वर्ष इन संस्कार शालाओं की संख्या 30 तक पहुंचाई जाएगी। गुरुदेव रवि शंकर ने बताया कि वर्तमान में पंचवटी श्री सीताराम के पांच आश्रम ककरहा, रिसिया, गोंडा, अयोध्या एवं कटनी मध्य प्रदेश में है या निर्माणधीन है। गोंडा में एक गुरुकुल प्रणाली का आवासीय विद्यालय प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें सभी संस्कारशालाओं से दो-दो निर्धन एवं प्रतिभाशाली छात्रों का चयन करके निशुल्क पढ़ाई एवं आवास की सुविधा दी जाएगी ! हाई स्कूल तक की पढ़ाई करने के उपरांत उच्च स्तर की पढ़ाई की व्यवस्था भी बनाई जाएगी, जिससे वे उच्च पदों के लिए चयनित हो सके या अच्छा व्यापार प्रारंभ कर सकें। गुरुदेव रविशंकर जी महाराज ने बताया कि प्रयागराज में प्रारंभ हो रहे कुंभ में एक कैंप प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें निवास करने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था है । देवीपाटन मंडल से जाने वाला कोई भी व्यक्ति यहां पर पूर्व में सूचना देकर निवास कर सकता है। यहां मेले के दौरान निशुल्क अन्नपूर्णा रसोई भी चलती रहेगी।




# अधिवक्ताओं के चेंबर का ताला तोड़ने पर आयुक्त ने एसपी को दिए जांच के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। एडवोकेट शेर बहादुर सिंह व रावेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ताओं ने आयुक्त न्यायालय कार्यालय प्रांगण के पूरब तरफ स्थित अधिवक्ता चैम्बर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा बीती रात कुर्सी तथा पत्रावलियों की चोरी की घटना के सम्बन्ध जॉच कराकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर आयुक्त देवीपाटन को प्रार्थना पत्र दिया।

इस पर आयुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने पुलिस अधीक्षक को चोरी के सम्बन्ध में जॉच कराकर नियमानुसार कार्यवाही कर अतिशीघ्र अवगत कराने के निर्देश दिए है।

## अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत 14 जनवरी तक बन्द रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जनपद के अन्तर्गत संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 01 से 14 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाता है। डीएम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अवकाश अवधि में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों में टीकाकरण, गृह भ्रमण, बच्चों का वजन एवं अन्य शासकीय कार्यों का सम्पादन पूर्ववत किया जायेगा।

## जनपद में 06 जनवरी से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जनवरी 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 06 से 25 जनवरी 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (18 कि.ग्रा. चावल 17 कि.ग्रा. गेहॅू) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2.7 कि.ग्रा. चावल तथा 2.3 कि.ग्रा. गेहॅू) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 जनवरी 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने जरूरतमंदों को वितरण की कंबल और लंच पैकेट जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी



**गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में समय समय पर जहां सरकारी व तमाम अन्य समाजसेवी संस्थाए ठंड को देखते हुए शहर में कंबल वितरण करती रही है। तो ऐसे में पत्रकारों का एक समूह खबरों के अलावा समाजसेवा में लग अब गरीबों व असहाय लोगों में कंबल व लंच पैकेट का वितरण कर रही। जिले में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले पत्रकारों के एक समूह ने इस भीषण ठंड को देखते हुए। रात को निकल ऐसे गरीब व असहाय लोगों के बीच पहुंच उन्हें कंबल व लंच पैकेट देकर उनकी जरूरत को पूरा किया। शहर के रोडवेज, गुरुनानक चौराहा, रेलवे स्टेशन, व जिला अस्पताल व महिला अस्पताल समेत शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंच रिक्शा चालकों व फुटपाथ पर रात गुजार रहे असहाय लोगों को लंच पैकेट व कंबल देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला प्रभारी ए.आर उस्मानी व जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि वैसे तो पत्रकार हमेशा ही समाजसेवा करता चला आ रहा है। फर्क ये है है कि अभी तक खबरों के माध्यम से कर रहा था। अब वह गरीब व असहाय लोगों के बीच पहुंच उन्हें समय समय पर जरूरत के सामान भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि संगठन ऐसे तमाम मौकों पर भी लोगों को मदद पहुंचाएगा।इस अवसर पर संगठन के महामंत्री अशोक कुमार पाठक,महिला जिलाध्यक्ष खुशबू कन्नोजिया, गीता जायसवाल,प्रदीप तिवारी बुलेट, आशीष श्रीवास्तव, इक़बाल शाह, विपिन सिंह, प्रमोद शुक्ला समेत संगठन के लोग रहे।

## महिला सभा प्रदेश सचिव नशीबुन्निशा ने जन आक्रोश रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव ने 6 सूत्रीय मांग को लेकर उपजिलाधिकारी नानपारा के प्रतिनिधि को सौपा ज्ञापन। बाबा साहब के अपमान व जनविरोधी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, सपा महिला सभा उत्तर प्रदेश की प्रदेश सचिव नशीबुन्निशा के नेतृत्व में एक आक्रोश रैली निकाली गई जिसमे दर्जनों महिलाएं और पदाधिकारी मौजूद रहे। सरकार और गृह मंत्री के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए रैली का समापन चौक बाजार में ज्ञापन के साथ हुआ। नायब तहसीलदार को दिए ज्ञापन में गृहमंत्री द्वारा अंबेडकर के अपमान पर माफी मांगने, महंगाई पर रोक लगाने, नेत्र शिविर लगाए जाने सहित सीएचसी में फिजिशियन की नियुक्ति तथा सप्लाई विभाग की व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की गई। जुलूस में शामिल लोग लगभग आधे घंटे बाजार में रुक कर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान अतहर हुसैन, मुन्ना रैनी, डा तनवीर, अयोध्या सोनी और संत कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# ईंट भट्ठा संचालकों की मनमानी से बंजर हो रही भूमि



- मानक से दोगुना ज्यादा खुदाई,तालाब में तब्दील हो रहे खेत..
- बंजर हो रही सैकड़ों हेक्टेयर धरती, खेतों की मिट्टी भट्ठे पर डंप कर रहे भट्ठा संचालक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। सबको घर बनाने के लिए लाल ईंट कि जरूरत पड़ती है। तहसील क्षेत्र में वैध अवैध कई ईट भट्टे दिन रात धधक रहे हैं लेकिन नियमों की अनदेखी के कारण हर दिन एक बड़ा उपजाऊ भूभाग वंजर होता जा रहा है।

क्षेत्र के ईंट भट्ठों पर मिट्टी का पहाड़ बनना शुरू हो गया है।जेसीबी मशीन मिट्टी के नाम पर किसानों के खेतों की जान निकाल रही है। प्लाट दर प्लॉट खेत विरान और तालाब बने दिख रहें हैं।

कहीं पैसे तो कहीं खेत में पा नी ठहरने के लालच में किसान अपना खेत ईंट भट्ठा व्यव साईयों को सौंप रहें हैं।

हलांकि कृषि योग उपज और पर्या वरण की दृष्टि से बेहद खतरनाक है।कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार यह खेतों की हत्या करने जैसा है।उपजाउ खेतों में तीन फुट से ज्यादा खुदाई जलस्तर और उपज दोनों के लिए विनाशकारी है।

## बिना विनिथम शुल्क जमा किए डम्प की जा रही मिट्टी

सूत्र की माने तो मनकापुर तहसील और सदर तहसील क्षेत्र में संचालित कई ईंट भट्ठा स्वामियों ने बिना विनियम शुल्क जमा किए ही भट्ठे पर भारी मात्रा में मिट्टी डंप कर ली है।हर रोज जेसीबी मशीन से खेती से मिट्टी खोदकर बड़े बड़े मिट्टी के पहाड़ बनाए जा रहे हैं।इस तरह ईंट भट्ठा स्वामी राजस्व को नुकसान पहुंचाकर अपना मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी आर्थिक सांठगांठ के चलते इनपर कोई कार्यवाही नहीं करते हैं।जिससे इनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

## लगातार गिर रहा जलस्तर

आंकड़े बताते हैं कि मिट्टी की लगतार हो रही खुदाई से हर साल हजारों एकड़ भूमि बंजर हो रही है इससे प्रदूषण का खतरा बढ़ने के साथ-साथ जलस्तर भी गिर रहा है।खनन के बाद उस स्थान पर मिट्टी का दबाव कम होने से पानी ऊपर आ जाता है।इससे दूसरे स्थान का जलस्तर नीचे चला जाता है।

वहीं मिट्टी के अंदर रहने वाले सूक्ष्म जीवों के नष्ट हो जाने से पर्यावरण को खतरा उत्पन्न होता है।मानक पर खरे नहीं उतर रहे भट्ठे जनपद क्षेत्र में संचालित एक भी ऐसे ईंट भट्ठे नहीं हैं जो मानक पर खरे उतर रहे हों। अधिकारियों को सरकारी राजस्व से मतलब है।उन्हें इनके मानकों से कुछ लेना देना नहीं है।जांच तक करना उचित नहीं समझते।चाहे ईंट पथाई का मामला हो या फिर ईंट पकाने का।किसी मामले की सतही जांच नहीं की जाती। जनपद के थाना मोतीगंज और देहात कोतवाली क्षेत्र और मनकापुर तहसील क्षेत्र के बहुत बड़े भूभाग को खनन मा फियाओं ने तालाब में तब्दील कर दिया है यहां जैसी भी मशीन और डंपरों से रात दिन मिट्टी खान का काम बदस्तूर जारी रहता है।वहीं भट्टे पर डंप हो रहे मिट्टी की जानकारी खनन विभाग के अधिकारी से संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताया और पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# मोतीगंज में धड़ल्ले से धधक रही कच्ची शराब की भट्ठिया

- सिर्फ दिखावे की कार्रवाई,यहां कुटीर उद्योग बन चुकी है कच्ची शराब,तस्करों के आगे मोतीगंज पुलिस और अब कारी विभाग बेबस..

**कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है धंधा..**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। वैसे तो जिलेभर में कच्ची जहरीली शराब का कारो बार मंदा होने का नाम नहीं ले रहा है,लेकिन जिले के मोती गंज थाना क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक गांवों में यह धंधा कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है।ऐसा भी नहीं है कि पुलिस कच्ची शराब की आड़ में 'ज़हर' का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है,बल्कि उसके द्वारा की जानी वाली कार्रवाई का नशे के धंधेबाजों पर तनिक भी असर नहीं होता है।यदि पुलिस विभाग के मीडिया सेल की सूचनाओं का ही जिक्र करें तो प्रति माह जिले के थानों और कोतवाली की पुलिस द्वारा एक हजार लीटर से अधिक कच्ची शराब की बरामदगी की जाती है। अब सवाल यह उठता है कि जब इतने बड़े पैमाने पर शराब के अवैध धंधे के खिलाफ अभियान चलाकर कार्र वाई की जा रही है,फिर इतनी बड़ी मात्रा में कच्ची शराब कहां से बरामद हो रही है ? स्पष्ट है कि इस कारो बार को रोक पाने में जिले की पुलिस अक्षम है।वही मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में अवैध कच्ची जहरी ली शराब का कारोबार इलाकाई पुलिस और आबकारी विभाग की साठगांठ से गोरखधंधे का रूप ले चुका है।सूत्र बता रहे है ज़ब मोतीगंज थाना प्रभारी निरक्षक ने ज़ब से चार्ज संभाला है तब से इस इलाके में आने वाले करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों में खुलेआम जहरीली शराब की भट्ठियां धधकती हैं।यहां क्षेत्रों में जैसे-जैसे दिन गुजरता है,वैसे-वैसे शराब की 'मण्डी' गुलजार होने लगती है।शाम होते ही घरों और गन्ने के खेतों में शराबियों का मेला लग जाता है।हल्का नंबर एक दो और तीन के गढ़ी, गौरवा कानून गो,सीहागाँव,पिपरा भिटोरा,राम नगर,मंगरे पुरवा, काशीपुरवा तथा बनकटा-चौकीदार आदि गांवों में कच्ची शराब का धंधा परवान चढ़ा हुआ है।कच्ची शराब पीकर आए दिन लोग असमय ही जान गंवा रहे हैं,लेकिन इसके बावजूद खाकी की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।वहीं थाना क्षेत्र के हल्का नंबर एक,दो और तीन में भी कच्ची शराब का धंधा खूब फल-फूल रहा है।

## अवैध शराबपर डीएम नेहा शर्मा की सख्ती बेअसर

जिले में अवैध रूप से बनाई और बेची जाने वाली कच्ची शराब को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा काफी सख्त हैं। सालभर पहले जिले की कमान संभालते ही उन्होंने सख्त निर्देश दिया था कि अवैध रूप से बनाकर बेची जाने वाली कच्ची शराब हर हाल में बंद कराई जानी चाहिए। डीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग लगातार छापेमारी अभियान चलाता आ रहा है,लेकिन इसके बावजूद इस गोरखधंधे पर लगाम नहीं लग पा रही है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा का कहना है कि अवैध शराब का निर्माण और विक्रय अपराध है। इसके खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

# गोण्डा में शर्म नाक करतूत: सिपाही पर पैरामेडिकल की छात्रा ने रेप का मुकदमा दर्ज कराया

- पीड़िता बोली- अपने साथियों से भी शारीरिक संबंध बनवाए,जबरन गर्भपात कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में पीएसी के सिपाही पर पैरामेडिकल की छात्रा ने रेप का मुकदमा दर्ज कराया है।आरोप है कि सिपाही ने धमकी देकर छात्रा से शारीरिक संबंध बनाए है और प्रेग्नेंट होने पर जबरन गर्भपात करा दिया।युवती ने डीएम-एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।मामले में एसपी विनीत जायसवाल ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इसके बाद खोडारे थाने में पैरामेडि कल की छात्रा की तहरीर पर आरोपी सिपाही सूर्यकांत कनौजिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एसआई त्रिजुगी प्रसाद को दी गई है। पीड़ित पैरामेडिकल की छात्रा ने आरोप लगाया है कि खोडारे थाना के 11 वीं बटालियन पीएसी सीतापुर में तैनात सिपाही सूर्यकांत कनौजिया ने धमकी देकर मेरे साथ संबंध बनाया।ज़ब मैं प्रेग्नेंट हो गई तो दबाव बनाकर जबरन मेरा गर्भपात भी करवा दिया और मैं शादीशुदा थी, इसके बावजूद सूर्यकांत कनौजिया मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।बीते 6 दिसंबर और 8 दिसंबर को दूसरे व्यक्तियों से फोन करके बुलाया और जबरदस्ती मेरे साथ शारीरिक संबंध बनवाए।अब सूर्यकांत कनौजिया मुझे ब्लै कमेल कर रहा है,और धमकी दे रहा है।कि तुम्हें उठा ले जाएंगे और जान से मार देंगे और मेरे पति के पास भी फोन करते हैं और गलत-गलत बात करते हैं।मामले में एसपी विनीत जायसवाल ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके बाद खोडारे थाने में पैरामेडिकल छात्रा की तहरीर पर आरोपी सिपाही सूर्यकांत कनौजिया के खिलाफ मुक दमा दर्ज कर लिया गया है।

मामले की जांच एसआई त्रिजु गी प्रसाद को दी गई है।वही दूसरे लड़कों से मुझे फोन करवा करके उल्टी सीधी बात करवाते हैं,धमकी देते हैं कि तुम्हारा डाइवोर्स करवा देंगे।फिलहाल खोड़ारे थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

मुकदमा दर्ज होने के बाद अब पीड़ित पैरामेडिकल छात्रा कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है।खोड़ारे थानाध्यक्ष का कहना केस दर्ज कर लिया गया है।जांच कर कार्रवाई होगी।

# महाकुम्भ के दृष्टिगत रामगंज त्रिसुंडी मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था के साथ ही सफ़ेद पट्टी लगाई जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत ने सर्वप्रथम गत बैठक मैं समिति द्वारा दिये गये निर्देशों की कार्यवाही की समीक्षा की। जिलाधिकारी निशा अनंत ने कहा कि वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड व घने कोहरे के दृष्टिगत अपने वाहन की गति धीरे रखें जिससे कि दुर्घटना बचा जा सके। जिलाधिकारी ने कोहरे के दृष्टिगत दृश्यता कम हो जाती है जिसके लिये सभी सड़कों पर सफ़ेद पट्टी, सड़कों के किनारे पेड़ों पर रिफ्लेक्टर निर्माण एजेंसियों को लगाने के निर्देश दिया। उन्होंने रामगंज त्रिशुंडी ( सुल्तानपुर प्रयागराज) मार्ग पर महाकुम्भ के दृष्टिगत पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई, सफ़ेद पट्टी लगवाने तथा अतिक्रमण मुक्त कराने निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में घने कोहरे के कारण के कारण दृश्यता बहुत ही काम है जिसके लिए ई-रिक्शा, ट्रैक्टर ट्राली सहित अन्य समस्त प्रकार के वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाये जाये, रोडवेज की बसों के फिटनेस का निरीक्षण उनके चालकों के स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण समय समय पर किया जाये।उच्च प्राथमिक, माध्यमिक उच्च शिक्षा द्वारा समस्त स्कूलों महाविद्यालयों, प्रशिक्षण संस्थानों इत्यादि में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु भाषण, क्विज, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराएं जाने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभिभावक मीटिंग में सड़क सुरक्षा विषय पर अनिवार्य रूप से चर्चा की जाए, समस्त तहसीलों में उपस्थित स्कूली वाहन वाले विद्यालयों की विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित कर ली जाय। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एजेंसियों द्वारा स्कूलों के पास साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप का निर्माण कराया जाए तथा सड़कों पर निर्धारित गति सीमा बोर्ड लगाया जाय। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिला अधिकारी अर्पित गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप जिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, एआरटीओ सर्वेश श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व विद्यालय के प्रबंधक/प्राचार्य उपस्थित रहे।

# विद्याकलश स्कूल में कैम्प फ़ायर के साथ स्काउट एवं गाइड कैम्प का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर के गांव खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल में चार दिवसीय स्काउट एव गाइड कैम्प का समापन हुआ।कैम्प संयोजक शकील अहमद ने बताया कि कैम्प का शुभारम्भ तीस दिसम्बर को हुआ और प्रत्येक दिन प्रशिक्षण हेतु निर्धारित कोर्स को पूर्ण करते हुये शुक्रवार को कैम्प फायर के साथ समापन हुआ।आज के कैम्प का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजकीय बालिका इण्टर कालेज अमेठी की प्राचार्या डॉ फूलकली के स्वागत से हुआ।विद्यालय की कलर पार्टी व बैंड दल द्वारा मुख्य अतिथि सहित आये हुये अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात अतिथियो ने बच्चों द्वारा बनाये गये टेंटों का निरीक्षण किया गया साथ ही बच्चों द्वारा बिना बर्तन के बनाये गये भोजन को भी चखा व सराहा गया।कार्यक्रम का समापन कैम्प फायर के साथ हुआ। कैम्प फायर का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा आग प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में स्काउट व गाइड ने विविध मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ आलोक तिवारी व प्राचार्य हिमांशु मिश्रा ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और आगंतुकों के प्रति आभार जताया।समारोह को मुख्य अतिथि राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्राचार्या डॉ फूलकली, ए एच इंटर कालेज जगदीशपुर के प्राचार्य मान सिंह,धीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ0 राम कल्प तिवारी, डॉ जया त्रिपाठी ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम के मध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बच्चों ने घायलों के इलाज के लिए स्ट्रेचर, पट्टी बांधना, पुल निर्माण, गांठबंधन आदि का प्रदर्शन किया। कैम्प में प्रशिक्षक के रूप में शकील अहमद एवं सचिन विश्वकर्मा रहे साथ ही कार्यक्रम का संचालन शशांक यादव ने किया।कार्यक्रम में कक्षा छह से नौ तक के बच्चे व विद्यालय के शिक्षकों सहित भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के स्काउट मास्टर राहुल शुक्ला व गाइड कैप्टन जूली मिश्रा ने किया।

# राइस मिल मालिक के चालक ने गाड़ी से चुराया था साढ़े तीन लाख रुपया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**थाना जामो पुलिस ने चालक को ढाई लाख रुपये के साथ किया गिरफ्तार**

अमेठी,थाना जामो पुलिस ने चोरी के ढाई लाख रुपये के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के नंदमहर मजरे नदियांवा निवासी आदित्य मिश्रा पुत्र विश्वम्भर प्रसाद द्वारा थाना जामो पर गुरुवार को लिखित तहरीर दी गई कि वह अपनी गाड़ी से चालक ऋषि यादव के साथ उधारी के रुपये लेने कमरौली गया था जहां से साढ़े तीन लाख रुपये कैश लेकर गाड़ी के डैशबोर्ड में चालक की जानकारी में रख दिया था तथा वापस नंद महर आया तथा चालक को गाड़ी के पास रुकने के लिये कहकर अपनी राइस मिल में चला गया कुछ देर बाद चालक ऋषि यादव ने आकर बताया कि गाड़ी का ओनर साइड सीट की बगल वाला शीशा टूटा है पास जाकर देखा कि शीशा टूटा हुआ है पर शीशे की कांच कहीं नहीं है। गाड़ी के डैशबोर्ड खुला हुआ है और उसमें रखे रुपये नही हैं।आसपास काफी देर खोजने के बाद एक लाख रुपये राइस मिल की बाउण्ड्री के पास पडे मिले शेष ढाई लाख रुपये नहीं मिले। आदित्य मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने चालक ऋषि यादव पुत्र सुरेश कुमार निवासी उसरापुर थाना मुंशीगंज के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर छानबीन में जुट गई। उप निरीक्षक संजीव कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान ऋषि यादव पुत्र सुरेश कुमार यादव निवासी उसरापुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र इक्कीस वर्ष को बैक आफ बडौदा जन सुविधा केन्द्र नंद महर के पास से समय करीब साढ़े तीन बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में युवक ने बताया कि दो जनवरी को डैशबोर्ड में रखे हुये रुपये चुरने का ख्याल मेंरे मन में आया।मैनें शीशा तोड़कर डैशबोर्ड में रखे हुये साढ़े तीन लाख रुपये चोरी कर लिया था।मुझ पर संदेह न हो इसीलिये उसमें से एक लाख रुपये गाड़ी के आगे कुछ दूरी पर फ़ेक दिये थे तथा शेष रुपये बैक आफ बडौदा जन सुविधा केन्द्र के पीछे ईट के नीचे छिपाकर रख दिये थे।युवक के बताये हुये स्थान से दो लाख पचास हजार रुपये बरामद किया गया। इस सम्बंध में थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

# सात विधाओं में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को मोस्ट ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान उ.प्र. के तत्वाधान में माता सावित्री बाई फूले जयंती के अवसर पर तिकोनिया पार्क में मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि पूर्व विधायक भगेलूराम, इं. राममूर्ति चौरसिया, समाजसेवी मकबूल अहमद, बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य ममता निषाद, एमएसबी इंटर कालेज की प्रवक्ता शीला गौतम, समाजसेवी मस्तराम गौतम, आज तक के पत्रकार अनूप आकाश वर्मा रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा इस बार सात विधाओं में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मोस्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें मोस्ट समाज के साहित्य, कला, खेल, विज्ञान आदि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 28 लोगों को मोस्ट सेवा रत्न सम्मान तथा निःशुल्क मोस्ट पाठशालाओं के 44 संचालकों को सावित्री बाई फूले शिक्षा रत्न सम्मान एवं मोस्ट कल्याण संस्थान के आह्वान पर रक्तदान करने वाले 81 लोगों को मोस्ट जीवन रक्षक रत्न सम्मान तथा मोस्ट के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार सहयोग करने वाले 5 लोगों को मोस्ट रत्न सम्मान और मोस्ट को सहयोग प्रदान करने वाले 300 लोगों को मोस्ट सृजनकर्ता सम्मान एवं वर्ष 2024 में हाईस्कूल में 85 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड से 80 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले 62 छात्र-छात्राओं को मोस्ट प्रतिभा सम्मान व सामाजिक सामाजिक संगठनों के 11 जिलाध्यक्षों को डॉ. अम्बेडकर रत्न से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मोस्ट रक्षक दल 62 के सदस्यों को ट्रैक शूट दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन रिटायर्ड नेवी ऑफिसर राम उजागिर यादव एवं संचालन जीशान अहमद व नंदलाल बौद्ध द्वारा संयुक्त रूप से किया गया तथा अध्यक्षता पेरियार सम्भोले वर्मा एवं हाजी दाऊद खां के संरक्षण में सम्पन्न हुआ।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों का किया मौका मुआयना एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज सदर तहसील क्षेत्र के शिकायतकर्ता विजयपाल पुत्र श्यामाचरन ग्राम भानपुर एवं शिकायतकर्ता दुष्यंत कुमार पुत्र शान्ती स्वरूप निवासी ग्राम ललौरी की आईजीआरएस की शिकायत का मौका भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने अवगत कराया कि शिकायतकर्ता विजय पाल द्वारा ग्राम भानपुर में चकरोड खुलवाये जाने के सम्बन्ध में शिकायत की। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने तहसीलदार के साथ मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें ग्राम भानपुर परगना व तहसील व जिला पीलीभीत में स्थित गाटा संख्या 264 रकवा 0.057 हे0 भूमि श्रेणी-6 चकमार्ग के रूप में दर्ज अभिलेख है। उन्होंने अवगत कराया गया कि चकमार्ग गाटा संख्या 264 रकवा 0.057 हे0 का सीमांकन शिकायतकर्ता रोजगार सेवक व अन्य पड़ोसी काश्तकारों की उपस्थित में कर दिया गया है। चकमार्ग को अवैध कब्जा मुक्त करा दिया गया है। वर्तमान में मिट्टी कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। शिकायतकर्ता उक्त निस्तारण से संतुष्ट है।इसके साथ ही शिकायतकर्ता दुष्यंत कुमार नि0ग्रा0 ललौरी द्वारा चकरोड की पैमाइश कराये जाने के सम्बन्ध में शिकायत की। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते जिलाधिकारी ने तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि ग्राम ललौरी परगना जहानाबाद तहसील व जिला पीलीभीत में स्थित गाटा संख्या 702 रकवा 0.032 हे0 का सीमांकन कर दिया गया है। चकमार्ग मौके पर खाली करवा दिया गया तथा ग्राम पंचायत ललौरी द्वारा चकमार्ग निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिया गया है तथा चकरोड सुचारू रूप से चल रहा है। उक्त निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट है। इस दौरान तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शिक्षक अपनी समस्या हमारे व्हाट्सएप पर भेजें, त्वरित होगा निस्तारण : बीएसए

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर सम्बद्ध (अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ)का एक प्रतिनिधिमंडल मालती सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर उपेन्द्र गुप्ता से नववर्ष के उपलक्ष्य में मुलाकात किया। प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि जनपद सुल्तानपुर को हमसब मिलजुल कर जल्द निपुण ब्लाक व निपुण जनपद बनाएंगे इस वर्ष में भी शिक्षा में गुणात्मक सुधार व छात्र नामांकन वृद्धि के क्षेत्र में और बेहतर कार्य मिलकर जुलकर किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षकों को अपने कार्य हेतु बी एस ए आफिस आने की आवश्यकता नहीं है हमें मोबाइल पर या व्हाट्सएप पर व्यक्तिगत रूप से शिक्षक मैसेज भेज सकते हैं उसका समाधान हम करेंगे उन्होंने कहा कि गुरु का सम्मान सर्वोपरि है। इस मौके पर रणवीर सिंह अध्यक्ष लंभुआ/जिला मीडिया प्रभारी, वैभव भटनागर मंत्री कूरेभार अरुण वर्मा अध्यक्ष कूरेभार दीपेंद्र सिंह अध्यक्ष जयसिंहपुर,शिवकुमार मौर्य मंत्री दोस्तपुर, के के सिंह अध्यक्ष कुड़वार आशु कवि व शायर संतोष सिंह बौखल प्रतापगढ़ी ज्योति सिंह जिला स्काउट शिक्षिका विजय प्रताप सिंह जितेंद्र त्रिपाठी ज्ञानेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने गौशाला और रैन बसेरे का किया निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । डीएम संजय कुमार सिंह ने तहसील में संचालित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को देखा।उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में पाए जाये तो उसे तत्काल रैन बसेरे में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बढ़ती ठंडक के दृष्टिगत नगर पालिका पूरनपुर की अस्थाई गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने निराश्रित गौवंशों को शीत लहर से बचाव हेतु टिन शेड के चारों तरफ तिरपाल व्यवस्था व लगाये गये गर्म हीटर की व्यवस्था को देखा और प्रंशसा की। इसके साथ ही उन्होंने गौवंशों को गुड़ खिलाई,साथ ही निराश्रित गौवंशों हेतु हरा चारा,भूसा,चोकर,पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान अपर जिलाधिकारी,अजीत प्रताप सिंह उप जिलाधिकारी, वीरेन्द्र कुमार तहसीलदार, लेखपाल अनिल चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे हैं।

## लेखपाल ने तारापुर के ग्राम प्रधान के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत तारापुर के ग्राम प्रधान के खिलाफ हल्का लेखपाल द्वारा सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।ग्राम प्रधान पर सरकार की सुरक्षित भूमि पर लगे पेड़ों को कटवा लेने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत तारापुर के हल्का लेखपाल हरि प्रसाद द्विवेदी ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि गाटा संख्या 513/0–1520 हेक्टेयर व गाटा संख्या 517/1–2650 हेक्टेयर नवीन परती खाते की भूमि है जो पूर्णतयः पेड़ो से अच्छादित थी।हल्का लेखपाल ने बताया कि उक्त भूमि का चयन वृहद्ध गौशाला हेतु खुली बैठक में ग्राम प्रधान व सदस्यों द्वारा किया गया है। हल्का लेखपाल की मानें तो ग्राम पंचायत सदस्य व अन्य लोगो ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा बीती पच्चीस अक्टूबर से उनतीस अक्टूबर के मध्य लगभग अस्सी पेड़ सिरसा व सागौन के कटवा लिये गये हैं जिससे सरकारी सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। पुलिस ने हल्का लेखपाल की तहरीर पर ग्राम प्रधान प्रेमनाथ कन्नौजिया पुत्र सूर्यबली के खिलाफ सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## हिन्दू महासभा ने पार्किंग बनाने को लेकर किया धरने का ऐलान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर बार बार ज्ञापन देने के बाद भी पार्किंग स्थल न बनने पर धरना प्रदर्शन का अल्टीमेटम दे दिया है अब संगठन किसी भी दिन एवं कहीं भी धरना प्रदर्शन कर सकता है। जिसका संपूर्ण जिम्मेदार संगठन ने उच्च अधिकारियों एवं आला नेताओं को बताया है।आपको बता दें कि कुछ समय पूर्व संगठन द्वारा उच्च अधिकारियों, सांसद, शहर विधायक एवं चेयरमैन को ज्ञापन देते हुए शहर के बाजार में पार्किंग स्थल न होने के चलते लोगों को होने वाली समस्या से अवगत कराया था किंतु इन सभी उच्च अधिकारियों एवं आला नेताओं के जनमानस की समस्याओं के प्रति बेरुखे रवैये से आज तक पार्किंग स्थल का चयन नहीं हो सका है। जिसको लेकर जिले की जनता एवं संगठन में रोष व्याप्त है।शुक्रवार को हिन्दू महासभा द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि शहर की आम पब्लिक की लंबे समय से मांग है शहर मे पार्किंग स्थल बनाया जाए। बार बार शहर के व्यापारी वर्ग और आम पब्लिक अधिकारियो से एवं संगठन से पार्किंग व्यवस्था को लेकर कह चुकी है संगठन ने कई बार अधिकारियों एवं पीलीभीत के सांसद,शहर विधायक को भी शहर मे पार्किंग स्थल बनाए जाने के स्थान के सुझाव के साथ लिखित शिकायत की लेकिन अभी तक इन लोगो की तरफ से कोई पार्किंग स्थल नहीं बनाया गया है जिसको लेकर दो चार दिनों मे संगठन धरना–प्रदर्शन करके अपना रोष व्यक्त करेगा। संगठन ने कहा है कि धरने की जिम्मेदारी सभी बड़े आला अधिकारियों, सांसद, विधायक एवं चेयरमैन की होगी। संगठन अपना धरना प्रदर्शन कहीं भी रख सकता है लेकिन किसी अधिकारी या आम पब्लिक को बाधित नही करेंगे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, नगर महामंत्री प्रमोद कश्यप, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव, नरसिंह, राहुल कश्यप आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में संविदा कर्मचारी की विकास भवन में होगी काउन्सलिंग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद पीलीभीत के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को रिक्त विद्यालय में पदस्थापन करने हेतु विद्यालय चयनित करने का विकल्प प्रदान करने हेतु दिनांक 06.01.2025 को प्रातः 11:00 बजे विकास भवन पीलीभीत में काउन्सलिंग की तिथि निर्धारित की गयी थी।

# उपलब्धि : जिले में गन्ना पर्चियों पर लागू किया गया सैनिक कोटा 450 गन्ना कृषक सट्टों में लागू सैनिक कोटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।गन्ना विभाग ने गन्ना सट्टी नीति के अंतर्गत सैनिकों,अर्ध सैनिक बलों,भूतपूर्व सैनिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समेत अन्य वर्ग के लोगों को पर्ची जारी करने में प्राथमिकता दी है। प्रभु यन. सिंह गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा जारी सट्टा नीति मे जहाँ एक ओर छोटे किसानो को सुविधा दी है वही सैनिको एवं उनके वारिसो को भी सुविधा दी है द्यगन्ना विभाग पीलीभीत ने सैनिक कोटा सुविधा को लागू कर दिया है। इससे सैनिक वर्ग को सहूलियत मिलेगी। राज्य में चल रही सुविधाओं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सेवारत सैनिकों के परिवारों, पूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों के आश्रितों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि गन्ना विकास विभाग ने सैनिक कृषक सदस्यों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से और राष्ट्रहित में उनके सेवाभाव को ध्यान में रखते हुए सैनिकों, अर्द्धसैनिक बलों के जवानों, भूतपूर्व सैनिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके विधिक उत्तराधिकारियों को गन्ना आपूर्ति में 20 प्रतिशत सैनिक कोटा की सुविधा प्रदान कर दी है। इस सुविधा के तहत जहां सामान्य किसानों को उनकी कुल निर्धारित एसएमएस गन्ना पर्चियां कैलेंडर के पूरे 12 पक्ष में प्राप्त होंगी। वहीं सैनिकों एवं उनके उत्तराधिकारियों को उनके सट्टे में निर्धारित कुल पर्चियां 10वें पक्ष तक ही प्राप्त हो जाएंगी। सैनिक कोटा सुविधा को लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सैनिक, अर्द्धसैनिक बलों अथवा भूतपूर्व सैनिक के नाम अगर जमीन नहीं है एवं उसके माता अथवा पिता के नाम सट्टा है तो उनमें से किसी एक को यह सुविधा सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्रदान की जाएगी। कार्यरत सैनिकों को एडजूटेन्ट और अर्द्धसैनिक बलों के लिये कमांडेंट/कंपनी कमांडर द्वारा प्रदत्त पहचान-पत्र मान्य होगा। गन्ना आपूर्ति में सैनिक कोटा की सुविधा गन्ना विभाग का सैनिक सदस्यों के प्रति सम्मान का भाव है। वर्तमान पेरायी सत्र में जनपद की सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों के कुल 405 सट्टों में सैनिक कोटा की सुविधा लागू की गयी है। सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत में 204 , समिति मझोला में 5 ,समिति पूरनपुर में 38 एवं समिति बीसलपुर में कुल 158 कृषकों को सैनिक कोटा का लाभ प्राप्त हुआ है।

# जिलाधिकारी ने देर रात ठंड के दृष्टिगत देखते हुए वितरण किया कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ठंडक के दृष्टिगत कल देर रात तहसील पहुंचकर अलाव व्यवस्था,रैन बसेरा एवं नगर पालिका पूरनपुर की अस्थाई गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी तहसील चौराहा,स्टेशन चौराहा सहित अन्य चिन्हित स्थलों पर अलाव व्यवस्था देखी।भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर अलाव जलाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।पूरनपुर में भ्रमण के दौरान ठंडक से ठिठूर रहे गरीब पात्र और जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित एवं उनसे बातचीत कर उनका हाल जाना तथा उनको रैन बसेरे में ठरहने हेतु कहा गया है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल मौजूद रहे।

# चुनौतियां बेशुमार

यूं तो नया या पुराना साल एक समय चक्र मात्र है और देश के सामने समस्याएं व चुनौतियां हर दौर में रही हैं। लेकिन हम समय की एक इकाई में अपनी समस्याओं को दूर करने के लक्ष्य निर्धारित कर निराकरण का प्रयास करते हैं। कमोबेश वर्ष 2025 को लेकर भी यही स्थिति रहने वाली हैं। हालांकि महंगाई, बेरोजगारी तथा गरीबी सर्वकालिक व सर्वदेशीय समस्याएं रही हैं, फर्क है तो यही कि सत्ताधीश इन चुनौतियों का मुकाबला कैसे करते हैं। जैसे-जैसे बीता साल पूर्णता की ओर बढ़ रहा था, देश को लेकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कुछ सकारात्मक तो कुछ चिंता बढ़ाने वाली खबरें वातावरण में तैर रही थीं। हालांकि, बांग्लादेश का राजनीतिक घटनाक्रम व अल्पसंख्यकों पर ज्यादती की खबरें विचलित करने वाली थी। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बांग्लादेश में जिस सत्ताधीश के विरोध में सत्ता पलट हुआ,उस सत्ता की सूत्रधार को भारत ने शरण दी। दरअसल, भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में तार्किक के बजाय भावनात्मक मुद्दे राजनीतिक विमर्श पर हावी रहे हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि दशकों से जारी एलएसी विवाद सिमटता नजर आया। जिससे चीन से बिगड़े रिश्ते पटरी पर आने की उम्मीद जगी। जिसके मूल में अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम भी है, लेकिन सुखद है कि एशिया की बड़ी महाशक्ति से संबंधों में सुधार आया। बाकी इस माह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद भारत की विदेश नीति दशा-दिशा तय करती नजर आएगी। जहां तक देश के घरेलू मोर्चे का सवाल है तो आर्थिक सुस्ती सत्ताधीशों की चिंताओं का विषय होनी चाहिए। वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर 5.4 फीसदी रहना चिंता का सबब बनी, क्योंकि यह विकास दर पिछली सात तिमाहियों के सबसे निचले स्तर पर है। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बीता वर्ष आम चुनावों व कई बड़े राज्यों में चुनाव का साल था, जिसमें भारी मात्रा में अनुत्पादक सरकारी खर्च हुआ है। जो कहीं न कहीं देश की विकास दर को प्रभावित करता है। बहरहाल, इसके बावजूद केंद्र सरकार विकास दर व मंदी की आहट को लेकर चिंतित नजर नहीं आती तो उसकी वजह है कि भारत की यह विकास दर भी दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से अधिक है। आर्थिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि वर्ष 2024-25 की तीसरी व चौथी तिमाही में विकास दर के तेज रहने के आसार हैं। जैसा कि केंद्रीय बैंक का अनुमान है कि आगामी वित्तीय वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर 6.6 फीसदी रहेगी। जिसके आधार पर विभिन्न रेटिंग एजेंसियां व आईएमएफ अनुमान लगा रहा है कि इस साल भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। लेकिन यह विचारणीय प्रश्न यह है कि कुलांचें भरते शेयर बाजार और बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्ज़ा हासिल करते देश में एक आम आदमी के जीवन में धनात्मक वृद्धि नजर क्यों नहीं आ रही है? सवाल यह भी है कि यदि देश की अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के दावे किए जा रहे हैं तो क्या देश में गरीबी, कुपोषण, असमानता की समस्या खत्म हो रही है? क्या स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार हो रहा है? सवाल यह भी कि क्या पर्याप्त रोजगार के अभाव में होने वाला विकास तार्किकता की कसौटी पर खरा उतर रहा है? क्यों शहरी व ग्रामीण बेरोजगारी दर में इजाफा हो रहा है? आखिर क्यों राजनीतिक लाभ-हानि के गणित से परे संवेदनशील ढंग से बेरोजगारी की समस्या के समाधान के गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आते? जब हम यह कहते नहीं थकते कि देश दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश है तो क्या हम इन युवा हाथों को उनकी योग्यता व क्षमता के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध करा पा रहे हैं? आखिर क्यों देश में युवाओं का तेजी से पलायन हो रहा है? क्यों वे छोटी-मोटी नौकरियों के लिये विदेश जाने की होड़ में लगे हैं? क्यों अपनी योग्यता से कम की नौकरी करने को मजबूर हैं? देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली कृत्रिम महंगाई, सामाजिक असुरक्षा तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए।

# मणिपुर में माफी कोरा दिखावा न होकर सार्थक बदलाव करें

**मणिपुर में 3 मई 2023 से ही बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर जो हिंसा शुरू हुई वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही। कभी अपनी सांस्कृतिक सद्भावना के लिए जाना जाने वाला राज्य अब गहराते विभाजन एवं जातीय संघर्ष का सामना कर रहा है और लोग लगातार भय में जी रहे हैं। तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा। शांति एवं सद्भावना की तलाश अभी भी जारी है। मणिपुर में जब चंद दरिंदे दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते नजर आए तो पूरा प्रांत आक्रोश में आ गया। जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत महत्व रखती है। न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किए और न ही शांति स्थापित करने के कोई प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार डेढ़ साल से ज्यादा समय से खेमों में बंटती राजनीतिक उलझन में फंसी रही। सभी दल, नेता एवं सरकार नामुमकिन निशानों की ओर कौमों को दौड़ती रही। यह कौमों के साथ नाइंसाफी होने के साथ अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा थी। क्योंकि ऐसी दौड़ जहां पहुंचाती है, वहां कामयाबी की मंजिल नहीं, बल्कि मायूसी का गहरा गड्ढा होता है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि ''मैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं।**

मणिपुर में जातीय संघर्ष, व्यापक हिंसा एवं अराजक माहौल के लिए पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते साल के आखिरी दिन शांति की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 'माफी' मांगी है, इस माफी को लेकर राजनीति के गलियारों में व्यापक चर्चा है। क्योंकि इस हिंसा में मई 2023 से 250 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए है। लम्बे समय से यह प्रांत अस्थिरता, असंतोष एवं अशांति की आग में जल रहा है। एन बीरेन सिंह ने माफी मांगते हुए हिंसा के इस लंबे कालखण्ड एवं सिलसिले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सभी समुदायों से अपील की कि पिछली गलतियों को भुलाकर वे शांति और सौहार्द कायम करें। हालांकि मुख्यमंत्री की इस अपील के अपने मतलब निकाले जा रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि यह माफी बहुत पहले मांगी जानी चाहिए थी। कुछ का यह मानना है कि माफी ऐसे समय आई है जब मुख्यमंत्री चौतरफा दबाव में है। विरोधी तो बहुत पहले से उनका इस्तीफा मांग रहे हैं, पिछले कुछ समय से खुद उनके विधायकों और सहयोगियों ने इस माफी को उनकी मजबूरी का परिणाम बताया है। निश्चित ही बीरेन सिंह के लिये माफी मांगना काफी नहीं है, अगर वह मानते हैं कि स्थिति को संभालने में नाकाम रहे तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था या केन्द्र को राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए था। अफसोसनाक यह है कि इस मसले पर अक्सर विवाद उभरते रहे और राजनीतिक शख्सियतों के बीच आरोप-प्रत्यारोप अक्सर बेलगाम बोल में तब्दील ही होते रहे, कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, जो गैरजिम्मेदाराना राजनीति को दर्शाता है। मणिपुर में 3 मई 2023 से ही बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर जो हिंसा शुरू हुई वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही। कभी अपनी सांस्कृतिक सद्भावना के लिए जाना जाने वाला राज्य अब गहराते विभाजन एवं जातीय संघर्ष का सामना कर रहा है और लोग लगातार भय में जी रहे हैं। तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा। शांति एवं सद्भावना की तलाश अभी भी जारी है। मणिपुर में जब चंद दरिंदें दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते नजर आए तो पूरा प्रांत आक्रोश में आ गया। जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत महत्व रखती है। न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किए और न ही शांति स्थापित करने के कोई प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार डेढ़ साल से ज्यादा समय से खेमों में बंटती राजनीतिक उलझन में फंसी रही। सभी दल, नेता एवं सरकार नामुमकिन निशानों की ओर कौमों को दौड़ती रही। यह कौमों के साथ नाइंसाफी होने के साथ अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा थी। क्योंकि ऐसी दौड़ जहां पहुंचाती है, वहां कामयाबी की मंजिल नहीं, बल्कि मायूसी का गहरा गड्ढा होता है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि ''मैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं। कई लोगों ने अपनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में स्थिति सामान्य हो जाएगी।'' प्रश्न है कि मुख्यमंत्री 18 माह के खून-खराबे के बाद अब क्यों माफी मांग रहे हैं? वे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर वह स्थिति को संभालने में नाकाम रहे थे तो उन्हें बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। ताकि स्थितियों लगातार इतनी विकराल नहीं होती, इतनी अधिक जनहानि नहीं होती। देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली सामाजिक असुरक्षा, जातीय संघर्ष तथा हिंसा जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए। यूं तो मणिपुर हिंसा में इतने मासूमों की मौत के बाद मुख्यमंत्री के माफी मांगने का कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा। इसीलिये विपक्ष दल एवं कांग्रेस उन पर और केन्द्र सरकार पर हमलावर है। 19 महीनों में एन.बीरेन असंवेदनशील बने रहे और वर्ष के अंत में उन्होंने माफी मांगकर किस संवेदनशीलता का परिचय दिया है? अब सवाल यह है कि त्रासदी का अंत कैसे हो? कैसे शांति स्थापित हो? जरूरत है मनुष्य को बांटे नहीं, सत्य को ढंके नहीं। बड़ा सवाल यह है कि राज्य द्वारा माफ़ी मांगना केवल दिखावा है और राजनीतिक अपयश निवारण और क्षतिपूर्ति की आवश्यकता मात्र है या किसी सार्थक बदलाव की बुनियाद। हालांकि इस तरह की राजनीतिक माफी अक्सर संदेहास्पद ही होती है क्योंकि माफ़ी में इससे कहीं अधिक की क्षमता होती है। सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने वाले नेताओं की संख्या में वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं चिन्तनीय रही है। माफ़ी मांगना एक ऐसी युक्ति है जिसका इस्तेमाल नेता अब अक्सर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये करते हैं, ताकि वे कम से कम लागत पर अपनी गलतियों को पीछे छोड़ सकें या उनसे पीछा छूडा सके। लेकिन बीरेन सिंह की माफी की अच्छी बात यह है कि तमाम दबावों के बाद ही सही, राजनीति और समाज के हर प्रमुख हिस्से ने उनकी माफी को सकारात्मक कदम माना है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस माफी की पहल को विश्वसनीय बनाया जाये एवं ऐसे उपयोगी एवं जरूरी कदम उठाए जाये ताकि मणिपुर राज्य में मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी जनजातीय समुदायों के बीच चला आ रहा टकराव विराम पा जाये। जरूरी है कि केंद्र और राज्य की सरकार मुख्यमंत्री की इस पहल से उपजे सद्भाव को स्थायित्व देने की कोशिशें अविलंब शुरू कर दें। 2023 के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में मणिपुर के हालात बेहतर रहे, संघर्ष की स्थितियां कम देखने को मिली। लेकिन पूर्व की हिंसक घटनाओं और मृतकों की संख्या को उससे बनने वाले माहौल से अलग करके नहीं देखा जा सकता। तनाव, संघर्ष और अविश्वास के जिस माहौल से मणिपुर गुजर रहा है, उसकी सचाई इसी हफ्ते कांगपोकपी जिले में कथित कम्युनिटी बंकरों को सुरक्षा बलों द्वारा नष्ट किए जाने पर हुए संघर्ष में 40 लोगों के जख्मी होने और कुकी नैशनल फ्रंट के कथित हमलों के खिलाफ चुराचांदपुर जिले में बंद का आह्वान किए जाने से स्पष्ट है। अभी भी असामान्य हालातों के बीच सवाल है कि मुख्यमंत्री की इस माफी का राज्य के अलग-अलग समुदायों के लोगों पर कैसा और कितना असर पड़ेगा? सवाल महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाता है क्योंकि यह आरोप संघर्ष शुरू होने के बाद से ही लगता रहा है कि मुख्यमंत्री और राज्य प्रशासन की भूमिका निरपेक्ष नहीं है। आरोप पूरी तरह गलत हो तो भी इससे इतना तो स्पष्ट है कि प्रदेश के लोगों का एक खेमा उन्हें अविश्वास भरी नजरों से देखता है। इतने गंभीर और मानवता के अस्तित्व को ही नकारने से जुड़े मसले पर भी समाज के लोगों में जो बंटवारे की प्रवृत्ति राजनीतिक कारणों से दिख रही है वो किसी भी नजरिए से देश की एकता और अखण्डता के लिये फायदेमंद नहीं है। मुद्दा चाहे कोई भी, खांचों या खेमों में बांटने या बंटने का और आम लोगों को तोड़ने का या जोड़ने का- राजनीति से जुड़े लोगों, राजनीतिक दलों और नेताओं में तो शुरू से रहा है लेकिन जब समाज में आम लोग भी इस तरह के बंटवारे का हिस्सा बन जाते हैं तो इसमें नुकसान सिर्फ और सिर्फ देश के नागरिकों का होता है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार संकट में सही ढंग से नहीं निपटने के चलते अपनी विश्वसनीयता पहले ही खो चुकी है, लेकिन उसे पुनः हासिल करने के लिये माफी से आगे बढ़कर और अधिक सामाजिक एकता, समरसता एवं सौहार्द के प्रयत्न करने होंगे। हमारे देश की राजनीति की विडम्बना ही रही है कि लोगों को धर्म, जाति, वर्ग, भाषा, वर्ण के नाम पर बांट कर किसी न किसी तरह सत्ता हासिल करना। हालांकि सही मायने में लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीति की परिभाषा और दायरा उससे कहीं ज्यादा व्यापक है। जातीय हिंसा का समाधान संवाद से ही होता है। राज्य सरकार को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मैतेई और कुकी समुदाय के साथ लगातार संवाद जारी रखना चाहिए। -ललित गर्ग

# प्रयागराज के महाकुंभ नगर में सुविधाओं का संगम

**मुकुंद**

प्रयागराज में 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा से महाकुंभ की शुरुआत हो रही है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का दूसरा स्नान है। इसे शाही स्नान और अमृत स्नान भी कहते हैं। संगम के मेला क्षेत्र में महाकुंभ नगर सज-धजकर तैयार है। दुनियाभर से पहुंचने वाले लाखों-करोड़ों तीर्थयात्रियों को संचार संपर्क में असुविधा न हो, इसके लिए केंद्रीय दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने व्यापक इंतजाम किए हैं। डीओटी ने संपूर्ण मेला क्षेत्र, प्रयागराज शहर और उत्तर प्रदेश के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में दूरसंचार के बुनियादी ढांचे को अपग्रेड किया है। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की वेबसाइट में उपलब्ध ब्यौरे के अनुसार, प्रयागराज शहरी क्षेत्र में 126 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाया गया है। इसके अलावा 328 नए टावर स्थापित किए गए हैं। मजबूत और निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए 1,462 मौजूदा बीटीएस इकाइयों का उन्नयन किया गया है। इसके अलावा 575 नए बेस ट्रांसीवर स्टेशन बनाए गए हैं। यही नहीं अकेले मेला क्षेत्र में हाईस्पीड विश्वसनीय नेटवर्क कवरेज प्रदान करने के लिए 192 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई है। 78 सीओडब्ल्यू (ट्रांसपोर्टेबल टावर) से मेला क्षेत्र को कवर किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और हवाई अड्डों में दूरसंचार सेवा हर हाल में पूरी क्षमता से काम करे। प्रयागराज जनपद के सभी महत्वपूर्ण मार्गों पर भी ऐसी ही व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र में 53 हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। यह डेस्क संदिग्ध धोखाधड़ी, खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने जैसी सेवा प्रदान करेंगे। मेला अवधि के दौरान आपातकालीन अलर्ट, आपदा चेतावनी और सामान्य सार्वजनिक जागरुकता संदेश भेजने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सुविधा और कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) एकीकृत प्लेटफार्म की व्यवस्था की गई है। चारों दूरसंचार सेवा प्रदाता यानी एयरटेल, बीएसएनएल, जियो और वीआई संचालित तीन आपदा प्रबंधन केंद्र भी बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में स्थापित इन केंद्रों को प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा की स्थिति में महत्वपूर्ण संचार चैनल प्रदान करने के लिए नवीनतम तकनीक से लैस किया गया है। महाकुंभ ऐसी महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा है जो दुनियाभर से करोड़ों लोगों को प्रयागराज की ओर आकर्षित करती है। यह आयोजन हर 12 साल में होता है। वर्ष 2025 का महाकुंभ मेला इतिहास के सबसे बड़े समारोहों में से एक होने की उम्मीद है। इसकी सफलता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अभूतपूर्व काम किया है। योगी सरकार ने महज चार माह में बेहतरीन सुविधाओं वाला दिव्य और भव्य शहर (महाकुंभ नगर) बसा दिया है। सड़कों का जाल बिछाया गया है। इनकी कुल लंबाई 300 किलोमीटर है। एक किलोमीटर लंबाई के 30 फ्लोटिंग पुल भी बांधे गए हैं। पेयजल और सीवेज जैसी सुविधाएं जुटाई गई हैं। समृद्ध तीर्थयात्रियों के लिए फाइव स्टार डोम और जरूरतमंदों के लिए डॉरमेटरी की सुविधा का ख्याल रखा गया है। महाकुंभ नगर में आंखों का अस्पताल भी होगा। मेला प्रशासन का कहना है कि यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा अस्थायी अस्पताल होगा। यहां 45 दिन में पांच लाख मोतियाबिंद के ऑपरेशन करने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रयाग हिंदुओं के लिए सदियों से महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। परंपरागत तौर पर नदियों का मिलन बेहद पवित्र माना जाता है, लेकिन संगम पर यह मिलन बेहद अहम माना गया है। यहां गंगा, यमुना और सरस्वती का अद्भुत मिलन होता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान विष्णु अमृत से भरा कुंभ (बर्तन) लेकर जा रहे थे। असुरों से छीना-झपटी में अमृत की चार बूंदें छलक कर गिर गईं। यह बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन रूपी तीर्थस्थानों में गिरीं। तीर्थ वह स्थान होते हैं जहां भक्तों को इस नश्वर संसार से मोक्ष की प्राप्ति होती है। ऐसे में जहां-जहां अमृत की बूंदें गिरीं वहां तीन-तीन साल के अंतराल पर बारी-बारी से कुंभ मेले का आयोजन होता है। इन तीर्थों में भी संगम को तीर्थराज के नाम से जाना जाता है। संगम में हर 12 साल पर महाकुंभ का आयोजन होता है। प्रयागराज में संगम वह स्थान है जहां गंगा का मटमैला पानी यमुना के हरे पानी में मिलता है। यहीं मिलती है अदृश्य मानी जाने वाली सरस्वती नदी। वैसे तो यह अदृश्य नदी है पर माना जाता है कि वह भू-गर्भ में बहती है । संगम को अकबर के किले के परकोटे से भी देखा जा सकता है।

## सेहत मंत्र

# विंटर में गाजर जूस पीने से मिलते हैं गजब के फायदे, स्किन होती है हेल्दी


विंटर सीजन में हम जितनी भी हेल्दी चीदें खाएंगे उतना ही आपकी सेहत मस्त रहेगी। सर्दी में गाजर का सेवन खूब किया जाता है। हर घर में गाजर की सब्जी, गाजर का अचार और गाजर का हलवा खूब बनता है। ऐसे में सलाद में भी गाजर का प्रयोग किया जाता है। सर्दियों में गाजर का जूस पीना काफी पौष्टिक माना जाता है। क्योंकि इसमें पोषक तत्वों का खजाना है। सर्दी के समय पानी पीना काफी कम हो जाता है जिससे डिहाइड्रेशन होने लगता है। गाजर के जूस पीने से हाइड्रेशन मिलता है। सर्दियों में पाचन काफी स्लो हो जाता है। इस बजह से कब्ज की समस्या होने लगती है। ऐसे में आप गाजर जूस का सेवन करते हैं, तो आपको काफी राहत मिलेगी। क्योंकि, गाजर में सबसे ज्यादा फाइबर मिलती है। इस मौसम में सर्दी जुकाम और फ्लू होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। इसलिए अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना बहुत जरूरी है। सर्दी में गाजर का जूस पीकर आप बीमारियों को दूर रख सकते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और बीटा-कैरोटीन का एक समृद्ध स्रोत है, जो शरीर में विटामिन ए दिलाता है। विटामिन ए प्रतिरक्षा कार्य को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गाजर का जूस पीने से पोटेशियम की मात्रा होती है जो रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करती है और हाई बीवी को नियंत्रित करती है। इससे दिल भी हेल्दी रखता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो हमारे कार्डियोवैस्कुलर को अच्छा बनाता है। अगर आप अपने वजन को कंट्रोल करना चाहते हैं, तो आप गाजर का जूस पी सकते हैं और इससे आपका पाचन भी ठीक होगा और वजन भी कम होगा। क्योंकि इसमें फाइबर मौजूद होती है। यह भूख को भी कंट्रोल करती है।

## धर्म मंत्र

# भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद चाहिए तो चले आइए केरल के गुरुवायुर मंदिर

दक्षिण की द्वारिका के नाम से विख्यात गुरुवायुर मंदिर अनेकों शताब्दियों से श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित इस अति प्राचीन मंदिर का पौराणिक ग्रंथों में विशेष महत्व बताया गया है। गुरुवायुर मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप गुरुवायुरप्पन की पूजा की जाती है। गुरुवायुर मंदिर में सिर्फ हिंदुओं को ही प्रवेश की इजाजत है और प्रवेश के लिए पहनावा भी निर्धारित है। गुरुवायुर मंदिर में पुरुष केरल की पारंपरिक लुंगी मुंडू पहन कर ही जा सकते हैं और महिलाओं को साड़ी अथवा सलवार सूट में ही जाने की इजाजत है। पुरुषों को कमीज या अन्य कोई परिधान पहनने के लिए इसलिए मनाही है ताकि भगवान की नजर सीधे उनके हृदय पर ही पड़े। गुरुवायुर मंदिर में भगवान विष्णु के दस अवतारों को भी बड़ी खूबसूरती के साथ दर्शाया गया है। गुरुवायुर मंदिर में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की मूर्तिकला अपने आप में बेजोड़ है। गर्भगृह में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के चार हाथ हैं जिनमें से भगवान ने एक हाथ में शंख, दूसरे में सुदर्शन चक्र और तीसरे तथा चौथे हाथ में कमल धारण कर रखा है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण की यह प्रतिमा भगवान विष्णु जी ने भगवान ब्रह्माजी को सौंपी थी। इस मूर्ति के बारे में यह भी कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं यह मूर्ति द्वारका में स्थापित की थी लेकिन जब द्वारका में भयंकर बाढ़ आयी तो यह मूर्ति गुरु बृहस्पति को तैरती हुई अवस्था में मिली। गुरु बृहस्पति ने वायु की सहायता से भगवान श्रीकृष्ण की इस मूर्ति को बचाया और इसे स्थापित करने के लिए पृथ्वी पर उचित स्थान की खोज में लग गये।

## पर्यटन



# प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे जंगलों, जलप्रपातों और ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है पचमढ़ी

पचमढ़ी, मध्यप्रदेश राज्य का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे जंगलों, जलप्रपातों और ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल राज्य का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और यह पर्यटकों को शांति, ठंडक और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा अनुभव प्रदान करता है। पचमढ़ी को 'मध्यप्रदेश की शिमला' भी कहा जाता है। यह स्थान आदिवासी संस्कृति, इतिहास, और अद्वितीय प्राकृतिक वातावरण का संगम है। पचमढ़ी का इतिहास बहुत पुराना है और यह स्थान आदिवासी जनजातियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। इसके बारे में यह कहा जाता है कि यह स्थल ब्रिटिशकाल में एक लोकप्रिय हिल स्टेशन बन गया था, जब ब्रिटिश सैनिकों को गर्मियों के मौसम में ठंडक की आवश्यकता महसूस हुई। पचमढ़ी का नाम संस्कृत के शब्द 'पंच' (पाँच) और 'मढ़ी' (गुफाएँ) से आया है, क्योंकि यहाँ पाँच प्रमुख गुफाएँ हैं जो पर्यटन स्थल के रूप में आकर्षण का केंद्र हैं। धूपगढ़ः यह पचमढ़ी का सबसे ऊँचा बिंदु है, जो समुद्रतल से 1,450 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य बहुत ही शानदार होता है। यह स्थल ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श है। केवलाराय मंदिरः यह प्राचीन मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और यहाँ से पचमढ़ी के अद्भुत दृश्य देखे जा सकते हैं। मंदिर तक पहुँचने के लिए एक छोटे से ट्रैकिंग रास्ते का अनुसरण करना पड़ता है। पचमढ़ी झीलः यह झील एक शांतिपूर्ण स्थल है जहाँ पर्यटक बोटिंग का आनंद ले सकते हैं। झील के आस-पास का वातावरण बहुत ही सुरम्य है और यह परिवारों के लिए एक आदर्श पिकनिक स्थल है। राजा रानी गुफाएँः ये गुफाएँ प्राचीन समय की बनी हुई हैं और इनका इतिहास बहुत दिलचस्प है। ये गुफाएँ मुख्य रूप से भगवान शिव और पार्वती से जुड़ी हुई हैं। बी फॉलः यह जलप्रपात पचमढ़ी का सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत जलप्रपात है। यहाँ का वातावरण शांति और ठंडक से भरा हुआ है।

# यूनानी संघ, का चुनाव: जिलाध्यक्ष अविनाश, राजेश बने सचिव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ की जिला शाखा बाराबंकी का गठन हुआ। जिले के समस्त आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में डॉ. अविनाश चन्द्र जिलाध्यक्ष और डॉ राजेश कुमार सचिव चुने गये।

इसी क्रम में, उपाध्यक्ष आयुर्वेद डॉ. गुलाबचंद, उपाध्यक्ष यूनानी डॉ. शाइन्दा परवीन, उपाध्यक्ष महिला डॉ. ज्योति यादव, उप सचिव आयुर्वेद डॉ. अरविंद कुमार, उप सचिव यूनानी डॉ. किरण सिंह, उप सचिव महिला डॉ. पारुल वर्मा, आय व्यय निरीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रंजना गौतम, डॉ. वेद प्रकाश कनौजिया एवं डॉ. राशिद अली चुने गये।

इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ वीनम यादव, डॉ धीरेंद्र कुमार धीमान (चुनाव पर्यवेक्षक), मंडलीय सचिव अयोध्या डॉ. शरद कुमार, तथा प्रांतीय महासचिव डॉ. जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# भारत व साउथ कोरिया के कोलोवेरेशन से बाराबंकी में स्थापित होगी यूनिट

- डीएम से मिला दक्षिण कोरिया का डिलिगेट
- ऊर्ज़ा, युवाओं को मिलेगा रोजगार के अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में दक्षिण कोरिया के डेलीगेशन के साथ एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में दक्षिण कोरिया के डेलीगेशन में आये हुए श्री सांगवान किम द्वारा जनपद बाराबंकी में सॉलिड वेस्ट से ग्रीन एनर्जी उत्पादन हेतु इकोनॉमिक डेवलपमेंट कार्पोरेशन फंड (क्क्र्क्) के अंतर्गत प्लाण्ट स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया



गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान अवगत कराया गया कि लगभग रू0 1000 करोड़ के ईडीसीएफ फण्ड से भारत सरकार एवं साउथ कोरिया के कोलोवेरेशन से विभिन्न जनपदों में वेस्ट टू ग्रीन एनर्जी उत्पादन का प्लाण्ट स्थापित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

जनपद बाराबंकी में उक्त प्रकार के प्लाण्ट के स्थापित होने से वेस्ट डिस्पोजल के साथ-साथ ऊर्ज़ा, रोजगार एवं राजस्व में भी वृद्धि होगी। जनपद के अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका तथा परियोजना प्रबन्धक-स्वच्छ भारत मिशन द्वारा जनपद बाराबंकी में एकत्रित होने वाले कूड़े/वेस्ट की जानकारी के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें एकत्रित होने वाले वेस्ट के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा जनपद के कूड़ा प्रबन्धक तथा कूड़ा निस्तारण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए डेलीगेशन के साथ प्लाण्ट स्थापना की आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा की गयी। साथ ही अवगत कराया गया कि जनपद में प्रस्तावित प्लाण्ट की आवश्यकतानुसार सॉलिड वेस्ट उपलब्ध कराया जा सकता है।

उक्त के अतिरिक्त जनपद के कतिपय स्थानों पर एकत्रित होने वाले कूड़े के भण्डार का भी प्रयोग प्रस्तावित प्लाण्ट में कच्चे माल के रूप में किया जा सकता है। श्री किम द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि अत्यधिक आवश्यकता के दृष्टिगत आस-पास के जनपदों से भी कूड़ा एकत्रित किया जा सकता है। उक्त के साथ-साथ श्री किम द्वारा 10000 वर्गमीटर भूमि की आवश्यकता के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया कि भूमि व अन्य प्रकार के अभिलेखीय प्रकरणों में जनपद स्तर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में कण्ट्रीहेड सिद्वार्थ रविन्द्रन, विजय पाण्डेय, प्रत्युश पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग-आशुतोष श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक-यूपीनेडा, अधिशासी अधिकारी-नगर पालिका परिषद, मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र- एफ. रहमान अंसारी, चेयरमैन आईआईए राजेश कुमार तिवारी, ग्रीनवियर फैशन लि.के इकाई स्वामी अभिषेक पाठक इत्यादि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी का निर्देश: बीडीओ ने किया क्षेत्रीय विद्यालयों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## बुनियादी शिक्षा, विद्यालय के रख रखाव पर डीएम की पैनी नजर

निंदूरा बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के दिशा निर्देश पर विकासखंड क्षेत्र स्थित माध्यमिक विद्यालयों राजकीय हाईस्कूल समरदा,राजकीय हाईस्कूल काजी बेहटा,राजकीय हाईस्कूल घुंघटेर ,राजकीय हाईस्कूल बढ़ईडीह का खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा व एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान विद्यालयों में साफ सफाई व्यवस्था के साथ ही विद्यालय भवन की दशा को भी परखा। बीडीओ श्री वर्मा ने बताया कि निरीक्षण निरीक्षण दौरान विद्यालय की आवश्यकताओं को भी बारीकी से आंकलन किया गया। राजकीय हाईस्कूल काजी बेहटा और राजकीय हाईस्कूल समरदा में बाउंड्री वॉल और शौचालय निर्माण की महती



आवश्यकता है। जिलाधिकारी की संस्तुति पर बनवाया जाएगा।एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राजकीय हाईस्कूल बढ़ईडीह और घुंघटेर में छत पर घोटाई न होने के चलते सीलन से बिल्डिंग को काफी नुकसान हुआ है।कमरों के शीशे भी टूट चुके है। छात्र छात्राओं को संख्या देखते हुए शौचालय की भी परम आवश्यकता है।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव राजेश कुमार निगम, अवर अभियंता आरइएस सचिन कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

# मारपीट में घायल की उपचार के दौरान मौत,परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। करीब 3 सप्ताह पूर्व जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी।

मृतक का शव लेकर घर पहुंचे परिजनों ने सड़क पर ही शव रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक के परिजनों की मांग हैं कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और कड़ी कार्यवाई की जाए उसके बाद ही मृतक का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मौके पर बदोसराय, दरियाबाद, मसौली, रामनगर, सफदरगंज सहित कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात है परिजनों को शव के अंतिम संस्कार के लिए मनाया जा रहा है। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम मसूद्पुर थाना दरियाबाद के निवासी सन्तराम वर्मा व रमेशचंद्र वर्मा के मध्य ग्राम खजूरी थाना बदोसराय स्थिति भूमि को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चल रहा है जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसी विवादित भूमि पर जबरन कबजेदारी को लेकर दोनों पक्षों के मध्य 14 दिसंबर को जमकर मारपीट हुई थी जिसमें रमेश चंद्र वर्मा पक्ष के 25 वर्षीय सुशील कुमार को गंभीर चोटें लगी थी। जिसके बाद दोनों पक्षों की तहरीर पर बदोसराय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए भेजा था। जिसका मेडिकल कालेज लखनऊ में इलाज चल रहा था।

इलाज के दौरान ही शुक्रवार को अस्पताल में सुशील कुमार की मौत हो गई मौत से नाराज परिजन मृतक का शव लाकर विवादित भूमि के समीप कोटवाधाम से कोटवा सड़क जाने वाले मार्ग पर रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। खबर लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन चल रहा है मौके पर दरियाबाद मसौली रामनगर सफदरगंज बदोसराय सहित कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात हैं।

## समूह पर गबन का मुकदमा, वसूली शुरू

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्वयं सहायता समूहों का लाखों रुपये संघ की अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष ने गबन कर लिया, जांच में पुष्टि के बाद डिप्टी कमिश्नर द्वारा पारित आदेश क्रम में खंड विकास अधिकारी निंदूरा आरोपियोंक विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। बीडीओ ने ब्लाक मिशन मैनेजर के माध्यम से कुर्सी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, आरोपितों से रिकवरी के आदेश जारी हो गए हैं। थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि ब्लाक मिशन मैनेजर की तहरीर पर मधु, शिवानी, राजेश्वरी, संगीता, राधा देवी,सुधा, शिवपती पर धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच शुरू कर दी गई है।

## ग्राम चौपाल, समस्याओं का निस्तारण शत प्रतिशत

**मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम पंचायत बड़ागांव मे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास तिवारी तथा ग्राम पंचायत अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें सात शिकायतें आई। सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। पंचायत भवन बड़ागांव मे आयोजित ग्राम चौपाल मे क्षेत्रीय युवा अधिकारी विकास तिवारी के समक्ष उमा शंकर पुत्र अवधराम, बेला पत्नी मिथुन, गुल मोहम्मद पुत्र गुलाम रसूल ने परिवार रजिस्टर के लिए आवेदन किया मौक़ेपर ही पंचायत सचिव जैसराम ने परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध करायी वही ललाइन पत्नी मोहर सिंह पूनम पत्नी दीपक कुमार ने राशन कार्ड मे नाम बढ़वाने की मांग की मौक़ेपर मौजूद उचित दर विक्रेता सरिता वर्मा ने ऑनलाइन करने के लिए कहा। इस मौक़ेपर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, सीएचओ सोनम बीडीसी सदस्य शाहिद अली, पप्पू गौतम, पंचायत सदस्य अंगद गौतम, कृष्ण कुमार गुप्ता, मायाराम यादव आदि ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम पंचायत चंदवारा मे अवर अभियंता अरुण कुमार व्यास के समक्ष मनोज कुमार ने जाबकार्ड बनवाने व सत्यनाम ने परिवार रजिस्टर के लिए प्रार्थना पत्र दिया पंचायत सचिव अजय कुमार वर्मा ने मौके पर ही परिवार रजिस्टर नकल देकर निस्तारण किया। इस मौक़ेपर ग्राम प्रधान रमेशचंद्र जयसवाल, प्रतिंनिधि पप्पू जयसवाल मौजूद रहे।

## ग्राम चौपाल, एडीओ अनिल ने सुनी समस्याएं

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों उधापुर तथा जजियामऊ में शुक्रवार को पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। उधापुर में सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।यहां आवास की मांग को लेकर पांच प्रार्थना पत्र,पेंशन संबंधी दो प्रार्थना पत्र और शौचालय निर्माण को लेकर एक प्रार्थना पत्र सहित कुल आठ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।जिनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।वही जजियामऊ में एडीओ एसटी अजय कुमार मौर्य और एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी ने जन समस्याएं सुनी।यहां पर आवास मांग को लेकर तीन प्रार्थना पत्र,पेंशन को लेकर तीन प्रार्थना पत्र और हैंडपंप मरम्मत को लेकर एक प्रार्थना पत्र दिया गया। हैंडपंप मरम्मत का निस्तारण तुरंत कर दिया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव रेनू पांडेय,आनंद कुमार सिंह,ग्राम प्रधान मीना देवी,अवधेश कुमार उपस्थित रहे।

## अधीक्षण अभियंता के निरीक्षण पक्ष योजना में आई गति

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र सिरौली गौसपुर में अधीक्षण अभियंता राज बाला द्बावा निरीक्षण के पश्चात एक मुश्त समाधान में तीव्रता दृष्टिगोचर। उपभोक्ताओं का बकाया जमा करवाने के लिए उपखंड अधिकारी अभिषेक मल्ल द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। शुक्रवार को अधिशासी अभियंता डीके यादव के निर्देश पर बदोसराय उपखंड अधिकारी अभिषेक मल्ल और अवर अभियंता राज मौर्य ने विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण किया और बकाया बिल जमा करवाया। क्षेत्र के शहरी, अद्रा,लहडरा गांव में टीजी टू सत्यवान, पंकज,अतुल, मिथिलेश सविंदा कर्मी पप्पू लवलेश लालजी राजकुमार आदि विद्युत विभाग के कर्मियों ने कैम्प लगाकर उपभोक्ताओं को छूट से संबंधित जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से अपील किया कि सरकार द्वारा लाई गई एक मुश्त समाधान योजना का लाभ ले।और अपना बकाया जमा करें। उपखंड अधिकारी अभिषेक मल्ल ने उपभोक्ताओं से कहा कि प्रथम चरण में जो उपभोक्ता अपना बकाया नही जमा कर पाए हैं वह उपभोक्ता छूट के साथ द्वितीय चरण 1 जनवरी 15 तक तृतीय चरण 16 जनवरी 31 तक अपना बकाया बिल जमा कर दें। इस संबंध में अवर अभियंता राज मौर्य ने उपभोक्ताओं से कहा सरकार के द्वारा ओटीएस योजना शुरू की गई है। जिसमें उपभोक्ताओं को भारी छूट दी जा रही है ।ओटीएस योजना का लाभ लेकर बकाया जमा कर दें।

## सरसों बर्तन गैस सिलेंडर उठा ले गए चोरी फ

**मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। घर मे रखी हुई 50 किलो सरसों व गैस सिलेंडर तथा बर्तन उठा ले गये। पीड़ित ने थाना सफदरगंज पुलिस को तहरीर दी है । गुरुवार की देर रात्रि थाना व कस्बा सफदरगंज निवासी अनिल कुमार गुप्ता पुत्र बनवारी लाल गुप्ता के घर में चोरों ने पीछे की दीवार मे नकबजनी? की।और घर मे रखी 50 किलो सरसो व गैस सिलेंडर तथा बर्तन उठा ले गये। पीड़ित ने थाने मे तहरीर दी है

शीतलहर का कहर जारी ठंड लगने से यात्री की हुई मौत

जालौन, 03 जनवरी (हि.स.)। इन दिनों शीत लहर का कहर जारी है और इसी के चलते शुक्रवार को ट्रेन में सफर करने वाले एक यात्री की मौत हो गई। वह मेमो ट्रेन से यात्रा कर रहा था। ठंड से उसकी तबीयत खराब हो गई। यात्रियों ने उरई रेलवे स्टेशन पर उसकी स्थिति देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे उतार कर रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, यह घटना उरई रेलवे स्टेशन पर हुई। यात्री राम शाह चौहान, जो गोंडा जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के गांव पड़ियापुर का रहने वाला था। कानपुर से झांसी जा रहा था। यात्रा के दौरान उसे ठंड लग गई। उसकी हालत बिगड़ने लगी। उरई स्टेशन पर उतरने के बाद वह अचानक कांपने लगा। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**चित्रकूट।** जिले के सरधुवा थाना क्षेत्र के खोपा नहर के पास एक युवक की खून से लथपथ पड़ी लाश नहर में देखकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई । घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, एसआई मुन्नीलाल तथा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए शव विच्छेदन हेतु कर्वी भेज दिया है। उधर मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्राम पंचायत भदेहदू के मजरा जमौली निवासी हीरालाल निषाद के बड़े पुत्र राकेश निषाद उम्र 35 वर्ष गुरुवार को सुबह करीब 8 बजे गांव के ही लकड़ी ठेकेदार जुगराज निषाद लकड़ी कटवाने के लिए भदेहदू के बाग में लिवा ले गया था। देर रात जब घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दिया और डायल 112 को सूचना दी गई। शुक्रवार को राजगीरों के द्वारा सरधुवा पुलिस को नहर में पड़ी लाश की सूचना दी गई।

# टीवीएस सिस्टम से लैस हुए मेट्रो के सभी भूमिगत स्टेशन

एजेंसी

कानपुर। कानपुर मेट्रो के चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक सभी भूमिगत स्टेशनों में टनल वेंटिलेशन सिस्टम (टीवीएस) को स्थापित करने का काम पूरा कर लिया है।

यह टीवीएस सिस्टम आग लगने की घटना में धुएं को नियंत्रित करेंगे और मेट्रो के चलने के दौरान ब्रेक लगाए जाने पर जो गर्मी निकलेगी वह प्लेटफार्म के वातावरण में मिश्रित नहीं होने पाएगी।

मेट्रो के भूमिगत सेक्शन में जमीन से लगभग 16 मीटर नीचे मेट्रो परिचालन के दौरान यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टीवीएस सिस्टम की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इस सिस्टम का जाल भूमिगत स्टेशन के सभी तलों, कॉनकोर्स और प्लेटफॉर्म से लेकर टनल्स तक फैला होता है।

भूमिगत स्टेशनों के लगभग 30 प्रतिशत से भी अधिक हिस्से पर तकनीकी कक्षों में इस सिस्टम से जुड़े उपकरण जैसे टनल वेंटिलेशन फैन, ट्रैकवे एग्जॉस्ट फैन, डैम्पर्स आदि इंस्टॉल किए गए हैं।

टीवीएस सिस्टम आग लगने जैसी दुर्घटना के दौरान के उसके पंखे धुएं की आवाजाही को नियंत्रित करते हैं, जिससे यात्रि?यों की सुरक्षित निकलने में मदद मिलती है। एयर कंडीशनर से निकलने वाली गर्म हवा और ब्रेक लगने के दौरान उत्पन्न गर्मी को कैप्चर कर प्लेटफॉर्म के वातावरण में मिश्रित होने से रोकने का काम करते हैं।

टनल के अंदर ट्रेन के साथ आ रहे हवा के प्रेशर को दूसरे टनल की तरफ स्थानांतरित करने के लिए भी इनका प्रयोग किया जाता है।

एयर हैंडलिंग यूनिट या एएचयू गर्मियों के दौरान ट्रैकवे एग्जॉस्ट फैन से और सर्दियों में सीधे पर्यावरण से ताजी हवा एकत्र कर अंडरग्राउंड स्टेशन में प्रसारित करने का कार्य करता है।

कानपुर सेंट्रल में टनल वेंटिलेशन सिस्टम के तहत 3 ट्रैकवे एग्जॉस्ट फैन्स, 4 टनल वेंटिलेशन फैन्स और 2 एयर हैंडलिंग यूनिट्स लगाए गए हैं। मेट्रो के महाप्रबंधक सुशील कुमार ने शुक्रवार को बताया कि चुन्नी गंज से कानपुर सेंट्रल तक सभी भूमिगत अंडरग्राउंड स्टेशन चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज और कानपुर सेंट्रल में यह सिस्टम इंस्टॉल कर दिया गया है।

टीवीएस सिस्टम अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए फ़ेफड़ों की तरह काम करता है और आग लगने जैसी आपात परिस्थितियों में यात्रियों को सुरक्षित निकालने में इसकी सबसे अहम भूमिका होती है।

# समाजवाद की जीती जागती मिसाल थे कैप्टन अब्बास अली: राजनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कैप्टन अब्बास अली स्वतंत्रता संग्राम के नायक और आज़ाद हिंद फौज के सिपाही थे। जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपनी बहादुरी की मिसाल कायम की। उनकी आत्मकथा 'न रहूँ किसी का दस्तनिगर' उनके अदम्य साहस और समाजवादी विचारधारा को दर्शाती है। वह समाजवाद की जीती जागती मिसाल थे। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को भी मजबूत करने के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया था। यह बात शुक्रवार को गांधी भवन में समाजवादी आन्दोलन के सतत सेनानी, जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं उ.प्र. विधान परिषद सदस्य रहे कैप्टन अब्बास अली के 105वीं जयन्ती पर आयोजित सभा की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक एवं गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कैप्टन अब्बास अली के साथ अपने संस्मरण को साझा करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई लड़ते हुए उन्हें मुलतान के किले में कैद कर फांसी की सजा सुनाई गई थी। बाद में आजादी को लेकर नेहरु और माउंटबेटन में समझौते के बाद उनकी मुलतान की जेल से रिहाई संभव हो सकी थी। कैप्टन अब्बास अली



बुलंदशहर से एमएलसी भी रहे। वे राममनोहर लोहिया के बेहद करीबी थे और उनके समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने में खास योगदान दिया। वे जीवन के 94वें बसंत तक सामाजिक तौर पर सक्रिय रहे और समाज के भले के लिए अपना योगदान देते रहे। श्री शर्मा ने कहा कि कैप्टन अब्बास अली के बेटे कुर्बान अली देश के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ पत्रकार है। इन दिनों वह समाजवादी आंदोलन का इतिहास (1934-1977) और इस आंदोलन के दस्तावेज़ों को संपादित करने का काम कर रहे है। उनकी अब्बास अली की वैचारिक नीतियों और समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका रही है। वैचारिक मूल्यों की लड़ाई लड़ने वाले योद्धा अब्बास अली को याद करना और उनके बताए रारस्ते पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर सुहैल अहमद किदवई, वासिक वारसी, मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, राकेश शर्मा, ज्ञान सिंह यादव, हुमायूं नईम खान, पाटेश्वरी प्रसाद, उमेश श्रीवास्तव, शिवा शर्मा, अशोक जायसवाल, राजू सिंह, साकेत मौर्य, रंजय शर्मा, मनीष सिंह, मोहम्मद वसीक आदि कई लोग मौजूद रहे।

# सावित्रीबाई फुले सम्पूर्ण देश की महानायिका : जेएल भास्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क, अम्बेडकर चौराहा(नाका सतरिख) में रमाई फाउंडेशन द्वारा माता सावित्री बाई फुले की जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डॉ अम्बेडकर पार्क -स्मारक अनुरक्षण समिति के अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पुष्पांजलि करते हुए कहा कि माता सावित्री बाई फुले का जीवन मुश्किलों से भरा हुआ था। वे स्कूल जाती थीं, तो विरोधी लोग उनपर पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फेंक देते थे। आज से 191 साल पहले बालिकाओं के लिये जब स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था तब सावित्री बाई फुले ने शिक्षा खासकर बालिकाओ के लिए स्कूल खोलकर शिक्षित करने का काम किया। कोषाध्यक्ष जेएल भास्कर ने कहा कि सावित्रीबाई पूरे देश की महानायिका हैं। हर बिरादरी और धर्म के लिये उन्होंने काम किया। जब सावित्रीबाई कन्याओं को पढ़ाने के लिए जाती थीं तो रास्ते में लोग उन पर गंदगी, कीचड़, गोबर, विष्ठा तक फेंका करते थे। सावित्रीबाई एक साड़ी अपने थैले में लेकर चलती थीं और स्कूल पहुँच कर गंदी कर दी गई साड़ी बदल लेती थीं। अपने पथ पर चलते रहने की प्रेरणा बहुत अच्छे से देती हैं।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने आई महिलाओं ने माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि के साथ ही उनके नाम का केक काटकर खुशियां मनाया और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर शिक्षित बनने और संगठित रहने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस मौके पर रमाई फाउंडेशन के संगठन का विस्तार भी किया गया। रमाई फाउंडेशन की संयोजिका शिक्षिका बालजती ने अपने सम्बोधन में कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था। सावित्रीबाई फुले का विवाह 1841 में महात्मा ज्योतिराव फुले से हुआ था। फाउंडेशन की उपाध्यक्ष संगीता ने पुष्पांजलि कर कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत के प्रथम शिक्षिका हैं, उन्होंने सबसे बालिका विद्यालय और पहले किसान स्कूल की स्थापना की। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक राम आसरे ने पुष्पांजलि कर कहा कि भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्वपूर्ण योगदान माता सावित्री बाई फुले का है उनको महिलाओं और दलित जातियों का शिक्षित करने के प्रयासों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। फाउंडेशन की उपाध्यक्ष संगीता ने कहा कि सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जिया है, जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवियत्री भी थीं उन्हें मराठी की आदिकवियत्री के रूप में भी जाना जाता था। भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल भारती ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले का बहुत बड़ा योगदान है।आज इन्हीं की बदौलत महिलाएं सम्मान से जीवन व्यतीत कर रही है। कार्यक्रम में रमाई फाउंडेशन का संगठन विस्तार कर उर्मिला, प्रेमावती, मीना कुमारी, माया, पूनम रत्नाकर, पुष्पा देवी, निधि गौतम को पदाधिकारी मनोनीत किया गया।

# आईआईटी ने चौथी बार आईपीआर दाखिल करने का बनाया नया कीर्तिमान

एजेंसी

कानपुर। आईआईटी कानपुर 2024 में 152 इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) दाखिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

एक साल में दाखिल किए गए सबसे अधिक आईपीआर के साथ संस्थान लगातार चौथे साल अपनी बढ़त को बनाने में कामयाब रहा।

अब तक कुल बारह सौ आईपीआर दाखिल करने के साथ उद्योग भागीदारों के लिए अपनी असाधारण लाइसेंसिंग दर को भी बनाए रखा है।

आईपीआर फाइलिंग में अत्याधुनिक तकनीक के कई क्षेत्र शामिल हैं जिसमें मेडटेक और नैनोटेक्नोलॉजी शामिल हैं। कुछ आविष्कारों में दवा वितरण के लिए एक ट्रांसडर्मल पैच, क्रिप्टोग्राफिक एक्सेलेरेशन के लिए क्रिप्टोसेलर और एक चॉप सॉ मेटल-कटिंग मशीन शामिल है। जिससे पेटेंट में एक हाइब्रिड-संचालित इलेक्ट्रिक टॉवर कार और दरार वृद्धि को मापने के लिए एक कॉन्टैक्टलेस ऑटोमेटेड टूल शामिल है। इसके अलावा संस्थान ने सात प्रौद्योगिकियों के लिए लाइसेंस ट्रांसफर किये है और दो ग्राउंड-ब्रेकिंग उत्पा एयर सैंपलिंग डिवाइस और मेटामटेरियल क्लोकिंग सिस्टम लॉन्च किए हैं। जो अनुसंधान को मूर्त समाधानों में बदलने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने शुक्रवार को बतायाा कि साल 2024 में 152 आईपीआर फाइलिंग हासिल करना और स्वीकृत पेटेंट में उल्लेखनीय वृद्धि देखना, अनुसंधान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने के लिए अग्रणी अनुवादात्मक अनुसंधान के लिए आईआईटी कानपुर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम अपने शोधकर्ताओं, सरकार अन्य हितधारकों और संस्थान के आईपीआर सेल के आभारी हैं, जिन्होंने शिक्षा जगत से उद्योग जगत में प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने में उनकी अमूल्य भूमिका निभाई है।

# कला साध्य भी है, आराध्य भी है : मोहन यादव

एजेंसी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कला हमारे समाज, हमारी संस्कृति की प्रतिबिंब है। इसे बढ़ावा देना हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कला एक साधना और कलाकार एक साधक है। कला साध्य भी है और आराध्य भी है। कला ही समाज को अलंकृत करती है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कलाकारों और सांस्कृतिक संस्थाओं को हर संभव समर्थन देने की बात कही और कला के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को एनसीईआरटी परिसर भोपाल के कला मंडपम में संस्कृति और कला के अनूठे संगम राष्ट्रीय कला उत्सव 2024-25 का शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर भव्य आयोजन की शुरुआत की। कार्यक्रम में पारंपरिक और आधुनिक कला सामंजस्य का सुंदर समावेश किया गया है। राष्ट्रीय कला उत्सव 2024-25 सोमवार, 6 जनवरी तक चलेगा, जिसमें देशभर से आए कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।



मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण 64 कलाओं और 14 विधाओं में निपुण थे। वे ललित कलाओं में पारंगत थे। वे रागी थे, अनुरागी थे, धर्म की स्थापना के लिए इस धरा पर आये परम योगी थे। यौगिक क्रियाओं के प्रवर्तक श्रीकृष्ण सच्चे अर्थों में योगिराज थे। उन्होंने कहा कि अनेकता से एकता भारत की विशेषता है। हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर नाज़ करना चाहिए। यह उत्सव, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 से प्रारंभ किया गया यह एक अनूठा कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को विकसित करना और भारतीय कला एवं शिल्प की धरोहर को संरक्षित तथा यथावत रखना है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा को विद्यार्थियों में प्रचारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के माध्यम से कला और संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय कला एवं संस्कृति का संवर्धन न केवल राष्ट्र, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए भी महत्वपूर्ण है। कला एवं संस्कृति विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और नैतिकता की भावना को विकसित करती है, जिससे वे मशीनी होने की अपेक्षा संवदेनशील मनुष्य बन पाते हैं। कला की कोई भी विधा हो, यह अधिगम का एक सशक्त माध्यम है। कला चाहे नृत्य हो, गायन हो, वादन हो, चित्रण हो, शिल्पकला या अन्य कोई भी विधा हो अथवा स्थानीय/पारम्परिक खेल-खिलौने हों, ये सभी विधाएं विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, वैचारिक, सामाजिक, भावनात्मक और व्यावहारिक विकास में वृद्धि करती हैं। कला उत्सव, हमारे विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान कर रहा है, जहाँ वे संपूर्ण भारत के सांस्कृतिक रूप को समग्रता में अनुभव कर सकते हैं। कला उत्सव में अलग-अलग राज्यों से जुड़े छात्र-छात्राओं का परस्पर संवाद उन्हें संपूर्ण भारत से जुड़ाव की अनुभूति कराता है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने देश के विभिन्न अंचलों से आये बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह कला उत्सव बाल कलाकारों को उनकी प्रतिभा की अभिव्यक्ति-प्रदर्शन का मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज हमारे बच्चे ज्ञान-विज्ञान, कला-कौशल, संस्कृति से जुड़कर अपनी मेधा से देश का नाम रोशन कर रहे हैं। बाल कलाकार अपनी कला को ओर अधिक निखारें। पूरा क्षितिज उनका है, भविष्य उन्हीं का है। केन्द्रीय शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव आनंदराव विष्णु पाटिल ने बताया कि विकसित भारत अभियान एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत की मूल मंशा के लिये इस कला उत्सव का यह 10वां संस्करण है। इसके जरिए बच्चे अपनी कला को और निखार रहे हैं। एनसीईआरटी नई दिल्ली के निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि हमारी नई शिक्षा नीति पूरी तरह भारतीयता से समावेशित है। यह ऐसी है कि विद्यार्थियों को कला विषय में विज्ञान का और विज्ञान व सामाजिक विज्ञान विषय में कला का बोध होता है। हमने अब तक जो किया वह विकसित भारत के निर्माण को समर्पित है। कला उत्सव में तीन दिन बाल कलाकारों का प्रदर्शन होता है। चौथे व अंतिम दिन जूरी द्वारा कलाकारों को पुरस्कृत कर कला उत्सव का समापन किया जाता है। स्वागत भाषण में कला उत्सव की राष्ट्रीय संयोजक प्रो. ज्योत्सना तिवारी ने बताया कि यह 10वां एवं भोपाल में आयोजित तीसरा राष्ट्रीय कला उत्सव है। आयोजन का मूल उद्देश्य है कि अपनी कला के जरिए बच्चे आगे बढ़े। देश भर के करीब 500 बाल कलाकार अपने शिक्षकों/अभिभावकों के साथ भोपाल आकर आयोजन को सफल बना रहे हैं।

# पंजाब और दिल्ली के किसानों से विश्वासघात कर रही आआपा : चुघ

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने आम आदमी पार्टी की पंजाब और दिल्ली की सरकारों को वहां के किसानों के हित में योजनाओं को लागू करने में पूरी तरह विफल बताया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और भगवंत मान किसानों के साथ विश्वासघात कर रहे है। चुघ ने कहा कि इस विफलता ने आप को एक किसान-विरोधी पार्टी के रूप में उजागर कर दिया है, जो किसानों को मोदी सरकार द्वारा उनके लिए अनुरूप लाभों से वंचित कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सरकार की नीतियां न केवल किसानों को नुकसान पहुंचा रही हैं बल्कि झूठे आख्यानों और खोखले वादों से देश को गुमराह भी कर रही हैं।

चुघ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जब कंग्रेस और आप एक-दूसरे पर दोषारोपण करने में व्यस्त हैं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने कृषि क्षेत्र के बजट में कई गुना वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान यह बजट केवल 20,000 करोड़ रुपये के आसपास था, जो अब मोदी सरकार में यह 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।

चुघ ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से सवाल किया कि भाजपा शासित हरियाणा में किसानों को 24 फसलों पर एमएसपी दिया जा रहा है, जबकि तथाकथित किसान हितैषी आप पार्टी ने पंजाब और दिल्ली के किसानों को ऐसे किसी भी लाभ से वंचित क्यों रखा है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को लिखे एक हालिया पत्र का हवाला देते हुए चुघ ने आआपा सरकार द्वारा बीज ग्राम योजना और एकीकृत पुष्प विकास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू न करने पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह किसानों के हितों को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने का प्रयास है।

# उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में अगले 2 दिनों तक घना कोहरा और शीत लहर जारी रहने की संभावना

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में सर्दी का सितम जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक शीत लहर जारी रहेगी। सुबह और शाम को घना कोहरा छाया रह सकता है। शुक्रवार को सुबह पालम एयरपोर्ट पर विजीबिलिटी शून्य पहुंच गई। हाइवे पर चलने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, ट्रेन और हवाई जहाज से सफर करने वालों को भी घंटों इंतजार करना पड़ा। रेलवे के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली आने और यहां से रवाना होने वाली कुल 41 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों विलम्बित हुईं।

इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिनों तक शीतलहर बरकरार रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिम भारत में अगले 4 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। इसके साथ उत्तर पश्चिम भारत में अगले 4 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

भारत में अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा और अगले 2-3 दिनों में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

पश्चिम भारत में अगले 5 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, गुजरात राज्य को छोड़कर जहां अगले 3 दिनों के दौरान कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा और उसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।

उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में 03 और 4 जनवरी को शीत दिवस की स्थिति बने रहने की संभावना है।

शुक्रवार को दिल्ली के आयानगर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है।

मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि ज्यादातर जगह स्मॉग एवं मध्यम से घना कोहरा रहेगा। घने कोहरे की वजह से विजबिलिटी कम हो गई है । इसके कारण राजधानी से आने-जाने वाली 41 ट्रेनों के परिचालन में देरी हुई। ट्रेनों के लेट होने के कारण यात्रियों को स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

देरी से रवाना होने वाली ट्रेनों में दिल्ली सराय रोहिला-जोधपुर एक्सप्रेस, सोगरिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस, भुवनेश्वर दुरंतो एक्सप्रेस शामिल हैं। देरी से दिल्ली पहुंचने वाली ट्रेनों में फरक्का एक्सप्रेस, श्रम शक्ति एक्सप्रेस, कालिंदी एक्सप्रेस, महाबोधि एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस शामिल हैं। इसके अलावा विमानन कंपनियों ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

# जहां मूर्ति, वहां नमाज़ नहीं, संवाद से निकले विवादित इबादतगाहों का हल : मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

एजेंसी

नई दिल्ली,। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने भारतीय समाज में सांप्रदायिक सौहार्द्र और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐतिहासिक पहल की है। मंच ने देश के मुसलमानों से अपील की है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा राष्ट्रहित में 142 करोड़ लोगों के लिए दिए बयान का सम्मान करते हुए, मुसलमानों को भी बड़ा दिल दिखाते हुए भारत को विकास के रास्ते पर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने बताया कि अदालतें सर्वोपरि हैं लेकिन विवादित धर्मस्थलों पर संवाद के माध्यम से हल निकाला जाना चाहिए। इससे देश की एकता, अखंडता, सौहार्द, भाईचारा और मेलमिलाप बना रहता है, आपसी रंजिशें नहीं रहती हैं। इसलिए मंच का आह्वान है कि जहां कहीं भी दो पक्षों के बीच अदालत में झगड़ा चल रहा है, वहां दोनों पक्ष आपसी संवाद कर ''आउट ऑफ कोर्ट सेटलमेंट'' करें तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिए बेहतर होगा।

मंच के राष्ट्रीय संयोजक मंडल ने ऐलान किया कि संवाद के जरिये हिंदुओं की ऐतिहासिक इबादतगाहों को पुनर्स्थापित करते हुए काशी, मथुरा और सम्भल जैसी जगहों पर बने विवादित ढांचों को हिंदू समुदाय को संवाद के माध्यम से सौंपने का समर्थन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, मंच ने कहा कि ऐसी मस्जिदें जहां किसी कारणवश नमाज नहीं हो रही हो या जो वीरान पड़ी हों, उन मस्जिदों को मुसलमानों को सौंपा जाए ताकि वे उन्हें पुनः स्थापित कर आबाद कर सकें।

मंच ने इस्लामिक सिद्धांतों के आधार पर यह स्पष्ट किया कि बुतपरस्ती (मूर्ति पूजा) की इजाजत इस्लाम में नहीं है। जिन मस्जिदों में टूटी हुई मूर्तियां पाई गई हैं या जिन स्थानों पर मंदिर होने के ऐतिहासिक, सामाजिक अथवा प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, वहां नमाज पढ़ना इस्लामिक उसूलों के खिलाफ है और यह नमाज के लिए नापाक जगह है। ऐसी जगह नमाज कबूल नहीं होती। मंच ने कुरान और हदीस का हवाला देते हुए कहा कि जबरन कब्जा की गई भूमि पर मस्जिद बनाना इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है।

चार जनवरी को लखनऊ में मंच का बड़ा कार्यक्रम है। उससे ठीक पहले शुक्रवार की सुबह लखनऊ की बैठक पर चर्चा और एजेंडा तय करने के लिए मंच की ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें 20 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों को मिलाकर 70 स्थानों से मंच की बैठक में लोग जुड़े। बैठक की अध्यक्षता मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की, जिसमें देश भर के कई छोटे-बड़े मुस्लिम संगठनों और उनके नेताओं ने शिरकत की। इस ऐतिहासिक बैठक में महिला बुद्धिजीवी ग्रुप, सूफी शाह मलंग संगठन, युवा शिक्षा एवं मदरसा संस्थान, विश्व शांति परिषद, भारत फर्स्ट, हिंदुस्तान फर्स्ट हिंदुस्तानी बेस्ट, गौ सेवा समिति, पर्यावरण एवं जनजीवन सुरक्षा संस्थान, जमीयत हिमायतुल इस्लाम, कश्मीरी तहफ्फुज आर्गेनाइजेशन और कश्मीर सेवा संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंच के सभी राष्ट्रीय संयोजक, प्रांत संयोजक और सह संयोजकों ने इस बैठक में भाग लिया और मंच के प्रस्तावों का समर्थन किया। सभी वक्ताओं ने इस्लामिक शिक्षाओं और भाईचारे के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए विवादित इबादतगाहों को हिंदू समुदाय को सौंपने का प्रस्ताव रखा।

बैठक में मंच के प्रमुख पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में डॉ. शाहिद अख्तर, पद्मश्री अनवर खान, गिरीश जुयाल, विराग पाचपोर, सैयद रजा हुसैन रिजवी, डॉ. शालिनी अली, अबु बकर नकवी, एस. के. मुद्दीन, शाहिद सईद, हबीब चौधरी, इरफान अली पीरजादा, शिराज कुरैशी, मौलाना इरफान कच्छोची, इलियास अहमद, अली जफर और तसनीम पटेल समेत 200 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया।

# पेज एक का शेष

## 'आप-दा' ...

दिल्ली के लोगों ने इस आपदा के खिलाफ जंग छेड़ दी है। दिल्ली एक सुर में कह रही है, 'आपदा को नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे'। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली के मतदाताओं ने दिल्ली को इस आपदा से मुक्त करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों ने आप-दा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। दिल्ली का वोटर, दिल्ली को आप-दा से मुक्त करने की ठान चुका है। वो कह रहा है- आप-दा को नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बन चुका है। 2025 में भारत की ये भूमिका और भी मजबूत होगी। ये साल दुनिया में भारत की स्थिति को और मजबूत करने का साल होगा। ये साल भारत को दुनिया के सबसे बड़े मैन्यूफैक्चरिंग सेंटर में से एक बनाने का साल होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अशोक विहार आने से उनकी पुरानी यादें ताजा हो गईं। इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार और आपातकाल के खिलाफ संघर्ष के दौरान जब देश उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा था, तब मैं और मेरे कई साथी भूमिगत आंदोलन का हिस्सा थे। उस दौरान अशोक विहार मेरा निवास स्थान था।

उन्होंने कहा कि आज पूरा देश एकजुट होकर विकसित भारत के निर्माण के लिए काम कर रहा है। हमारा संकल्प है कि हर नागरिक के पास पक्का मकान हो और हम इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने में दिल्ली की अहम भूमिका है, यही वजह है कि भाजपा की केंद्र सरकार ने झुग्गियों की जगह पक्के मकान बनाने की पहल शुरू की है।

यमुना की सफाई को लेकर भी प्रधानमंत्री ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई नहीं होने के कारण दिल्लीवालों को गंदा पानी मिल रहा है। जनता को टैंकर माफिया के हवाले कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली 'आयुष्मान भारत' योजना का लाभ देना चाहते हैं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।

## प्रधानमंत्री....

कर पात्र लाभार्थियों को स्वाभिमान अपार्टमेंट की चाबियां भी सौंपी।

प्रधानमंत्री ने दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। यह परियोजनाएं नौरोजी नगर और सरोजिनी नगर में पूर्ण की गई हैं। नौरोजी नगर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ने 600 से अधिक जीर्ण-शीर्ण क्वार्टरों को अत्याधुनिक वाणिज्यिक टावरों से बदलकर इस क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है। इससे उन्नत सुविधाओं के साथ लगभग 34 लाख वर्ग फीट प्रीमियम वाणिज्यिक स्थल उपलब्ध हुआ है। सरोजिनी नगर में जीपीआरए टाइप-ऋ क्वार्टर में 28 टावर शामिल हैं। इनमें 2,500 से अधिक आवासीय इकाइयां हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने द्वारका में सीबीएसई के एकीकृत कार्यालय परिसर का भी उद्घाटन किया। इस पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें कार्यालय, ऑडिटोरियम, उन्नत डेटा सेंटर, व्यापक जल प्रबंधन प्रणाली आदि शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय में 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली तीन नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसमें पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार के पूर्वी परिसर में एक अकादमिक ब्लॉक और द्वारका के पश्चिमी परिसर में एक अकादमिक ब्लॉक शामिल है। इसमें नजफगढ़ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज का भवन भी शामिल है।

## दिल्ली ...

में प्रधानमंत्री ने दिल्ली के लोगों से कई वादे किए थे। उन्होंने भाजपा का संकल्प पत्र दिखाते हुए कहा कि उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह गए थे कि 2022 तक दिल्ली में सभी को पक्के मकान बनाकर दे दिए जाएंगे। इस दौरान आज 1700 मकान की चाबियां दीं और इससे पहले कालका जी में 3000 मकानों की चाबियां दी हैं। पांच साल में यहीं मकान बनाए हैं। दिल्ली में 4 लाख झुग्गियां है, 15 लाख लोगों को मकान चाहिए लेकिन कुल 4700 मकान दिए गए हैं। केजरीवाल ने चुटकी लेते हुए कहा कि 2030 तक इस गति से फिर 1700 मकान ही बना पाएंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कालकाजी में जो मकान मिले हैं, वहां नारकीय हालत है। न पेयजल है न सीवर। आज प्रधानमंत्री ने तीन कालेजों की नींव रखी है। इस दौरान दिल्ली सरकार 22 हजार क्लासरूम बना दिए, तीन नए विवि, 11 नए वोकेशनल कालेज, 6 विवि कैम्पस बना दिए। हमारी काम करने वाली सरकार है, शिलान्यास करने वाली नहीं। पांच नए अस्पताल बनाए। मोहल्ला क्लीनिक बनाए। केंद्र सरकार के पास अकूत धन और पॉवर है। केंद्र सरकार दिल्ली सरकार से बड़ी लाइन खींच देती। केजरीवाल ने कहा कि 2019 में प्रधानमंत्री मोदी और हरदीप पुरी ने दिल्ली की कच्ची कालोनियों के 40 लाख लोगों को मालिकाना हक देने की बात कही थी, लेकिन अब तक 25 हजार लोगों की भी रजिस्ट्री नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री कह रहे थे कि दिल्ली में आपदा आई हुई है लेकिन मैं कहता हूं आपदा भाजपा में आई है। भाजपा के पास न सीएम फ़ेस है, न नैरेटिव है, न एजेंडा है। दिल्ली में सिर्फ एक आपदा है, खुलेआम गैंगस्टर गोलियां चला रहे हैं। व्यापारी सुरक्षा मांग रहे हैं। महिलाएं अपराधों से डरी सहमी हैं लेकिन गृहमंत्री नहीं देख पा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के सवाल पर उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों का फायदा किस योजना से लागू होगा, हम सिर्फ उसका अनुसरण करते हैं।

## राजस्थान...

दिया कि हादसे की जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने ट्रेलर चालक की तलाश शुरू कर दी है और जांच-पड़ताल कर रही है।

## अजय कुमार...

हिंसा से प्रभावित है। आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) भल्ला को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया था।

## डॉ. मनमोहन...

राजधानी के निगम बोध घाट पर उनके परिवारीजनों, रिश्तेदारों, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके काबीना मंत्रियों तथा सरकारी गण्यमान्य लोगों की मौजूदगी में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और कंग्रेस के तमाम बड़े नेता भी शामिल हुए। डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक देश के 13वें प्रधानमंत्री और 1991 से 1996 तक देश के वित्त मंत्री रहे थे।

## यूपी...

गर्ग स्टेट नोडल ऑफ़िसर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के प्रभाग से अवमुक्त किया गया। प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन प्रति भूमि विकास कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा उत्तर प्रदेश शासन अध्यक्ष पैक स्टेट नोडल अफ़सर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम बने रहेंगे।

## पुलिस मुठभेड़...

गया। इनके पास से तमंचे, कारतूस व गोकशी के हथियार बरामद हुए। एसपी देहात के अनुसार पकड़े गए अकरम और राहत पर विभिन्न थानों में गोकशी के 11 केस दर्ज हैं।

## जनता...

योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए।

गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुक्रवार सुबह दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। शुक्रवार सुबह भी वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश को उनके नामों से पुकारा। उनकी आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके माथे पर हाथ फ़ेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और ठंड के मौसम में विशेष देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

## प्राकृतिक...

माना है। प्रदूषित जल के कारण गोरखपुर के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में 1977 से लेकर 2017 तक 50 हजार मासूम बच्चे इंसेफ़ेलाइटिस एवं वेक्टरजनित बीमारियों के कारण काल के गाल में समा गए। विषाणुजनित बीमारियों से होने वाली मौतों का कारण प्रदूषित जल और गंदगी था। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन पूरे देश में लागू हुआ। हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन प्रारम्भ हुआ। हर घर नल योजना के माध्यम से घर-घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज नामामि गंगे परियोजना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से नदी संस्कृति को बचाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। आज उसका परिणाम है कि दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक व आध्यात्मिक समागम उत्तर प्रदेश की धरती प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी पर महाकुम्भ के रूप में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में भी हमारी सभ्यता एवं संस्कृति नदी के तट पर बसी है। गोरखपुर राप्ती नदी व रोहिन नदी के तट पर बसा है। जो नदी हमारी सभ्यता व संस्कृति की जननी है, उसे शुद्ध करने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राप्ती नदी में प्रदूषित पानी गिरने के कारण पहले नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नगर निगम पर लगातार जुर्माना कर रहा था। नगर निगम ने 110 करोड रुपये की लागत से एसटीपी बनने की तैयारी की थी। तब हमने कहा कि जल शोधन के लिए प्राकृतिक तरीका अपनाया जाए। आज उसका सुखद परिणाम सबके सामने है। पहले यहां पानी का बीओडी (बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड) लेवल 350 तक पहुंच गया था और खतरनाक जहर से भी बदतर होकर वह खेतों में सिंचाई के लायक भी नहीं था। प्राकृतिक विधि से जल शोधन के बाद अब बीओडी लेवल शुद्ध स्थिति में आ गया है। इस परियोजना में अंतिम छोर पर गिरने वाले पानी का बीओडी लेवल 22 आया है।

सीएम योगी ने कहा कि प्राकृतिक विधि से जल शोधन की इस परियोजना में सिर्फ एक बार 2 करोड़ 70 लाख रुपये लगे हैं। और, अब इससे करोड़ों रुपए की बिजली और मेंटिनेंस खर्च की बचत होगी। उन्होंने कहा कि इस विधि को और भी अच्छे ढंग से आगे बढ़ा सकते हैं। यह सतत विकास का एक मॉडल है। इसको हम हर नाले के साथ जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी ड्रेनेज और सीवर से जुड़े हुए जितने भी नाले हैं, उन सबको इसी रूप में आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे तो एक प्राकृतिक मॉडल के माध्यम से कम खर्चे में बेहतर परिणाम देकर जीवन की सबसे बुनियादी आवश्यकता जल की शुद्धता को बनाये रखने में हम सफल हो पायेंगे।

समारोह को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक भोला अग्रहरि, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नगर निगम की प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन परियोजना का शुभारंभ करने से पूर्व इसका जायजा भी लिया। उन्होंने प्रोजेक्ट की डिजाइन का अवलोकन करने के साथ मौके पर जाकर शोधित जल की स्थिति भी देखी। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने उन्हें बताया कि महानगर से निकलने वाला दूषित जल मुख्य 15 नालों के माध्यम से राप्ती और रोहिन नदी में गिरता है। नदी के जल को दूषित होने से बचाने के लिए इलाहीबाग रेगुलेटर से तकिया घाट होते हुए राप्ती नदी में गिरने वाले नाले पर नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन का कार्य कराया जा रहा है। इस विधि के तहत मुख्य नाले एवं उसमें गिरने वाले चार ब्रांच नालों और दो अन्य ब्रांच नालों पर प्री फिल्टर लगाया गया है। साथ ही प्रति 30 से 40 मीटर पर प्राकृतिक स्टोन से गैबियन वाल बनाई गई है। नाले में एक्वेटिक प्लांट भी लगाए गए हैं। इन प्रक्रियाओं से होकर गुजरने वाला जल शोधित होकर नदी में गिरता है। इस परियोजना की क्षमता प्रतिदिन 15 मेगा लीटर जल शोधन की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अन्य नालों को भी इंटरसेप्ट कर प्राकृतिक विधि से जल शोधन का सुझाव दिया।

तकियाघाट पर जल शोधन परियोजना का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कक्षा तीन में पढ़ने वाली आशिया नाम की एक बच्ची से पूछा कि पढ़ाई कैसी चल रही है। मुख्यमंत्री में आशिया और अन्य बच्चों को आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट भी गिफ्ट किया।

## नक्सल...

जारी है। फोर्स का कहना है कि नक्सल ऑपरेशन से क्षेत्र में नक्सली मामलो को काबू करने में मदद मिलेगी।

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने के लिए रेल रोको-चक्का जाम, आमरण अनशन, सीएम आवास का घेराव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को रद्द करने, मृत छात्र को पांच करोड़ का मुआवजा और पुलिस लाठीचार्ज के दोषियों को सजा देने की मांग को लेकर सांसद पप्पू यादव के बिहार बंद के आह्वान पर आज उनके समर्थकों ने ट्रेन और बसों को रोककर प्रदर्शन किया वहीं विपक्षी दलों के छात्र संगठन मुख्यमंत्री (सीएम) आवास को घेरने निकले तथा जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। सांसद श्री यादव के समर्थक शुक्रवार सुबह पटना के सचिवालय हॉल्ट पहुंचे और पैसेंजर ट्रेन और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को रोका। बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग के समर्थन में रेलवे ट्रैक पर लेट गए। हालांकि पहले से तैनात और मुस्तैद पटना पुलिस ने श्री यादव के समर्थकों को ट्रैक से हटाया और रेल सेवा को बहाल किया। श्री यादव भी सचिवालय हॉल्ट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सचिवालय हॉल्ट से आयकर गोलंबर तक पैदल मार्च किया। प्राप्त सूचना के अनुसार, श्री यादव के समर्थकों ने मधेपुरा स्टेशन पर भी एक पैसेंजर ट्रेन को रोक दिया। इसके साथ ही उन्होंने बिहार के 12 जिलों पटना, रोहतास, भोजपुर, सुपौल, किशनगंज , मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, लखीसराय, औरंगाबाद, भागलपुर और अररिया में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्ग को जाम किया है। श्री यादव ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि वह बीपीएससी छात्रों के लिए लाठी-गोली खाने की तैयार हैं। सदन से सड़क तक बीपीएससी छात्रों की लड़ाई लड़ेंगे। वह बीपीएससी की दुबारा परीक्षा कराने को लेकर में उच्चतम न्यायालय तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल से बात हुई है। पेपर लीक आज के समय का सबसे बड़ा मुद्दा हैं। सांसद श्री यादव ने कहा, ल्हमारा संकल्प बिहार से पेपर लीक को ख़त्म करना है। बच्चों के भविष्य के लिए हम लड़ाई लड़ेंगे। अगर प्रशासन जबरन परीक्षा करा भी ले तब भी मैं इसे लेकर उच्चतम न्यायालय जाउंगा। किसान आंदोलन और मंडल आयोग की





तरह ही यह लड़ाई लंबी होगी। छात्रों को न्याय दिलाने के लिए शांतिपूर्ण चक्का जाम रहेगा। उनका उद्देश्य शांतिपूर्वक तरीके से सरकार तक अपनी बात पहुंचाना है। जबतक बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द नहीं करता तब तक मेरा आंदोलन जारी रहेगा।ङ्क इस बीच इंडिया गठबंधन के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए), अखिल भारतीय छात्र संघ (एआईएसएफ) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग के समर्थन में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस ने उन्हें डाकबंगला चौराहा पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। हालांकि इस घेराव में शामिल छात्रों ने पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और आगे निकल गए। वहीं, जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर बीपीएससी छात्रों के साथ बिहार की ध्वस्त शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ पांच मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। श्री किशोर की सरकार से की गई मांगों में 70वीं बीपीएससी परीक्षा में हुई अनियमितता और भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच और पुनर्परीक्षा, वर्ष 2015 में सात निश्चय के तहत किए वादे के अनुसार 18 से 35 साल के बेरोजगार युवा को बेरोजगारी भत्ता, पिछले 10 वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई अनियमितता और पेपर लीक की जांच एवं दोषियों पर की गई कार्रवाई पर श्वेत पत्र जारी करना, लोकतंत्र की जननी बिहार को लाठीतंत्र बनाने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और बिहार की सरकारी नौकरियों में बिहार के युवाओं की कम से कम दो तिहाई हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए डोमिसाइल नीति लागू किया जाना शामिल है। हालांकि पटना जिला प्रशासन ने श्री किशोर के गांधी मैदान में धरना देने को गैर कानूनी करार देते हुए गुरुवार को कहा था कि श्री किशोर अपने लगभग 150 कार्यकर्ताओं के साथ गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति के निकट पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। ज़िला प्रशासन ने पटना उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार धरना-प्रदर्शन के लिए गर्दनीबाग में स्थल चिन्हित किया है। पिछले लगभग सात वर्षों से सभी राजनीतिक दल अपनी मांगों को लेकर उसी चिन्हित स्थल पर धरना-प्रदर्शन आयोजित करते हैं। यदि श्री किशोर नहीं माने तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बीपीएससी 70वीं पीटी की परीक्षा 13 दिसंबर 2024 को हुई थी। अभ्यर्थियों ने कहा था कि पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर हुई परीक्षा का पेपर उस दिन ही लीक हो गया था। आयोग ने भी गड़बड़ी मानी थी और बापू परीक्षा केंद्र पर दुबारा परीक्षा करवाने की बात कही थी। उसी दिन विरोध प्रदर्शन कर रहे एक अभ्यर्थी को पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने थप्पड़ मार दिया था।

## किशनगंज में नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस के ब्रेक व्हील से अचानक धुआं निकलने पर मचा हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

किशनगंज। किशनगंज में डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस (12424) के उ-6 बोगी में आग लगने की घटना सामने आई। यह घटना तब हुई जब ट्रेन किशनगंज रेलवे स्टेशन पर रुकी हुई थी। ब्रेक में तकनीकी खराबी के कारण धुआं निकलने लगा। विशेषज्ञों की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। ट्रेन लगभग 45 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी कि समस्या को शीघ्र ही हल कर लिया जाएगा। डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस के उ-6 बोगी में आग लगने की सूचना से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय ट्रेन स्टेशन पर रुकी थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में ब्रेक में खराबी की पुष्टि हुई है, जिसके कारण धुआं निकल रहा था। रेलवे के विशेषज्ञों ने तुरंत स्थिति का आकलन किया और मरम्मत कार्य आरंभ कर दिया।



रेलवे अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि समस्या जल्द ही सुलझ जाएगी और ट्रेन अपनी यात्रा फिर से प्रारंभ कर देगी। कुछ ही समय में इसे ठीक कर लिया गया। गौर करे कि किशनगंज नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस के ब्रेक व्हील से अचानक धुआं निकलने पर हड़कंप मच गया। किशनगंज रेलवे स्टेशन पर गाड़ी को रोका गया है। उ-6 बोगी में तकनीकी खराबी के कारण धुआं उठा था।

## पौराणिक महत्व वाले स्थान सीताकुंड धाम का होगा सर्वांगीण विकास: डीएम

**■ पर्यटन विभाग 13.10 करोड़ की दी प्रशासनिक स्वीकृति**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूर्वी चंपारण। जिला के चकिया अनुमंडल स्थित पीपरा के बेदीबन मधुबन स्थित सीताकुंड धाम का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।इसकी जानकारी देते पूर्वी चंपारण के डीएम सौरभ जोरवाल ने आज बताया कि जिले में ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व वाले सीताकुंड के विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पर्यटन विभाग, बिहार सरकार के द्वारा इस स्थल के विकास हेतु 13.10 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। सीताकुंड का विकास कार्य बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के द्वारा कराया जाएगा। इसके लिए 18 माह का समय निर्धारित की गई है।इस स्थल के विकास के क्रम में यहां कैफ़ेटेरिया, प्रवेश द्वार, चहारदीवारी,



शौचालय ब्लॉक, दुकानों का निर्माण एवं साइट के विकास संबंधित अन्य कार्य किये जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम किस्त के रूप में 6.55 करोड़ की राशि पर्यटन विभाग द्वारा विमुक्त कर दी गई है।उल्लेखनीय है,कि पूर्वी चंपारण स्थित सीताकुंड धाम का वर्णन प्राचीन धर्मग्रंथों में भी किया गया है। विद्धानो के अनुसार त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं माता सीता की शादी के बाद जब बारात जनकपुर से वापस अयोध्या लौट रही थी,तो मार्ग में इसी स्थल पर चौठारी की रश्म हुई थी। वही प्रभु श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण जी द्धारा यहां एक तालाब का निर्माण कराया गया था। उसी पवित्र तालाब में माता सीता ने स्नान कर शिवलिंग की स्थापना कर पूजा-अर्चना की थी। माता सीता द्वारा स्थापित प्राचीन शिवलिंग को आज भी गिरजानाथ महादेव के नाम से जाना जाता है।कालांतर में यहां मौजूद तालाब और मंदिर विघमान तो है,लेकिन रखरखाव उचित देखभाल नही होने से अपनी आभा खो रही थी,फिलहाल बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के द्धारा इसे विकसित करने की पहल से इस प्राचीन स्थल का सुंदरता एक बार फिर लौटेगी।

## लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू करवाने वाले डीएसपी गुरशेर सिंह बर्खास्त

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर लॉरेंस बिश्नोई का जेल में इंटरव्यू करवाने के मामले में डीएसपी गुरशेर सिंह को नौकरी से बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया। राज्य सरकार के गृह मंत्रालय ने गुरुवार की रात यह आदेश जारी किया। दरअसल, पंजाब में लोक गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद पंजाब पुलिस लॉरेंस बिश्नोई को रिमांड पर लेकर आई थी। रिमांड की अवधि के दौरान खरड़ में एक टीवी चैनल ने लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू किया गया था। यह इंटरव्यू करवाने का आरोप डीएसपी गुरशेर सिंह पर लगा था। लंबी जांच व हाई कोर्ट के आदेशों के बाद पंजाब सरकार ने करीब दो माह पहले लोक सेवा आयोग को गुरशेर सिंह की बर्खास्गी के लिए सिफारिश की थी। बाद में लोक सेवा आयोग की स्वीकृति मिलने के बाद गृह विभाग पंजाब ने गुरुवार की रात गुरशेर सिंह को नौकरी से बर्खास्त करने का आदेश जारी दिया।

## बठिंडा में तेल टैंकर व बस में टक्कर, 25 यात्री घायल

चंडीगढ़। पंजाब के बठिंडा में एक बस व तेल टैंकर में टक्कर से 25 लोग घायल हो गए। शुक्रवार की सुबह हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को बठिंडा एम्स में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार एक निजी कंपनी की बस रामा मंडी से बठिंडा आ रही थी। सुबह बस जब बठिंडा-डबवाली रोड स्थित गुरुसर शेनेवाला के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से आए तेल टैंकर के यू-टर्न लेते समय घने कोहरे के कारण बस टकरा गई। बताया जा रहा है कि इस हाईवे पर काम चल रहा था, इसलिए एक तरफ का रोड बंद रखा गया था। एक ही तरफ के रोड पर दोनों तरफ के वाहन चल रहे थे। डीएसपी हिना गुप्ता ने बताया कि हादसे में बस में सवार 25 व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। हादसे में क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड करके ट्रैफिक सुचारू कराया गया।

## अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव ऐरठा को मोटर मार्ग से जोड़ने की उठाई मांग

**■ गांव तक पहुंचने के लिए पांच किमी चलना पड़ता है पैदल**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोपेश्वर। चमोली जिले के देवाल विकास खंड के अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव ऐरठा वर्तमान समय तक मोटर मार्ग से नहीं जुड़ पाया है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजकर ऐरठा गांव को सड़क से जोड़ने की मांग की है। ग्रामीण मुख्य मांग से गांव तक पहुंचने के लिए पांच किलोमीट का सफर पैदल ही तय करना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीणों को भारी



परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐरठा गांव के सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र कुमार, पूर्व प्रधान मदन राम, चंद्री राम, विमला देवा टम्टा, रघुवीर राम ने कहा है कि पदमला-कजेरु-ऐरठा आठ किलोमीटर मोटर मार्ग की स्वीकृति 15 दिसम्बर 2021 को मिली थी। जिसका सर्वेक्षण और डिजिटल मैप का कार्य पूर्ण होकर जैब पिलर डाल दिए गये है। ग्रामीणों का कहना है कि लोनिवि थराली का कहना है कि ग्राम ऐराठा मोटर मार्ग के निर्माण में पदमला कतिपय लोगों की ओर से आपत्ति जताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोग अनुसूचित जाति गांव को सड़क मार्ग से न जोड़े जाने की साज़िश रच रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से भी मामले में हस्तक्षेप कर निस्तारण की मांग की है ताकि सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो सके। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में जाने के लिए पैदल रास्ता तक नसीब नहीं है एक ओर सरकार अनुसूचित जाति के गांव की विकास की बात कर रही वहीं अभी तक ऐरठा गांव में मूलभूत सुविधाएं तक सरकार उपलब्ध नहीं करा पा रहीं हैं। ग्रामीणों में सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई जा रही है। ग्रामीणों ने सरकार से यथाशीघ्र सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवाने की मांग की है।

## दिल्ली-एनसीआर में छाया घना कोहरा रेल और हवाई सफर में खलल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। हाइवे पर चलने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, ट्रेन और हवाई जहाज से सफर करने वालों को भी घंटों इंतजार करना पड़ा। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शीतलहर को लेकर आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के आयानगर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि आज दोपहर से पहले तक ज्यादातर जगह स्मॉग एवं मध्यम से घना कोहरा रहने की संभावना है। कहीं-कहीं बहुत घना कोहरा भी हो सकता है। रात को भी यही स्थिति रहेगी। दिन में आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। घने कोहरे की वजह से विजबिलिटी कम हो गई है । इसके कारण राजधानी से आने-जाने वाली 24 ट्रेनों के परिचालन में देरी हुई। ट्रेनों के लेट होने के कारण यात्रियों को स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। रेलवे के मुताबिक यह देरी न्यूनतम 84 और अधिकतम 255 मिनट तक रही है। देरी से रवाना होने वाली ट्रेनों में दिल्ली सराय रोहिला-जोधपुर एक्सप्रेस, सोगरिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस, भुवनेश्वर दुरंतो एक्सप्रेस शामिल है। देरी से दिल्ली पहुंचने वाली ट्रेनों में फरक्का एक्सप्रेस, श्रम शक्ति एक्सप्रेस, कालिंदी एक्सप्रेस, महाबोधि एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस शामिल है।

## शराब की दो हजार से अधिक खाली बोतलों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, बस जब्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


नवादा। नवादा पुलिस ने बिहार- झारखंड की सीमा पर अवस्थित रजौली चेक पोस्ट के निकट शुक्रवार को एक बस से हजारों की संख्या में शराब की बोतले तथा बारर कोड के रैपर बरामद किए जाने के साथही तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शराबबंदी के बाद शराब की खाली बोतलें, बोतलों पर रहने वाले कम्पनी के स्टीकर, ढक्कन व क्यूआर कोड समेत अन्य चीजों का आयात दूसरे राज्यों से किया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शराबबंदी वाले बिहार में विदेशी शराब का निर्माण चोरी-छिपे बड़े तादाद में किया जा रहा है। उत्पाद पुलिस ने नए वर्ष में कोलकत्ता से पटना जा रही एक बस से भारी मात्रा में शराब की खाली बोतलें, रैपर, ढक्कन तथा क्यूआर कोड समेत अन्य चीजों को बरामद करते हुए बस को जब्त कर दो चालक एवं एक खलासी को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि रजौली चेक पोस्ट के उत्पाद टीम ने नव वर्ष के पहले दिन दयान एंड कंपनी की एक बस जो कोलकोत्ता से पटना चलती है, उसे जांच के क्रम में बस के छत पर लदा हुए कई बोरों में विदेशी शराब पैक की जाने वाली सीग्राम




कंपनी का खाली बोतल, बोतल का ढक्कन, बोतल पर चिपकाए जाने वाला रॉयल स्टैग एवं ब्लेंडर्स प्राइड व्हीस्की का लेवल और ढक्कन पर लगाए जाने वाला क्यूआर कोड का स्टीकर हजारों की संख्या में बरामद किया है। इस दौरान बस के दो चालक एवं एक खलासी को गिरफ्तार किया है। वाहन जांच में बरामद की गई सामग्री में विदेशी शराब ब्रांड का बोतल शीशा वाला 1559 पीस, प्लास्टिक का खाली बोतल 2974 पीस, बोतल का ढक्कन 3008, ब्रांडेड कंपनी का लेबल 3044 पीस एवं क्यूआर कोड का स्टीकर 2982 पीस है बरामद किया गया है। बरामद बोतल में अधिकांश रॉयल स्टैग व्हिस्की और ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की की बोतल है। वहीं गिरफ्तार बस चालकों में नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सोनसहारी गांव निवासी हैदर अली के पुत्र मो फिरोज आलम तथा अकबरपुर थाना क्षेत्र के पिथौरी गांव निवासी मो मतीन खान के पुत्र मो मोहसिन खान के अलावा खलासी वारसलीगंज थाना क्षेत्र के कुटरी गांव निवासी स्व किशोरी सिंह के पुत्र अरविंद सिंह शामिल है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बरामद सामग्री विदेशी शराब के अवैध पैकिंग के लिए परिवहन किया जा रहा था। पूछताछ में चालक ने बताया कि यह सारा सामान पटना जिला जा रहा था। उसने यह भी बताया कि कोलकोत्ता के बाबू घाट बस स्टैंड में बुकिंग एजेंट के द्वारा यह सारा सामान बुक कराया गया था, जिसे पटना के पहाड़ी पर स्थित इस कंपनी का बस स्टैंड स्टार हॉस्पिटल के समीप के बुकिंग एजेंट सज्जन कुमार के माध्यम से डिलीवरी होनी थी। इस शराब निर्माण से संबंधित सभी सामग्रियों के तस्करी में शामिल सभी लोगों को आरोपित कर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30 सी, 30 डी, 41, 47, 48 एवं 52 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतेर कार्रवाई की जा रही है। जांच अभियान का नेतृत्व उत्पाद एएसआई सौरव कुमार कर रहे थे।

## रोडवेज कर्मचारी संगठनों ने पंजाब में तीन दिन बस सेवा बंद करने का किया ऐलान

चंडीगढ़। पंजाब में रोडवेज कर्मचारियों ने तीन दिन के लिए चक्का जाम करने का ऐलान किया है। कर्मचारियों के इस निर्णय से राज्य में छह जनवरी सोमवार से तीन दिन बसें नहीं चलेंगी। पीआरटीसी व पनबस कर्मचारी यूनियन ने छह जनवरी से आठ जनवरी तक बसें ना चलाकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का ऐलान किया है। कर्मचारियों की हड़ताल से सरकारी बसों में सफर करने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही पनबस और पीआरटीसी ठेका कर्मचारी यूनियन ने पिछले महीने 2024 में पंजाब भर के मंत्रियों को ज्ञापन सौंपकर ठेका कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को प्रमुखता से उठाया था। कर्मचारी नेता बिक्रमजीत सिंह, सतपाल सिंह सत्ता, जसबीर सिंह, वरिष्ठ नेता चानन सिंह चन्ना आदि ने कहा कि यूनियन पदाधिकारी पहले ही कैबिनेट मंत्री महेंद्र भगत को अपनी मांगों से अवगत करा चुके हैं लेकिन इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063